CMYK

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

SUNDAY

बिलासपुर, रविवार, 27 जुलाई 2025

वर्ष - 35 | अंक - 88 | पृष्ठ - 12

मूल्य - 4.00 रु.

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

संपर्क करें :- bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

बिहार में मतदाता सूची से मतदाता का नाम हटाने से घुटेगा लोकतंत्र का दम : मनोज झा पृष्ठ 3

मड़ई — स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल पृष्ठ 4

इंग्लैंड ने बनाया बड़ा स्कोर, भारत मुश्किल में — बुमराह जल्द ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं : मोहम्मद कैफ पृष्ठ 10

देश विदेश
- फिलीपींस में चक्रवाती तूफान से 30 लोगों की मौत, सात लापता
- ईरान में आतंकी हमला, 8 लोगों की मौत, 13 घायल
- बांग्लादेश में नहीं दिख रहा सुशासन व नियंत्रण

पृष्ठ 9

# अनवरत बारिश से नदी-नाले उफान पर, सड़के तालाब में तब्दील

## जलभराव से परेशान लोगों ने नेशनल हाइवे में किया चक्का जाम





**रायपुर/महासमुंद**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश में मानसूनी सक्रियता के चलते झमाझम बारिश से जनजीवन में असर पड़ रहा है। महानदी, शिवनाथ सहित कई नदियों में पानी लबालब हो चुका है जिसके चलते संबंधित नाले भी उफान पर है और आवाजाही प्रभावित हो रही है। शहर की निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों के घरों में पानी घुस गया है। लोग उसके चलते काफी परेशान है।

**पीढी-गढसिवनी नाला में बहे दंपति को बचाया**– पिछले 24 घंटो से हो अनवरत बारिश से महासमुंद जिले की निचली बस्तियों में पानी भर गया । वहीं छोटे व मध्यम नाले उफान पर जिससे एक दूसरे को जोडने वाली मार्ग बंद हो गया है। बारिश के चलते लोगों के जन जीवन पर भी प्रभाव डाल रहा है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार सुबह से शनिवार सुबह तक जिले में कुल 305.7 मिमी वर्षा हुई जिसका औसत 50.9 मिमी रहा । एक जून से लेकर आज तक कुल 2941.5 मिमी वर्षा हुई जिसका औसत 490.2 मिमी है । अभी तक जिले में वर्षभर की औसत बारिश का 46.3 प्रतिशत बारिश हो चुकी है। बता दें कि दक्षिण. पश्चिम कम दबाव के चलते बने चक्रवात के कारण एक बड़ सिस्टम बन रहा है जिसकी वजह से जिले में शुक्रवार से शुरू हुई मध्यम बारिश शनिवार सुबह तक जारी रही। जिले के पिथौरा तहसील में सबसे अधिक 94.9 मिमी बारिश दर्ज शेष पृष्ठ 2 पर

### शिवनाथ में छोड़ा गया जलाशयों से 25 हजार क्यूसेक पानी

**दुर्ग।** दो दिनों की वर्षा के बाद आज महमरा सहित विभिन्न जलाशयों से लगभग 25 हजार क्यूसेक पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा गया है। इससे महमरा एनिकेट में 5 फिट ऊपर पानी चल रहा है। यह जलस्तर 11 हजार क्यूसेक, घुमरिया से 15 सौ, सूखानाला से 93 सौ खातूटोला जलाशय से 450 क्यूसेक पानी छोड़ा गया।

### नाले में बही कार, 43 घंटे बाद मिली 3 साल के बच्चे की लाश



बिलासपुर में सीपत थाना क्षेत्र के तुंगन नाला में बहे 3 साल के तेजस की बॉडी शनिवार की दोपहर बरामद कर ली गई। एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ग्रामीणों के मदद लेकर घटना के तत्काल बाद से गाड़ी और बच्चे की तलाश कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर कार मिल गई जबकि बच्चा शनिवार की दोपहर बबूल की झाड़ी में फंसा हुआ मिला। बच्चे का शव पानी में सड़कर फूल चुका था जिसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# मुद्दों से भटकाने विपक्ष के नेताओं को टारगेट कर रही सरकार : पायलट



- छग के भाजपा नेताओं को उपराष्ट्पति बनाने बैज के के सुझाव पर दिया गोलमोल जवाब
- प्रदेश कांग्रेस प्रभारी जेल में लखमा व चैतन्य बघेल से मिले

**रायपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने शनिवार को राजधानी पहुंचते ही कांग्रेस के दिग्गज नेताओं के साथ सेंट्रल जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल और पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा से मुलाकात की। मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया को बताया कि चैतन्य ने मजबूती से लड़ाई लड़ने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि कंद्रीय जांच एजेंसियों का उपयोग विपक्ष को दबाने के लिए कर रही है।लेकिन वे भाजपा चाहे जो कर लें, हमारा कांग्रेस परिवार एक कदम पीछे नहीं हटेगा। छत्तीसगढ़ शराब घोटाला मामले में पूर्व मंत्री कवासी लखमा की गिरफ्तारी के बाद ईडी ने 18 जुलाई को पूर्व सीएम भूपेश बघेल के घर पर छापेमार कार्रवाई करते हुए शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में उनके बेटे चैतन्य को भी गिरफ्तार किया है. ईडी की इस कार्रवाई के बाद से छत्तीसगढ़ में राजनीति गरमाई हुई है।

सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार विपक्षी दलों को दबाने का प्रायस कर रही है।भाजपा केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल विरोधी दलों के लिए कर रही है। 10 साल में किसी भाजपा नेता के विरुद्ध कोई जांच सेंट्रल एजेंसी ने नहीं की है।

**विधायक पुरंदर मिश्रा के बयान का पलटवार**

विधायक पुरंदर मिश्रा के बयान पर भी उन्होंने पलटवार किया है।रायपुर विधायक मिश्रा ने कहा था कि सचिन पायलट को परिवार की चिंता है, कांग्रेस की नहीं।इस पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के लिए खड़ी है, परिवार के एक-एक सदस्य के लिए कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ेगी। जो भी कर ले, लेकिन हम और हमारी पार्टी एक कदम भी पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान उन्होंने जेल में बंद पूर्व मंत्री कवासी लखमा के स्वास्थ्य खराब होने की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूर्व शेष पृष्ठ 2 पर

## सार संक्षेप

### बिहार मतदाता सूची पर कल सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट बिहार में मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण के खिलाफ दायर याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ चुनाव आयोग के जवाब और याचिकाकर्ताओं के जवाबी हलफनामें पर विचार करेगी। अदालत ने कांग्रेस समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं और कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं की ओर से दायर याचिकाओं पर 1 जुलाई को आयोग को नोटिस जारी किया था।

### सुप्रिया सुले सहित 17 सांसदों को मिला संसद रत्न

**नई दिल्ली।** लोकसभा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विभिन्न पार्टियों के 17 सांसदों को संसद रत्न से सम्मानित किया गया। इस लिस्ट में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी(शरद पवार) से सुप्रिया सुले, भाजपा के रवि किशन व निशिकांत दुबे, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अरविंद सांवत समेत 17 सदस्यों को लोकसभा में उनके अनुकरणीय प्रदर्शन के लिए 'संसद रत्न' सम्मान- 225 से सम्मानित किया गया। विशेष पुरस्कार भर्तृहरि महताब (भाजपा, ओडिशा), एन के प्रेमचंद्रन (रिवॉल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, केरल), सुप्रिया सुले (राकांपा-एसपी, महाराष्ट्र), और श्रीरंग अप्पा बारणे (शिवसेना, महाराष्ट्र) को प्रदान किए। इन सभी ने 16वीं लोकसभा के बाद से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बनाए रखा है। अन्य सम्मानित किए जाने वाले सांसदों में स्मिता उदय वाघ (भाजपा), नरेश म्हस्के (शिवसेना), वर्षा गायकवाड़ (कांग्रेस), मेधा कुलकर्णी (भाजपा), प्रवीण पटेल (भाजपा), विद्युत बरण महतो (भाजपा) और दिलीप सैकिया (भाजपा) शामिल हैं।

### मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल हुए मोदी

**माले।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को यहां मालदीव की स्वतंत्रता की 6वीं वर्षगांठ के समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मालदीव के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने वाले वह भारत के पहले प्रधानमंत्री हैं। डा. मोहम्मद मुइज़्ज़ू के राष्ट्रपति बनने के बाद मालदीव की यात्रा करने वाले श्री मोदी किसी देश के पहले राष्ट्राध्यक्ष या शासनाध्यक्ष हैं।

# कांग्रेस की हार के लिए 'पक्षपाती अंपायर' जिम्मेदार : राहुल गांधी



**आणंद**, 26 जुलाई (एजेंसियां)।कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा। गुजरात में 'संगठन सुजन अभियान' के तहत कांग्रेस के जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग पक्षपातपूर्ण व्यवहार कर रही है। वहीं, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भाजपा को गुजरात में हराना जरूरी है। कांग्रेस पार्टी ने 2027 के राज्य विधानसभा चुनावों के मद्देनजर आणंद शहर के पास एक रिसॉर्ट में जिला कांग्रेस समितियों के नवनियुक्त अध्यक्षों के लिए शिविर का आयोजन किया है। पार्टी के मिशन 2027 के लिए रोडमैप तैयार करने के उद्देश्य से आयोजित इस शिविर का समापन 28 जुलाई को होगा। बैठक के बाद गुजरात कांग्रेस प्रमुख अमित चावड़ा ने संवाददाताओं को बताया कि राहुल गांधी ने जिला अध्यक्षों का मार्गदर्शन किया और आश्वासन दिया कि नेतृत्व पूरी तरह से पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ है। राजकोट कांग्रेस प्रमुख राजदीप सिंह जडेजा ने कहा, राहुल गांधी ने हमसे जनता से जुड़े मुद्दे उठाने को कहा।

उन्होंने आश्वासन दिया कि विभिन्न चुनावों के लिए उम्मीदवारों के चयन से पहले शहर और जिला इकाई प्रमुखों से सलाह ली जाएगी।

# नीतीश सरकार को समर्थन करने का दुख : चिराग

**पटना**, 26 जुलाई (देशबन्धु)।एनडीए में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बिहार की कानून व्यवस्था को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने बिहार सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि जरूरी है कि समय रहते हम लोग इस पर कार्रवाई करें। उन्होंने कहा, 'मुझे इस बात का दुख होता है कि मैं ऐसी सरकार का समर्थन कर रहा हूं, जहां पर अपराध पूरी तरह से बेलगाम हो चुका है। इस पर नियंत्रण पाना जरूरी है।' उन्होंने कहा कि राज्य में आपराधिक घटनाओं की एक श्रृंखला बन गई है और प्रशासन अपराधियों के सामने पूरी तरह से नतमस्तक दिख रहा है। यह बात सही है कि इन घटनाओं पर कार्रवाई भी हुई है, लेकिन सवाल है कि ऐसी घटनाएं घट क्यों रही हैं?

# स्वास्थ्य विभाग के सप्लायर पर राज्य जीएसटी विभाग की छापेमारी

## 48 करोड़ की सप्लाई में 1 करोड़ की जीएसटी चोरी का खुलासा

**रायपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के भ्रष्टाचार के विरुद्ध जीरो टोलरेंस की नीति और सरकारी खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता के तहत राज्य जीएसटी विभाग ने रायगढ़ स्थित मेसर्स श्याम सर्जिकल पर कार्यवाही की है। यह फर्म छत्तीसगढ़ सहित झारखंड और ओडिशा में भी सरकारी अस्पतालों को सर्जिकल और मेडिकल उपकरणों की आपूर्ति करती है।

राज्य जीएसटी विभाग की जांच में सामने आया है कि उक्त व्यवसायी ने स्वास्थ्य विभाग में विगत 4–5 वर्षों में लगभग 48 करोड़ रुपये की आपूर्ति की, जबकि वास्तविक खरीदी केवल 10 करोड़ रुपये की थी। प्रारंभिक जांच में यह भी स्पष्ट हुआ है कि व्यवसायी ने खरीदी मूल्य से 4–5 गुना अधिक दरों पर सामग्री की आपूर्ति कर 400 से 500 प्रतिशत तक लाभ कमाया। इस लाभ को छुपाने और जीएसटी देनदारी से बचने के लिए व्यवसायी ने अपने परिवारजनों के नाम पर तीन अन्य फर्में – राहुल इंटरप्राइजेज, नारायणी हेल्थकेयर, और पी.आर. इंटरप्राइजेस बनाईं तथा आपस में ही खरीदी बिक्री दिखाकर शेष पृष्ठ 2 पर

# नीट यूजी की काउंसलिंग 29 से

**रायपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। नीट यूजी 2025 पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय काउंसलिंग प्रक्रिया 29 जुलाई 2025 से आरंभ की जा रही है। यह प्रक्रिया चार चरणों में पूर्णतः ऑनलाइन आयोजित होगी।

- **प्रदेश में ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू**

राष्ट्रीय चिकित्सा परामर्श समिति द्वारा नीट यूजी 2025 की अंतिम प्रवेश तिथि 3 अक्टूबर 2025 निर्धारित की गई है। राज्य में छत्तीसगढ़ चिकित्सा, दंत चिकित्सा और भौतिक चिकित्सा (फिजियोथेरेपी) स्नातक प्रवेश नियम 2025 के अनुसार किया जाएगा। राज्य में यू जी काउंसलिंग प्रक्रिया का आयोजन कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा, छत्तीसगढ़ द्वारा किया जा रहा है । छात्रों को सलाह दी गई है कि वे केवल आधिकारिक पोर्टल https://cgdme.admissions.nic.in पर उपलब्ध जानकारी को ही प्रमाणिक मानें और उसी के अनुसार आवेदन करें। किसी प्रकार की सहायता हेतु हेल्पलाइन नंबर 0771-2972977 पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। राज्य में समस्त शेष पृष्ठ 2 पर

# कैबिनेट की बैठक में महंगाई भत्ते में हो सकती है बढ़ोतरी

**रायपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में सोमवार, 30 जुलाई को मंत्रिमंडल की अहम बैठक आयोजित होने जा रही है। यह बैठक वर्षा ऋतु की शुरुआत से ठीक पहले हो रही है और इसलिए इसे कई मायनों में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। खासकर राज्य के सरकारी कर्मचारियों और किसानों के लिए यह बैठक राहत की सौगात लेकर आ सकती है। राज्य सरकार के 3 लाख से ज्यादा कर्मचारियों को जल्द ही महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी का तोहफा मिल सकता है। फिलहाल छत्तीसगढ़ में सातवें वेतनमान के तहत कर्मचारियों को 53 प्रतिशत महंगाई भत्ता (डी ए) दिया जा रहा है, जबकि केंद्र सरकार अपने कर्मचारियों को 55 प्रतिशत की दर से डी ए प्रदान कर रही है।

सूत्रों के मुताबिक, 30 जुलाई को होने वाली साय कैबिनेट बैठक में राज्य सरकार डी ए में दो प्रतिशत की वृद्धि कर सकती है, जिससे यह 55 प्रतिशत हो जाएगा। इससे न सिर्फ कर्मचारियों को सीधा आर्थिक लाभ मिलेगा, बल्कि 1.5 लाख पेंशनर्स को भी राहत मिलेगी।

कैबिनेट बैठक में केवल कर्मचारी ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के किसानों के लिए भी कुछ बड़ी घोषणाएं हो सकती हैं। मानसून के इस समय में खाद की आपूर्ति, वितरण और भंडारण को लेकर राज्य सरकार कोई सशक्त योजना पेश कर सकती है। सरकारी सूत्रों शेष पृष्ठ 2 पर

# उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग में बादल फटने से तबाही

**रुद्रप्रयाग**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जिले के अगस्त्यमुनि ब्लॉक के रुमसी गांव में शुक्रवार रात भीषण प्राकृतिक आपदा का सामना करना पड़ा जब इलाके में अचानक बादल फटने की घटना हुई। इस हादसे के बाद बिजयनगर समेत कई गांवों में अफरा-तफरी मच गई। घरों में पानी घुस गया, कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए और बड़ी मात्रा में कृषि भूमि तबाह हो गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि इस आपदा में अब तक किसी जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं मिली है। बादल फटने के साथ ही कई स्थानों पर मलबा और पानी बहकर रिहायशी इलाकों में घुस गया। स्थानीय प्रशासन और आपदा प्रबंधन दल अलर्ट पर हैं। भारी बारिश के कारण क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाएं भी लगातार हो रही हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

केदारनाथ यात्रा पर भी इस आपदा का असर पड़ा है। एसडीआरएफ पोस्ट सोनप्रयाग से शनिवार को मिली जानकारी के अनुसार, सोनप्रयाग से आगे के क्षेत्रों में लगातार भूस्खलन की स्थिति बनी हुई है। इसकी वजह से यात्रा मार्ग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हो गया ह टीम ने मौके पर पहुंचकर सतर्कता और सूझबूझ से राहत कार्य शुरू किया। इस दौरान रास्ते में फंसे लगभग 100 यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।



# झाड़फूंक के चक्कर में मासूम की बलि, पुलिस ने लाली अपहरण व हत्या कांड का किया सनसनीखेज खुलासा

## 5 आरोपी गिरफ्तार

## कोसाबाड़ी हत्याकांड में मासूम लाली को मिला न्याय






**मुंगेली** 26 जुलाई (देशबन्धु)। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देशन और मुंगेली पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के मार्गदर्शन में पुलिस ने 7 वर्षीय मासूम लाली उर्फ महेश्वरी गोस्वामी के अपहरण व हत्या कांड का सनसनीखेज खुलासा कर दिया। झाड़फूंक और तंत्र-मंत्र के जरिए पैसा कमाने के चक्कर में बच्ची की बलि चढ़ा दी गई।

**बिस्तर से उठा ले गए थे मासूम को**

ग्राम कोसाबाड़ी थाना लोरमी निवासी पुष्पा पति जनकगिरी गोस्वामी ने 12 अप्रैल 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी सबसे छोटी बेटी लाली उर्फ महेश्वरी (उम्र 7 साल 7 माह 29 दिन) 11 अप्रैल की रात घर से गायब हो गई। रात 2 बजे जब मां की नींद खुली तो बच्ची बिस्तर पर नहीं थी। तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला, जिसके बाद पुलिस ने अपराध क्रमांक 152/2025 धारा 137(2) बीएनएस पंजीबद्ध किया।

**पारिवारिक पृष्ठभूमि और पुलिस की चुनौती**

लाली का परिवार बेहद गरीब है। पिता जनकगिरी बचपन से पोलियो ग्रस्त, हाल ही में लकवाग्रस्त और बिस्तर पर। मां पुष्पा मानसिक रूप से कमजोर। परिवार में चिम्मन गिरी और रितु के घर पर अक्सर आना-जाना रहता था। पुलिस के लिए यह मामला अत्यंत संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण था।

**मानव खोपड़ी और अस्थियां मिलीं- डीएनए रिपोर्ट से हत्या पक्की**

6 मई 2025 को घटना स्थल के पास स्थित श्मशान से 100 मीटर दूर खेत में मानव खोपड़ी और अस्थियां मिलीं। जांच में स्पष्ट हुआ कि यह अवशेष लाली के ही हैं। डीएनए परीक्षण में माता-पिता से मिलान हुआ। डॉक्टरों के अनुसार खोपड़ी पर चोट के निशान थे जो हत्या का सबूत थे।

**झाड़फूंक के लिए दी गई मासूम की बलि**

जांच में सामने आया कि कोसाबाड़ी और आसपास के गांवों में झाड़फूंक, तंत्र-मंत्र की परंपरा चलती है। पड़ोसियों के कथन और साइबर सेल की जांच में यह तथ्य सामने आया कि रितु गोस्वामी, चिम्मन गिरी, नरेन्द्र मार्को, आकाश मरावी और रामरतन निषाद ने झरन नामक पूजा के लिए मासूम की बलि चढ़ाई।

रितु और चिम्मन लंबे समय से झाड़फूंक करते थे। रितु ने झरन पूजा के लिए लाली को लाने की सहमति दी और नरेन्द्र मार्को को पैसे दिए। घटना की रात नरेन्द्र लाली को घर से ले गया, काला कपड़ा पहनाकर झरन पूजा की गई और लाली की हत्या कर दी गई। बाद में आकाश ने शव को खेत में दफना दिया। पुलिस की वैज्ञानिक और तकनीकी विवेचना- सीसीटीवी परीक्षण, साइबर सेल की तकनीकी जांच, गवाहों के बयान, पॉलिग्राफ, ब्रेन मैपिंग और नाको परीक्षण इन सबके आधार पर आरोपियों की संलिप्तता सिद्ध हुई।

**गिरफ्तार आरोपी**- चिम्मन गिरी गोस्वामी पिता हेमगिरी उम्र 40 वर्ष, रितु गोस्वामी पति चिम्मन गिरी उम्र 36 वर्ष, नरेन्द्र मार्को पिता शिशुपाल उम्र 21 वर्ष, आकाश मरावी पिता सुरेश उम्र 21 वर्ष, रामरतन निषाद पिता जनकराम उम्र 45 वर्ष सभी निवासी- कोसाबाड़ी थाना लोरमी जिला मुंगेली (रामरतन निवासी डोंगरिया)।

**आरोपियों के खिलाफ** - धारा 137(2), 103(1), 140, 61, 3(5) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। इसके अलावा रितु गोस्वामी पर अलग से धोखाधड़ी का मामला कायम किया गया। पुरे मामले की जांच और गिरफ्तारी में निरीक्षक अखिलेश कुमार वैष्णव, उपनिरीक्षक सुशील कुमार बंछोर, उपनिरीक्षक सतेन्द्रपुरी गोस्वामी, उपनिरीक्षक सुन्दरलाल गोरले, उपनिरीक्षक नंदलाल पैकरा, सउनि निर्मल घोष, सउनि राजकुमारी यादव, प्र.आर. लोकेश राजपूत, नरेश यादव, बाली ध्रुव, दयाल गयास्कर, राम कश्यप, भेषज पाण्डेकर, गिरीराज, हेमसिंह, रवि मिंज, नागेश साहू, पवन गंधर्व, म.आर. दुर्गा मादव एवं साइबर सेल तथा लोरमी पुलिस की योगदान रहा।

# पेंड्रा की बेटी अनुश्री केशरी को मिली बैक्टीरिया रेसिस्टेंस विषय पर पीएचडी, बढ़ाया जिले का गौरव

## अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय जर्नलो में प्रकाशित हुआ बैक्टीरिया रेसिस्टेंस पर शोध

**पेंड्रा** (देशबंधु) पेंड्रा की बेटीअनुश्री केशरी को मिली बैक्टीरिया रेसिस्टेंस विषय पर एचडी प्राप्त हुई है।अनुश्री केशरी के द्वारा प्राप्त इस पीएचडी से शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित हुआ है तथा इससे गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले का गौरव बढ़ा है।



बैक्टीरिया रेसिस्टेंस विषय पर अनुश्री केसरी को अमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ से पीएचडी की उपाधि प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके शोध कार्य को विश्व प्रसिद्ध Canadian Journal of Infectious Diseases and Medical Microbiology और राष्ट्रीय जर्नल Research Journal of Pharmacy and Technology में स्थान मिला है, जो कि किसी भी शोधार्थी के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जाती है।

अनुश्री केशरी पेंड्रा के सामाजिक कार्यकर्ता एवं व्यवसायी देवनारायण केशरी संचालक शिल्पा वस्त्रालय की पुत्री हैं। अपने अपने शोध में डॉक्टर अनुश्री केसरी ने Methicillin-resistant Coagulase-Negative Staphylococci (MR-CoNS) जैसे जीवाणुओं पर विशेष रूप से कार्य किया, जो आज अस्पतालों में संक्रमण का एक प्रमुख कारण बन चुके हैं। उनका यह शोध Central India के अस्पतालों और शहरी क्षेत्रों से प्राप्त नमूनों पर आधारित है, जो यह दर्शाता है कि किस तरह एंटीबायोटिक दवाओं का अंधाधुंध उपयोग आम बैक्टीरिया को भी (सुपरबग्स) में बदल रहा है।

डॉ. अनुश्री की यह शोध न केवल बैक्टीरियल संक्रमणों के प्रति जागरूकता बढ़ाती है बल्कि यह भी बताती है कि सही एंटीबायोटिक नीति और निगरानी से कैसे इस चुनौती से निपटा जा सकता है।उनकी इस वैज्ञानिक उपलब्धि पर उनके परिवार, शुभचिंतकों और पेंड्रा क्षेत्र के लोगों ने गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें ढेरों बधाइयाँ दी हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार और पेंड्रा के लिए बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है।

# अति वृष्टि से धनौली परासी चगेरी, उसाद में बाढ़ का कहर

## कई घरों में घुसा तीन फीट पानी, दुकानों और घरेलू सामान को भारी नुकसान

## भाजपा नेता ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने की प्रभावितों को मुआवजा देने की मांग



**गौरेला-पेंड्रा-मरवाही,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। बीते 24 घंटों से हो रही भारी बारिश ने धनौली पारसी चगेरी उसाड़ गांव में भारी तबाही मचाई है। अति वृष्टि के कारण स्थानीय नदी का बाढ़ का पानी गांव में घुस आया, जिससे दर्जनों घरों में तीन फीट तक पानी भर गया। इससे न सिर्फ लोगों को भारी असुविधा हुई, बल्कि दुकानों और घरों का कीमती सामान भी पूरी तरह नष्ट हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार,राहुल गुर्जर की दुकान में पानी घुस जाने से सारा सामान खराब और नष्ट हो गया। पवन जयसवाल के घर में भी पानी भरने से घरेलू सामग्री और खाद्य सामग्री पूरी तरह बर्बाद हो गई। कृष्णा गुर्जर के घर की स्थिति भी बेहद खराब रही, जहां खाने-पीने का सारा सामान पानी में बह गया।

पूर्व मंडी अध्यक्ष एवं भाजपा नेता ज्ञानेंद्र उपाध्याय ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और शासन से प्रभावित परिवारों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की। उन्होंने कहा कि (प्राकृतिक आपदा में जिन लोगों का नुकसान हुआ है, उन्हें सरकार द्वारा त्वरित आर्थिक सहायता मिलनी चाहिए।)

स्थानीय नागरिकों ने भी प्रशासन से मांग की है

मौसम विभाग में पहले ही भारी बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया था, नुकसान की भरपाई में काफी समय लगेगा। प्रशासन से लोगों को उम्मीद है कि वे जल्द राहत और पुनर्वास की कार्रवाई प्रारंभ करेगा।

# सामाजिक समरसता की ओर एक कदम- जिला और पुलिस प्रशासन की अभिनव पहल "सामंजस्य कार्यक्रम"

## महिला व बाल सुरक्षा, पारिवारिक एकता और संवाद को केंद्र में रखकर जिले में शुरू हुई ऐतिहासिक पहल

**मुंगेली,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। पारिवारिक संबंधों को मजबूत करने, महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा समाज में समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा अभिनव "सामंजस्य कार्यक्रम" का आयोजन कलेक्टोरेट स्थित जनदर्शन कक्ष में किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से टूटते हुए परिवारों को संवाद के जरिए जोड़ने और पारिवारिक जीवन में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय, अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, जिला शिक्षा अधिकारी सी.के. घृतलहरे, महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी संजुला शर्मा, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अंजुबाला शुक्ला एवं काउंसलर टीम के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 10 परिवारों को आपसी बातचीत के माध्यम से पुनः एकजुट किया गया।



**समस्याएं सबके घरों में होती हैं, समाधान संवाद से संभव - कलेक्टर**

कलेक्टर ने कहा कि पारिवारिक समस्याएं सामान्य हैं, लेकिन उनका समाधान संवाद और समझदारी से संभव है। उन्होंने मोबाइल, सोशल मीडिया और नशे को पारिवारिक विघटन के प्रमुख कारणों में गिनाया। उन्होंने कहा कि आज के समय में रिश्ते संवाद की कमी और डिजिटल व्यस्तता के कारण बिखर रहे हैं। हमें अपने पारंपरिक मूल्यों और संस्कृति की ओर लौटना होगा।

**समय ही सबसे बड़ा धन - पुलिस अधीक्षक**

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जीवन में समय सबसे कीमती चीज है, और यदि इसे रिश्तों को नहीं दिया गया तो जीवन अधूरा रह जाता है। उन्होंने कहा कि परिवार ही सबसे बड़ा बल और संबल होता है, जिसे संवाद, समय और संवेदना से संजोया जा सकता है।

**सामंजस्य केवल परिवार तक सीमित नहीं - जिला पंचायत सीईओ**

जिला पंचायत सीईओ ने कहा कि सामंजस्य जीवन के हर पड़ाव में आवश्यक है। कई बार मामूली मुद्दे भी संवाद की कमी के चलते गंभीर बन जाते हैं। प्रशासन का प्रयास है कि ऐसी स्थितियों का समाधान मुकदमेबाजी के बजाय संवाद के जरिए किया जाए।

अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय ने कहा कि कम उम्र में विवाह की प्रवृत्ति बढ़ रही है, पर उनमें पारिवारिक सामंजस्य की कमी देखी जाती है। मेनका प्रधान ने भी संवाद को हर समस्या का समाधान बताया। जिला शिक्षा अधिकारी ने कहा कि विचारधारा, जीवनशैली, आर्थिक स्थिति और सामाजिक दबाव पारिवारिक विघटन के मुख्य कारण हैं।महिला एवं बाल विकास विभाग की अधिकारी संजुला शर्मा ने कहा कि यह कार्यक्रम जिले में ही नहीं, पूरे राज्य के लिए अनुकरणीय हो सकता है। इसका उद्देश्य हर बिखरते परिवार को संवाद के माध्यम से पुनः जोड़ना है। "सामंजस्य कार्यक्रम" टूटते रिश्तों को जोड़ने, संवाद की परंपरा को पुनर्जीवित करने और समाज में संवेदनशील प्रशासन की एक मिसाल है। यह पहल न केवल मुंगेली बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के लिए एक प्रेरक उदाहरण बन सकती है। जब समाज में संवाद, धैर्य और सामंजस्य की भावना मजबूत होगी, तभी एक सशक्त, सुरक्षित और खुशहाल भविष्य की नींव रखी जा सकेगी।

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

**अनवरत बारिश से ...**

की गयी है। इसी प्रकार महासमुंद में 69.5 मिमी, बागबाहरा में 52.7 मिमी, कोमाखान में 45 मिमी, बसना में 26.9 मिमी और सरायपाली में 16.7 मिमी बारिश दर्ज की गयी है। जानकारी के अनुसार बारिश के चलते एक गांव से दूसरे गांव को जोडने वाली सड़के नाला में उफान के कारण बंद हो गयी है । गांव के निचली बस्तियों में पानी भर गया है । कई गांवों मे लोगो के घरों में पानी भर गया है । बम्हनी. चिंगरौद पुल, पीढी. गढसिवनी नाला , कोसमनाला में उफान जा जाने के कारण रास्त बंद हो गया है । ग्राम लंगहर , तेन्दूवाही , कुकराडीह,परसाडीह, खडसा के निचली बस्तियों में लोगो के घरों में पानी घुस गया है। लगातार हो रही बारिश के चलते बीती रात ग्राम तर्रा धरसीवां रायपुर के पति.पत्नी नील कमल निषाद, ज्योति निषाद बाइक से पीढी . गढसिवनी नाला पार करते समय बह गये । इनको बचाने के लिए दो ग्रामीण गये वो भी बहने लगे । सूचना पर प्रशासन की रेस्क्यू टीम मौके पहुंचकर सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। इसी प्रकार ग्रान खडसा के कमारडेरा में बारिश का पानी घरों में भर जाने के कारण वे फंस गये। सुचना पर प्रशासन ने कमारडेरा से दस लोगों को रेस्क्यू कर पंचायत भवन में उनके रहने की व्यवस्था के साथ उनके खाने.पीने की व्यवस्था की है।

राजधानी रायपुर में शुक्रवार देर रात से हुई झमाझम बारिश ने शहर के जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। लगातार बारिश के कारण कई निचले इलाकों और कालोनियों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीँ आज शनिवार को प्रोफ़ेसर कॉलोनी और कुशालपुर इलाके में जलभराव की समस्या को लेकर स्थानीय निवासियों ने सड़क पर उतरकर नेशनल हाईवे रिंग रोड नंबर 1 में चक्काजाम कर दिया। जिससे घंटों तक वाहनों की लम्बी कतारें लगी रही है। स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को शांत करवाकर तत्काल नगर निगम अधिकारियों से कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया, जिसके बाद चक्काजाम समाप्त किया गया, लेकिन इसके बावजूद लोग सड़क किनारे खड़े रहे और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे।

बता दें की प्रोफ़ेसर कॉलोनी और कुशालपुर इलाके में जलभराव से लोग परेशान हो रहे है, उनका कहना है कि पानी भर जाने से बच्चे स्कूल और दफ्तर जाने वाले कर्मचारी और स्थानीय वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन से कई बार इस समस्या से निजात दिलाने की गुहार लगाई गई है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। स्थानीय पार्षद भी अपने कर्तव्यों से पल्ला झाड़ रहे है। स्थानीय निवासियों की शिकायतें है। जिनमें 10 वर्षों से नहीं हुई ड्रेनेज की सफाई। हर बारिश में घरों में घुस जाता है गंदा पानी। बार-बार शिकायतों के बावजूद नगर निगम की निष्क्रियता साथ ही बिजली के पोल और खुले तार जलभराव में जानलेवा खतरा बन रहे हैं।

**मुद्दों से भटकाने ...**

मंत्री कवासी लखमा का स्वास्थ्य खराब है अधिकारियों से कहा है कि उनका ध्यान रखें। कवासी लखमा के हौसले बुलंद है।

**विपक्ष की आवाज दबाने की कोशिश**

वहीं केंद्रीय जांच एजेंसियों की कार्रवाई को लेकर सचिन पायलट ने कहा कि एजेंसियां कांग्रेस के नेताओं को संदेश दे रही हैं कि आप आवाज बुलंद करेंगे तो आपका भी यही हाल होगा। केंद्र और प्रदेश की एजेंसियों का उपयोग विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए किया जा रहा है।छवि धूमिल करने ये कार्रवाई की जा रही है. उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में ये साबित हो चुका है कि मुद्दों से भटकाने के लिए विपक्ष के नेताओं को टारगेट कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि भाजपा कोशिश कर रही है कि कोई उनके खिलाफ आवाज न उठाए। उन्हें दबाने के लिए ये सब किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के लिए खड़ी है। परिवार के एक-एक सदस्य के लिए कांग्रेस पार्टी लड़ाई लड़ेगी।

छत्तीसगढ़ से उपराष्ट्पति बनाने दीपक बैज की ओर से प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ भाजपा के नेताओं में से किसी एक को उप राष्ट्पति बनाने के सुझाव और क्या कांग्रेस दीपक बैज के सुझाव के साथ है के सवाल पर सचिन पायलट गोलमोल जवाब देते नजर आए।पायलट ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष को जो कहना था वो कह चुके हैं, मुझे इसपर कुछ नहीं कहना है।उन्होंने क्लिरिफिकेशन दिया कि किस सोच के साथ उन्होंने कहा अपनी चिट्ठी के बारे में उनके वीडियो में देख लीजिए।

**कांग्रेस की बैठक में नेताप्रतिपक्ष नहीं रहे**

सेंट्रल जेल के बाद सचिन पायलट राजीव भवन पहुंचे। वहां उन्होंने पार्टी के नेताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर कई विषयों पर चर्चा की। इस दौरान सह- प्रभारी विजय जांगिड, जरीता लैतफलांग, ताम्रध्वज साहू, शिव डहरिया मौजूद रहे। हालांकि इस मुलाकात और चर्चा में नेताप्रतिपक्ष चरण दास महंत मौजूद नहीं रहे।

**बैज की अनुपस्थिती बनी चर्चा का विषय**

छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी के इस दौरे में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज की गैरमौजूदगी चर्चा का विषय बनी। बीते कुछ दिनों से बैज बस्तर दौरे पर है। जानकारी के मुताबिक पायलट के दौरे की सूचना बैज को काफ़ी देर से मिली जिसके चलते वो नहीं पहुंच सके।

**स्वास्थ्य विभाग के सप्लायर पर ...**

करीब 1 करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी की। इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के स्पष्ट निर्देशों के अनुरूप वित्त मंत्री ओ. पी. चौधरी द्वारा अधिकारियों को सरकारी आपूर्ति पर विशेष नजर रखने और किसी भी प्रकार की अनियमितता को तुरंत पकड़ने के लिए निर्देशित किया गया था। इसी के तहत राज्य जीएसटी विभाग की टीम ने यह प्रभावी कार्रवाई की है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि राज्य सरकार सरकारी निधि और जन स्वास्थ्य से जुड़ी सेवाओं में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करेगी। इस प्रकार की धोखाधड़ी न केवल आर्थिक अपराध है, बल्कि जनहित के साथ विश्वासघात भी है। प्रदेश सरकार ने ऐसे सभी आपूर्तिकर्ताओं और ठेकेदारों को चेतावनी दी है कि यदि कोई भी व्यक्ति या संस्था सरकारी व्यवस्था का दुरुपयोग करके अनुचित लाभ अर्जित करने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई राज्य शासन की ईमानदार, पारदर्शी और जनहितकारी प्रशासनिक दृष्टिकोण का उदाहरण है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार भ्रष्टाचार के विरुद्ध पूरी प्रतिबद्धता और सख्ती के साथ कार्य कर रही है।

**नीट यूजी की काउंसलिंग...**

शासकीय और निजी मेडिकल एवं डेंटल कॉलेजों की सीटें उनकी योग्यता और निर्धारित नियमों के अनुरूप राज्य स्तरीय काउंसलिंग समिति , कार्यालय आयुक्त चिकित्सा शिक्षा द्वारा आवंटित की जाएंगी। किसी एजेंट या संस्था के माध्यम से प्रवेश देने के दावे पूर्णतः अस्वीकार्य होंगे।

प्रवेश से संबंधित सभी जानकारी, समय-सारणी, सीट मैट्रिक्स और नियमों का प्रकाशन विभागीय वेबसाइट 222.ष्द्स्रद्वद्ग.द्बठ्ठ पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों से अपील की गई है कि वे नियमित रूप से वेबसाइट का अवलोकन करते रहें।

**कैबिनेट की बैठक में ...**

का कहना है कि धान , तिलहन और दलहन की बुवाई पूरी करने के बाद अब खाद की मांग चरम पर है। इस स्थिति में किसानों को परेशानी न हो, इसके लिए विशेष प्रावधान किए जा सकते हैं।

**डीए में वृद्धि से बजट पर पड़ेगा असर**

हालांकि महंगाई भत्ते में वृद्धि से राज्य के बजट पर कुछ अतिरिक्त भार जरूर पड़ेगा। लेकिन विशेषज्ञों की मानें तो इससे कर्मचारियों की क्रय शक्ति बढ़ेगी, जिससे बाजार में मांग को बल मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। मार्च 2025 में बजट पेश करते समय राज्य सरकार ने डी एको 53 प्रतिशत तक बढ़ाने का निर्णय लिया था। अब जुलाई में फिर से इसकी समीक्षा की जा रही है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ क्यू./ सीमांकन/ रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक 21/07/2025

प्रति,
1. आवेदक साहिल गुप्ता पिता संतोष गुप्ता
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2. सुधा गुप्ता सा.नर्मदा नगर बिलासपुर
3. गोविन्द सिंह सा. मोपका
4. बालाजी बिल्डर्स एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्यू/ तह./ ना.तह./ वा./ 2024 बिलासपुर 15/06/2025

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1684/1 में से रकबा 595 वर्गफुट के सीमांकन हेतु आवेदक साहिल गुप्ता निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत् न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28/07/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ क्यू./ सीमांकन/ रा.नि./ 2024
बिलासपुर, दिनांक 21/07/2025

प्रति,
1. आवेदिका सुधा गुप्ता पति संतोष गुप्ता
आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमिस्वामी
2. साहिल गुप्ता सा.नर्मदा नगर बिलासपुर
3. कनक साहू सा. मोपका
4. गोविन्द सिंह सा.मोपका बिलासपुर एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार।

विषय:- सीमांकन में उपस्थिति बाबत्
संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार / ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक क्यू/ तह./ ना.तह./ वा./ 2024 बिलासपुर 15/07/2025

ग्राम मोपका प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 1684/3, 1684/4 में से रकबा 4405 वर्गफुट के सीमांकन हेतु आवेदिका सुधा गुप्ता निवासी नर्मदा नगर बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत् न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 28/07/2025 को समय 10:00 से 05.00 बजे के बीच में किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात् की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं रूपावली गुप्ता (RUPAWALI GUPTA) उम्र 40 वर्ष पति कैलाश कुमार गुप्ता निवासी-मकान नंबर 32/133, दयालबंद रोड डॉ. पी.आर.बनेर्जी के पास, दयालबंद बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं जो कि निम्नांकित कथन शपथपूर्वक करती हूं:-

1/ यह कि मेरा पुराना नाम रूपाली गुप्ता (RUPALI GUPTA) है, और यही नाम मेरे पूर्व के आधार कार्ड क्रमांक 2458 0348 6957 में दर्ज है।

2/ यह कि मैं वर्तमान में अपना नाम रूपावली गुप्ता (RUPAWALI GUPTA) लिखती हूं, और यही नाम वर्तमान के आधार कार्ड क्रमांक 2458 0348 6957 एवं पेन कार्ड में दर्ज है।

3/ यह कि उक्त दोनों नाम रूपाली गुप्ता (RUPALI GUPTA) एवं रूपावली गुप्ता (RUPAWALI GUPTA) एक ही महिला का नाम होकर मेरा ही नाम है

4. यहा कि उक्त दोनों नाम मेरे ही होने आगे मुझे रूपावली गुप्ता (RUPAWALI GUPTA) के नाम से जाने, पहचाने, लिखे तथा संबोधित किये जाने के समर्थन में यह शपथपत्र निष्पादित करती हूं।

**रूपावली गुप्ता**
**शपथकर्ता**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, RUBINA BANO W/O MOHAMMAD SHABBIR resident of H.NO. 126 RAMSAGAR PARA AKALTARA DT. JANJGIR CHAMPA (C.G.) have changed my old name RUBINA BANO W/O MOHAMMAD SHABBIR so in future I should be recognized by my new name that is ROOBINA BANO MEMAN W/O MOHAMMAD SHABBIR MEMON in all Government and other documents.

**ROOBINA BANO MEMAN**
H.NO. 126 RAMSAGAR PARA AKALTARA DT. JANJGIR CHAMPA (C.G.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, MOHAMMAD SHABBIR MEMON S/O MOHAMMAD RAFIK resident of H.NO. 126 RAMSAGAR PARA AKALTARA DT. JANJGIR CHAMPA (C.G.) have changed my son old name MOHAMMAD SHAFAAT S/O MOHAMMAD SHABBIR so in future I should be recognized by my son new name that is MOHAMMAD SHAFAAT MEMON S/O MOHAMMAD SHABBIR MEMON in all Government and other documents.

**MOHAMMAD SHABBIR MEMON**
H.NO. 126 RAMSAGAR PARA AKALTARA DT. JANJGIR CHAMPA (C.G.)

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं पुराना नाम नितिशा सुन्दरलाल कछवाह पति ऋषि कुमार मौर्य अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम नितिशा मौर्य पति ऋषि कुमार मौर्य निवास ह न-37/195 वार्ड नं. 37 मेन रोड, पेट्रोल पम्प के पास, तोरवा बिलासपुर (छ.ग.) 495001 रख ली हूं। अतः अब मुझे भविष्य में समस्त शासकीय, अर्द्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम नितिशा मौर्य पति ऋषि कुमार मौर्य नाम से जाना एवं पहचाना जाय।

**नितिशा मौर्य**
ह न-37/195 मेन रोड,
पेट्रोल पम्प के पास,
तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)
495001

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेसर्स एन.आर.आयरन एण्ड पावर प्राइवेट लिमिटेड को, ग्राम-शिवपुरी, तहसील और जिला-रायगढ़ (छ.ग.) में ग्रीनफील्ड एकीकृत इस्पात संयंत्र की स्थापना जिसमें आयरन और बैनिफिकेशन प्लांट (क्षमता- 1×5.2 मीट्रिक टन/वर्ष), पैलेट प्लांट (क्षमता-1×3.8 मीट्रिक टन/ वर्ष), प्रोड्यूसर गैस प्लांट (क्षमता- 4,27,500Nm3/Hr, 1496 Nm3/annum), कोल वाशरी इकाई (क्षमता-2×2.5 मीट्रिक, टन/वर्ष), कोक ओवन इकाई 2×1.25= 2.5 मीट्रिक टन/वर्ष), लाइम कैल्सिीनेशन प्लांट (क्षमता- 2,64,000 मीट्रिक टन/वर्ष), सिन्टर प्लांट (3×150m2) सिंटर उत्पादन के लिए (क्षमता - 52,03,440 मीट्रिक टन/ वर्ष), ब्लास्ट फर्नेस (3×1590m3)तरल धातु उत्पादन के लिए (क्षमता- 47,22,300 मीट्रिक टन/ वर्ष), डी.आर.आई. किल्न (4×600 मीट्रिक टन/दिन) स्पंज आयरन उत्पादन के लिए (क्षमता-7,92,000 मीट्रिक टन/ वर्ष), डब्ल्यू.एच.आर.बी. पावर थ्रू डी.आर.आई.किल्न (क्षमता-4×14 मेगावॉट = 56 मेगावॉट), पावर जेनरेशन थ्रू बी.एफ गैसेस (क्षमता-75 मेगावॉट), पावर जेनरेशन थ्रू कोक आवेन गैसेस (क्षमता-150 मेगावॉट), सी.एफ.बी.सी. आधारित पावर प्लांट (क्षमता-2×250 मेगावॉट=500 मेगावॉट), एस.एम.एस.# 1- 1×100 टी.ई.ए.एफ, + 2×120 टी.एल.आर.एफ. + 9/18 बिलेट्स केस्टर, एस.एम.एस. # 2-2×100 टी.ई.ए.एफ, + 2×120 टी.एल.आर.एफ. + 9/18 ब्लूमस केस्टर, एस.एम.एस.# 3-4×85 ई.ओ.एफ./ बी.ओ.एफ. + स्लेब एवं मिनी स्लेब केस्टर, एस.एम.एस. # 4-2×40 टी.ए.ओ.डी./ व्ही.ओ.डी.+9/18 बिलेट्स केस्टर से बिलेट्स उत्पादन, ब्लूमस, स्लेब, मिनी स्लेब, रोलिंग मिल # 1-0.5 मिलियन टन/ वर्ष लोंग प्रोडक्ट मिल (स्ट्रक्चरल), रोलिंग मिल # 2-1.0 मिलियन टन/ वर्ष पेलेट मिल, रोलिंग मिल # 3- 1.0 मिलियन टन/ वर्ष कोल्ड रोलिंग मिल, रोलिंग मिल # 4- 0.5 मिलियन टन/ वर्ष पाइप मिल, रोलिंग मिल #5-0.5 मिलियन टन/ वर्ष स्टीलनेस स्टील, रोलिंग मिल ह 6- 0.5 मिलियन टन/ वर्ष टी.एम.टी.बार मिल, रोलिंग मिल के लिए कोल गैसीफायर # 1-4,500 Nm3/Hr,फैरो एलॉय संयंत्र 8×24 एम.व्ही.ए. (फैरो सिलिकॉन - 1,49,100 टन प्रतिवर्ष / फैरो मैग्नीज - 5,36,760 टन प्रतिवर्ष/सिलिको मैग्नीज - 3,06,720 टन प्रतिवर्ष/ फेरो क्रोम - 3,19,500 टन प्रतिवर्ष), ऑक्सीजन प्लांट (ऑक्सीजन-198 Nm3/anuual, नाईट्रोजन-594 Nm3/anuual, ऑर्गन- 19.8 Nm3/anuual), ब्रिक्श उत्पादन इकाई (क्षमता - 330 मिलियन ब्रिक्स/ वर्ष) एवं ब्रिकेटिंग इकाई (क्षमता- 2100 कि.ग्रा./ घंटा) की स्थापना हेतु पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, (MoEF&CC) भारत शासन के पत्र क्रमांक IA-J-11011/179/2023-IA-II(IND-I) तथा ई.सी. संख्या- EC24A1001CG5788458N दिनांक 23.07.2025 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिसका अवलोकन मुख्य कार्यालय इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, नई दिल्ली-3 तथा पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत शासन के वेबसाइट [parivesh.nic.in] पर किया जा सकता है एवं इसकी प्रतिलिपि छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के मुख्य कार्यालय पर्यावास भवन, नॉर्थ ब्लॉक, सेक्टर- 19, नवा रायपुर अटल नगर, जिला रायपुर तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, टी.व्ही. टावर रोड रायगढ़ (छ.ग.) में भी उपलब्ध है।

**हेतु, एन.आर.आयरन एण्ड पावर प्राइवेट लिमिटेड** **(डायरेक्टर)**

# देश

**उवाच** “ भाजपा और केंद्र सरकार ने हमेशा संवैधानिक संस्थाओं और संवैधानिक पदों का मान-सम्मान नहीं किया है। जिस तरह से इतनी तेजी के साथ यह घटनाक्रम हुआ है, मुझे लगता है कि पर्दे के पीछे कुछ न कुछ हुआ होगा और सरकार को खुलासा करना चाहिए।

–सचिन पायलट, कांग्रेस नेता



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 35` | 28` |
| मुंबई | 28` | 27` |
| कोलकाता | 29` | 27` |
| चेन्नई | 34` | 28` |

# बिहार में मतदाता सूची से मतदाता का नाम हटाने से घुटेगा लोकतंत्र का दम : मनोज झा

## मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के पहले चरण के पूरा होने के बाद राजनीतिक दलों के बीच तीखे आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के सांसद मनोज झा ने इस प्रक्रिया पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी मतदाता का नाम, चाहे वह उनकी पार्टी को वोट दे या न दे, वोटर लिस्ट से हटाया जाना लोकतंत्र के लिए 'काला धब्बा' है और इससे लोकतंत्र का दम घुट सकता है। राजद सांसद ने शनिवार को कहा कि पहले चरण के बाद पूरी मतदाता सूची अपलोड होने के बाद वे हर पहलू की गहन जांच करेंगे। बता दें कि बिहार में चल रहे विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) का पहला चरण पूरा हो चुका है। विपक्ष लगातार आरोप लगा रहा है कि सरकार वैध मतदाताओं के नाम सूची से हटा रही है। हालांकि, चुनाव आयोग ने इन आरोपों को नकारते हुए कहा है कि किसी भी पात्र मतदाता का नाम वोटर लिस्ट से नहीं हटेगा।



चुनाव आयोग के दावे व कार्यप्रणाली बेदखली की परियोजनाओं को दे रही है बढ़ावा : **मनोज झा**

### सुप्रीम कोर्ट से जताई न्याय की उम्मीद

राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने इस मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में 28 जुलाई को होने वाली सुनवाई का जिक्र किया, जहां वेरिफिकेशन प्रक्रिया की वैधता और निष्पक्षता पर चर्चा होगी। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट से न्याय की उम्मीद जताई है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग के दावे और कार्यप्रणाली 'बेदखली की परियोजनाओं' को बढ़ावा दे रही है, जिससे कई पात्र मतदाताओं के नाम कटने का खतरा है।

## *तेजस्वी यादव की नकल करते हैं नीतीश कुमार : मृत्युंजय तिवारी*



***पटना।*** *बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए राहत भरी खबर दी। उन्होंने 'बिहार पत्रकार सम्मान पेंशन योजना' के तहत पत्रकारों की पेंशन 6,000 रुपए से बढ़ाकर 15,000 रुपए करने की घोषणा की। नीतीश कुमार के इस फैसले को चुनाव से पहले मास्टर स्ट्रोक बताया जा रहा है, वहीं आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी शुरू हो गया है। राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के फैसले की आलोचना की है। राजद प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी यादव ने पहले पत्रकारों की पेंशन राशि बढ़ाने का वादा किया था और अब नीतीश कुमार की सरकार ने इसकी घोषणा की है। तिवारी का दावा है कि नीतीश कुमार सिर्फ तेजस्वी यादव की नकल करते हैं, जो भी घोषणाएं उनके ओर से की जाती हैं। नीतीश कुमार उसी को रिपीट करते हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार चुनाव से पहले पत्रकारों को प्रलोभन दे रही है, लेकिन नीतीश कुमार जल्द सत्ता से बाहर होने वाले हैं। तेजस्वी यादव के नेतृत्व में जब बिहार में सरकार बनेगी तो पत्रकारों को और अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को भी पता है सरकार जाने वाली है, तेजस्वी यादव इससे ज्यादा पत्रकारों को पेंशन देंगे। वह पत्रकारों की चिंता करते हैं। नीतीश कुमार ने 20 साल में कुछ नहीं किया है।*

# रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को जान से मारने की धमकी



**पुलिस ने शुरू की जांच**

**रांची,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची से सांसद संजय सेठ को एक बार फिर जान से मारने की धमकी मिली है। यह धमकी उन्हें शुक्रवार को फोन कॉल के जरिए दी गई, जब वे लद्दाख के द्रास में आयोजित कारगिल विजय दिवस के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। मिली जानकारी के अनुसार, किसी अज्ञात व्यक्ति ने द्रास में उन्हें फोन कर धमकी दी। कॉल कहां से और किसके द्वारा किया गया, इसका अब तक पता नहीं चल सका है। मंत्री ने इस धमकी की जानकारी तुरंत स्थानीय पुलिस को दी। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। अधिकारी कॉल की लोकेशन और नंबर ट्रेस करने में जुटे हैं। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि जल्द ही कॉल करने वाले की पहचान कर ली जाएगी और उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बता दें कि यह पहला मौका नहीं है जब संजय सेठ को इस तरह की धमकी मिली हो। इससे पहले दिसंबर 2024 में भी उन्हें धमकी दी गई थी। उस समय उनसे एक टेक्स्ट मैसेज के जरिए 50 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई थी और जान से मारने की धमकी दी गई थी। धमकी भरे मैसेज में लाल सलाम लिखकर धमकी देने वाले ने अपना संदेश खत्म किया था। जिस वक्त उन्हें यह धमकी दी गई थी, उस वक्त संसद का सत्र चल रहा था। संजय सेठ ने इसे लेकर दिल्ली पुलिस को सूचना दी थी। इसके बाद दिल्ली और रांची पुलिस ने टेक्निकल सेल की मदद से इस मामले में रांची के कांके निवासी मिन्हाजुल अंसारी को गिरफ्तार किया था। जांच में पता चला था कि अंसारी ने यह साजिश अपनी बेटी के प्रेमी को फंसाने के इरादे से रची थी और मंत्री को निशाना बनाया था।

# शहीदों के बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता : एम.के.स्टालिन

## कारगिल के वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित की



**नई दिल्ली,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने कारगिल विजय दिवस पर शहीद हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि सैनिकों की अदम्य वीरता और सर्वोच्च बलिदान हमेशा देश के दिल में बसती है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में स्टालिन ने लिखा, कारगिल विजय दिवस पर उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि, जिन्होंने अद्भुत साहस के साथ मातृभूमि की रक्षा की और अपने प्राणों की आहुति दी। उनकी वीरता और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। हालांकि, मुख्यमंत्री स्टालिन इस समय चेन्नई के अपोलो अस्पताल में भर्ती हैं, लेकिन वे वहां से भी राज्य प्रशासन का कार्यभार संभाल रहे हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में चक्कर आने की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया था। जांच में उनके हृदय गति में उतार-चढ़ाव पाया गया।

अस्पताल के मेडिकल बुलेटिन के अनुसार, उनकी हालत स्थिर है। वहीं, आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने कारगिल विजय दिवस पर एक्स पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, हम उन वीर सैनिकों को याद करते हैं जिन्होंने अद्वितीय साहस के साथ युद्ध लड़ा और हमारे राष्ट्र की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। कारगिल की बर्फीली चोटियों पर उनकी विजय सच्ची वीरता की एक ऐसी कहानी है जो हर भारतीय को प्रेरित करती है। मैं उनके साहस को नमन करता हूं और उनकी विरासत का सम्मान करता हूं। हर साल 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस मनाया जाता है, जो जम्मू-कश्मीर के कारगिल क्षेत्र में पाकिस्तानी घुसपैठियों पर भारत की जीत की याद दिलाता है। यह युद्ध करीब तीन महीने तक चला, जिसमें भारतीय सैनिकों ने कठिन मौसम और दुश्मन की गोलीबारी के बीच रणनीतिक चोटियों पर कब्जा किया। ऑपरेशन विजय नाम के इस अभियान के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तानी सेना को भारतीय क्षेत्र से खदेड़कर कारगिल पर फिर से नियंत्रण स्थापित किया था।

## सार संक्षेप

### जम्मु-कश्मीर पुलिस ने साम्बा से बरामद की हेरोइन

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर पुलिस के विशेष कार्रवाई दल ने साम्बा जिले से हेरोइन की एक खेप बरामद की है। पुलिस का मानना है कि ये हेरोइन पाकिस्तान से ड्रोन की मदद लेकर गिराया गया है। 25 जुलाई की रात को साम्बा जिले के राजपुरा में स्थित चिलयारी तहसील गांव से मादक पदार्थों की एक खेप बरामद की गई। यह पीले रंग के टेप से बधा हुए खेत में पड़ा था जिसमें 498 ग्राम हेरोइन थी इसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। इसके बाद क्षेत्र में एक खोज अभियान भी चलाया गया। संबंधित धाराओं के तहत घगवाल पुलिस थाने में प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है।

### जामनगर में गजसेवक प्रशिक्षण का किया आयोजन

**जामनगर।** गुजरात के जामनगर में वनतारा और प्रोजेक्ट एलीफेंट ने देश के सबसे बड़े गजसेवक प्रशिक्षण आयोजन किया है। वनतारा के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विवान काराणी ने यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि अनंत अंबानी द्वारा स्थापित देश की पहली वन्यजीव बचाव, देखभाल और संरक्षण पहल, वंतारा वर्तमान में वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के प्रोजेक्ट एलीफेंट के सहयोग से वंतारा गजसेवक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसमें देशभर से 1` से अधिक महावत और हाथियों की देखभाल करने वाले गजसेवक एकत्रित हुए हैं।

### भारी बारिश के कारण पावना क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति

**पुणे।** महाराष्ट्र के पवाना मावल क्षेत्र में पिछले 48 घंटे से हो रही भारी बारिश के कारण पावना बांध का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है। बढ़ते जल स्तर को नियंत्रित करने के लिए अधिकारियों ने बांध को सुबह 11 बजे खोल दिया है और 714 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसके कारण पावना नदी पर बना कोथुर्न पुल और स्वयंभू मंदिर डुब गए हैं। केंद्रीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष पुणे ने पिम्परी चिंचवाड़ के निवासियों से सतर्क रहने का आग्रह किया है।

### मणिपुर में बड़े पैमाने पर हथियार व गोला बारूद जब्त

**इंफाल।** मणिपुर में शांति व स्थायित्व बहाल करने के प्रयासों के तहत पुलिस और सुरक्षा बलों द्वारा घाटी के कई जिलों में चलाए गए साझा अभियान में बड़े पैमाने पर हथियार और गोला बारूद की बरामदगी हुई है। बरामद हथियारों में 9 हथियार और 728 कारतूस और गोला बारूद शामिल है। मणिपुर पुलिस महानिरीक्षक ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर पूर्वी इंफाल, पश्चिमी इंफाल, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर के आसपास और संदेहास्पद क्षेत्रों में एक साथ खोज अभियान चलाया गया।

# मोदी की वास्तविक स्थिति बता रहे राहुल गांधी : कांग्रेस



**अजय कुमार लल्लू ने राहुल के बयान का किया समर्थन**

**नई दिल्ली,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री को लेकर राहुल गांधी के विवादास्पद बयान पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय कुार लल्लू ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने बयान का समर्थन करते हुए कहा कि राहुल गांधी वास्तविक स्थिति बता रहे हैं। कांग्रेस नेता अजय कुमार लल्लू ने कहा कि भाजपा के प्रवक्ताओं ने राहुल गांधी को क्या कुछ नहीं बोला है। इन नेताओं ने संसद से सड़क तक राहुल गांधी पर टिप्पणी की थी। राहुल गांधी सच्चाई और प्रधानमंत्री की वास्तविक स्थिति बता रहे हैं। अजय कुमार लल्लू ने कहा कि प्रधानमंत्री की कोई भी नीति हो, यह सबके सामने प्रदर्शित है। जो व्यक्ति हर मोर्चे पर विफल है, वहां इवेंट और मैनेजमेंट बहुत दिन नहीं टिक सकता है। मैं समझता हूं कि प्रधानमंत्री के सत्ता से जाने का टाइम आ गया है। कांग्रेस नेता ने केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान के बयान पर भी प्रतिक्रिया दी। बिहार में बढ़ते अपराध पर लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग ने कहा था, दुख है, मैं ऐसी सरकार को समर्थन दे रहा हूं। इस पर अजय कुमार लल्लू ने कहा कि अगर चिराग पासवान में हिम्मत है तो इस्तीफा दे दें। उन्होंने कहा कि भाषण से काम नहीं चलने वाला है। आप (चिराग पासवान) बिहार की जनता को कितना धोखा देंगे। यह फिल्मी दुनिया नहीं है, धरातल की दुनिया है। एक्टिंग बंद करें।

# तेलंगाना में मानवाधिकार उल्लंघन के 19 मामलों की सुनवाई करेगा एनएचआरसी

## राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ भी बातचीत करेगा आयोग



**हैदराबाद,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। तेलंगाना में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) 28 और 29 जुलाई को कथित मानवाधिकार उल्लंघन के 109 मामलों की सुनवाई एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने हेतु दो दिवसीय खुली सुनवाई और शिविर बैठक आयोजित करेगा। आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति वी. रामसुब्रमण्यम के साथ सदस्य न्यायमूर्ति डॉ. विद्युत रंजन सारंगी और विजया भारती सयानी सोमवार को सुबह 10:00 बजे हैदराबाद के जुबली हिल्स स्थित एमसीआर एचआरडी संस्थान में शिकायतकर्ताओं और संबंधित राज्य अधिकारियों की उपस्थिति में मामलों की सुनवाई करेंगे। आयोग के महासचिव भरत लाल, महानिदेशक (जांच) आर.पी. मीणा, रजिस्ट्रार (कानून) जोगिंदर सिंह और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। सुनवाई के दौरान जिन मामलों पर विचार किया जाएगा उनमें पुलिसकर्मियों द्वारा कथित तौर पर पद का दुरुपयोग, सरकार की विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं के तहत लाभों से वंचित करना आदि है।

### सरकार के उठाए गए सक्रिय कदमों की होगी समीक्षा

आयोग समाज के विभिन्न वर्गों के कल्याण के उद्देश्य से एनएचआरसी द्वारा जारी परामर्शों के जवाब में तेलंगाना सरकार और उसकी एजेंसियों द्वारा उठाए गए सक्रिय कदमों की भी समीक्षा करेगा। आयोग इसके बाद राज्य से संबंधित मानवाधिकार मुद्दों को समझने के लिए दोपहर दो बजे नागरिक समाज संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और मानवाधिकार रक्षकों (एचआरडी) के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगा। इस बैठक के बाद प्रदेश में मानवाधिकार मुद्दों और आयोग द्वारा की गई कार्रवाई के बारे में व्यापक जानकारी के प्रसार हेतु शिविर बैठक के परिणामों पर एक मीडिया ब्रीफिंग आयोजित की जाएगी।

# झारखंड में चार युवकों की डूबने से मौत



**कारगिल के वीर नायकों को की श्रद्धांजलि अर्पित**

**सरायकेला,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में शनिवार सुबह एक हादसा हुआ, जिसमें चेक डैम में नहाने के दौरान चार युवकों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना खरसावां थाना क्षेत्र के दलाईकला गांव के पास दराइकेला पंचायत में स्थित एक चेक डैम में सुबह करीब 9 बजे हुई। मृतकों की पहचान गौरव मंडल, हरिवास दास, सुनील साहू और मनोज साहू के रूप में हुई है। चारों युवक 18 से 20 वर्ष की आयु के थे और दलाईकला गांव के निवासी थे। गांव के छह युवक चेक डैम में नहाने गए थे। इनमें से चार युवकों ने डैम में छलांग लगाई, जबकि दो युवक बाहर खड़े रहे। जानकारी के अनुसार, छलांग लगाने के दौरान चारों युवकों का सिर पानी के अंदर मौजूद किसी पत्थर से टकरा गया, जिससे वे बेहोश हो गए और डूब गए। बाहर खड़े दोनों युवकों ने तुरंत ग्रामीणों को बुलाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से चारों शवों को डैम से निकाला गया।

# मध्य प्रदेश विधानसभा परिसर में नारेबाजी व प्रदर्शन पर लगी रोक

**सरकार के इस फरमान को कांग्रेस ने बताया सेंसरशिप**



झूठे आंकड़े देने वाली सरकार एक्सपोज होने से बचने के लिए ऐसे आदेश जारी कर रही : **सिंघर**

**भोपाल,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। आगामी 28 जुलाई से शुरू होने जा रहे मध्य प्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र के पहले विधानसभा सचिवालय की ओर से विधायकों के विधानसभा परिसर में नारेबाजी और प्रदर्शन पर रोक संबंधित आदेश का कांग्रेस ने विरोध करते हुए इसे 'सेंसरशिप' बताया है और कहा है कि झूठे आंकड़े देने वाली सरकार एक्सपोज होने से बचने के लिए ऐसे आदेश जारी कर रही है। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस पत्र को सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि संविधान की धारा 194 विधायकों को विशेष शक्तियां देता है, जिसका इस्तेमाल कर वे जनता के हित से जुड़े मुद्दों को सदन में उठाते हैं, अपनी बात रखते हैं और सरकार से जवाब मांगते हैं।

विधानसभा में झूठे एवं फर्जी आंकड़े देने वाली सरकार खुद को एक्सपोज होने से बचाने के लिए इस तरह के नियम और फरमान जारी करवा रही है। यह लोकतंत्र की हत्या है। सरकार ना विधानसभा की कार्यवाही को लाइव होने दे रही है, ना प्रदर्शन करने दे रही है और अब नारे लगाने पर भी रोक लगा रही हैं। दरअसल विधानसभा सचिवालय की ओर से विधायकों को एक पत्र जारी कर कहा गया है।

### मप्र विधानसभा का सत्र कल से

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि यह सवालों से भागने की तैयारी है। सत्र से पहले ही सेंसरशिप लागू है। 28 जुलाई से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र से पहले विधायकों को पत्र भेजा कि नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन नहीं होंगे। यह आदेश नहीं, डर का दस्तावेज है, क्योंकि सरकार जानती है कांग्रेस के सवाल सबूतों के साथ हैं।

# यूको बैंक के पूर्व सीएमडी की संपत्तियां कुर्क

**कोलकाता,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 6,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि के धन शोधन के मामले में गिरफ्तार यूको बैंक के सीएमडी सुबोध कुमार गोयल और उनके पारिवारिक सदस्यों और अन्य की 106.26 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति की कुर्की का नोटिस जारी किया है जो इस धोखाधड़ी में कथित रूप से शामिल थे।

इसके अतिरिक्त गोयल, उनके परिवार के सदस्यों, निकट सहयोगियों और अन्य संबंधित कंपनियों के खिलाफ कोलकाता में विशेष मनी लांड्रिंग निरोधक अधिनियम (पीएमएलए) अदालत के समक्ष एक पूरक अभियोजन शिकायत दायर की गई है। सीबीआई की बैंक प्रतिभूति और धोखाधड़ी शाखा ने कॉनकास्ट स्टील एंड पावर लिमिटेड और उसके निदेशकों/प्रमोटरों के खिलाफ विभिन्न धोखाधड़ी प्रथाओं के माध्यम से बैंकों/वित्तीय संस्थानों को 6,210.72 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद ईडी ने इसी आधार पर जांच शुरू की थी। ईडी ने कहा कि इन अनियमितताओं में धन को किसी दूसरी जगह भेजना, धन की हेराफेरी, बढ़े हुए स्टॉक स्टेटमेंट प्रस्तुत करना, बैलेंस शीट में गड़बड़ी आदि शामिल हैं।

# ओडिशा में मंत्रिमंडल विस्तार पर अभी कोई फैसला नहीं : सामल



- **वर्तमान में माझी मंत्रिमंडल में हैं 15 मंत्री**
- **छह मंत्री और बनाए जाने की संभावना**

**भुवनेश्वर,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल ने फिलहाल राज्य मंत्रिमंडल विस्तार की संभावनाओं से इंकार करते हुए कहा कि इस मामले पर अभी कोई चर्चा नहीं हुई है। दिल्ली से लौटने पर पत्रकारों से बात करते हुए सामल ने शनिवार को कहा कि भाजपा के केंद्रीय संसदीय बोर्ड के परामर्श से मंत्रिमंडल विस्तार का समय तय करना मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी का विशेषाधिकार है। उन्होंने कहा, अगर कैबिनेट विस्तार पर पार्टी की राय मांगी जाती है, तो मैं जरूर अपनी राय दूंगा। वर्तमान में माझी मंत्रिमंडल में 15 मंत्री हैं और अभी वहां छह मंत्री और बनाए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री माझी और राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति के बीच हाल ही में हुई बैठक ने निकट भविष्य में संभावित कैबिनेट विस्तार को लेकर राजनीतिक अटकलों को हवा दे दी है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों का मानना है कि पार्टी द्वारा अपने संगठनात्मक पुनर्गठन को अंतिम रूप देने और विभिन्न राज्य निगमों और बोर्डों के प्रमुखों की नियुक्ति के बाद मंत्रिमंडल में फेरबदल की संभावना है। यह प्रक्रिया ओडिशा में भाजपा के सत्ता में आने के बाद से पिछले 13 महीनों से लंबित है। सामल ने संकेत दिया कि पार्टी के राज्य संगठन में सुधार उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी और जल्द ही एक नई राज्य टीम का गठन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य इकाई का पुनर्गठन जल्द ही शुरू किया जाएगा।

**सुरक्षा** महिला यात्रियों के लिए सबसे अधिक मांग वाली सहायता प्रणाली बनी महिला सुरक्षा कर्मी

# अमरनाथ यात्रा के बालटाल अक्ष पर जीता यात्रियों का दिल

**जम्मू, 26 जुलाई (देशबन्धु)। भक्ति और कठिन पहाड़ी रास्तों के बीच, अमरनाथ यात्रा के बालटाल अक्ष पर एक शांत लेकिन शक्तिशाली बल दिल जीत रहा है तो वह है केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की महिला 'क्या मैं आपकी मदद कर सकती हूं' टीम। केरिपुब द्वारा यहां जारी एक बयान में कहा गया है कि 'क्या मैं आपकी मदद कर सकती हूं' शब्दों से चिह्नित विशिष्ट नारंगी रंग की जैकेट पहने, यह सीआरपीएफ महिला कर्मी तीर्थयात्रियों, विशेष रूप से महिला यात्रियों के लिए सबसे अधिक मांग वाली सहायता प्रणाली बन गई हैं।**

यात्रा-पूर्व औपचारिकताओं में तीर्थ यात्रियों का मार्गदर्शन करने से लेकर प्राथमिक उपचार प्रदान करने, पेयजल वितरित करने और यहां तक कि बीमार तीर्थ यात्रियों को बेस अस्पताल तक ले जाने तक, उनकी करुणा और प्रतिबद्धता ने आध्यात्मिक यात्रा में एक मानवीय स्पर्श जोड़ा है।

मणिगाम बेस कैंप और बालटाल-दोमेल प्रवेश द्वार के पास प्रमुख स्थानों पर तैनात, यह पहल सीआरपीएफ श्रीनगर उत्तर के उप महानिरीक्षक (डीआईजी) और बालटाल अक्ष के प्रभारी की प्रत्यक्ष देखरेख में चलाई जा रही है। उन्होंने बताया कि 'क्या मैं आपकी मदद कर सकता/सकती हूं' यात्रा के सबसे लोकप्रिय हेल्प डेस्क के रूप में तेजी से उभर रहा है, जो यात्रियों को न्यूनतम असुविधा के साथ अधिकतम सुरक्षा प्रदान करता है।' केरिपुब प्रवक्ता के अनुसार, चाहे वह सांत्वना भरे शब्द कहना हो, आवास संबंधी जानकारी में सहायता करना हो, या चिकित्सा आपात स्थिति में मदद करना हो, इन महिलाओं ने सुरक्षा की अवधारणा को विश्वास और गर्मजोशी के स्तंभ में बदल दिया है। कई मामलों में, टीम की त्वरित प्रतिक्रिया के कारण बीमार महिला तीर्थ यात्रियों को एम्बुलेंस में तुरंत पहुंचाया गया। उनकी उपस्थिति ने महिला तीर्थ यात्रियों में आत्मविश्वास की भावना पैदा की है, और अब कई महिला तीर्थयात्री किसी भी सहायता के लिए सहज रूप से इन नारंगी जैकेट पहने सहायकों के पास जाती हैं।



■ **महिला तीर्थ यात्रियों की सुरक्षा में तैनात है मणिगाम बेस कैंप**

इनके साथ ही, सीआरपीएफ की पर्वतीय बचाव टीमें (एमआरटी) भी अपने महत्वपूर्ण मिशन को जारी रखते हुए, जोखिम भरे हिमालयी इलाके में बचाव, राहत और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रही हैं। साथ में, सीआरपीएफ की ये पहल तीर्थयात्रा सुरक्षा के लिए एक प्रगतिशील, जन-प्रथम दृष्टिकोण को दर्शाती हैं, जहां शक्ति करुणा से मिलती है, और सतर्कता देखभाल के साथ-साथ चलती है। गौरतलब है कि दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा में बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए 2,896 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था गत शुक्रवार सुबह बम बम भोले का जयघोष करते हुए यात्री निवास भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ था। सुबह 2,896 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ।

### हाना

गांव म रहय त भूतानाग,
शहर म रहय त देवानाग। गांव म रेहे ले भूतानाग मतलब बूताकाम म लगे रहिथे त बने ढंग ले उंखर रहन-सहन अलगे रहिथे। शहर म रेहे सभ्य ढंग ले पढ़े-लिखे बने व्यवहार करथे तेकर सेती ये हाना ल केहे जाथे।

### शब्द अरथ

1. छंदइया-छानने वाला। फंसाने वाला, बांधने वाला
2. छदई - छानने, फंसाने या बांधने की क्रिया या भाव
3. छदउनी- छानने, फंसाने या बांधने का खर्च या पारिश्रमिक
4. छंदना- छानने के लिए प्रयुक्त वस्तु फंसना, बंधना
5. छदनी-छदना
6. छंदल- छना हुआ,फंसा हुआ
7. छंदवइया- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने वाला
8. छदवई- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने की क्रिया या भाव
9. छदवउनी- छानने, फंसाने या बांधने के लिए दूसरे को प्रवृत्त करने का खर्च या पारिश्रमिक
10. छदवा- छाना हुआ, शुद्ध किया हुआ, फंसा हुआ, बंधा हुआ।

## नागपंचमी अउ दंगल

आज ले चालीस-पचास बछर पहिली के तिहार देखबे अउ अब के तिहार दूनों म बहुत अंतर होगे हावय। शहर ले गेंड़ी नंदागे, पोला के नांदिया नंदागे, तीजा के बासी नंदागे अइसने बहुत अकन तीज तिहार के जिनिस नंदागे हावय। पक्षलवान मन के दंगल नंदागे।

नागपंचमी के दिन हर स्कूल म पूजा होवय। लइकामन स्लेट म नाग देवता के फोटो बना के लेगयं। स्कूल म ब्लेकबोर्ड म गुरुजी ह चाक ले नाग देवता बनावय अउ सब झन पूजा करंय। नारियल फोड़े जाय। कोई न कोई लइका नारियल ले के आवय। लायचीदाना के प्रसाद बांटय। सब घर लहुटजांय।

स्कूल के संख्या बाढ़त गीस। लोगन पढ़ लिख के बड़े मनखे बनगें। शिक्षक ल भी अउ छात्र मन ल भी ये पूजा करे म शर्म आये ले लगगे या फेर कुछु अउ कारण हो सकत हे। नाग पंचमी के दिन नाग के पूजा काबर करे जाथे येखर ऊपर कहिनी हावय।

एक बेर राजा परीक्षित ल तक्षक नाग ह डस लिस त ओखर मृत्यु हो गे। अपने पिता के मृत्यु के बदला लेय बर राजा जन्मेजय ह सर्प यज्ञ करिस, जेमा सब्बो नाग मन ल जला के मारे के प्रतिज्ञा करिस।

जब यज्ञ जोर पकड़िस त ऋषि जरत्कारु के पुत्र आस्तिक मुनि ह यज्ञ ल रोके बर अउ नाग मन ल बचाये बर यज्ञ म पानी डार दिस। यज्ञ के आगी ठंडा होगे अउ नाग मन बांचगें। आस्तिक मुनि के ये काम ले नाग मन खुश हो के वरदान दिस के जब भी श्रावण महिना आही त ओखर शुक्ल पक्ष के पंचमी तिथि के नाग मन के पूजा करही तेन ल कभू सांप के डर नइ रइही। इही कारण ले नाग पंचमी तिहार के शुरुआत होइस।

एक अउ कथा के अनुसार, भगवान कृष्ण ह कालिया नाग ल हरा दिस। ये नाग ह यमुना नदी म राहत रहिस हे। सब ल अपन जहरीला पानी ले परेशान करय। अब कालिया नाग ल नदी ल छोड़े बर परिस। ये घटना ल भी नाग पंचमी ले जोड़े जाथे। नाग पंचमी के दिन नाग के पूजा करे जाथे अउ दूध चढ़ाये जाथे।

कुछ मन एक बात अउ बताथें के सर्प मन किसान के मित्र आयें। चूहा खेत के फसल ल बहुत नुकसान पहुंचाथे।

-सुधा वर्मा

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ. खूबचंद बघेल

**सुरता**

छत्तीसगढ़ के मनखे मन अभी के बेरा म जेन छत्तीसगढ़ ल गर्व के संग छत्तीसगढ़ महतारी के नाव ले जानथन तेन राज ल बसाये के सपना देखइया हमर पुरखा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डॉ खूबचंद बघेल जी रहिस, डॉ खूबचंद बघेल जी के जनम 19 जुलाई सन् 1900 म रइपुर जिला के गांव पथरी म होय रहिस, बघेल जी के ददा के नाव जुड़ावन परसाद अउ महतारी के नाव केतकी बाई रहिस। डॉ खूबचंद जी के बाबूजी ह मालगुजार के संगे-संग खेती किसानी के बुता करे, बघेल जी ह अपन नानपन ले ही समझदार अउ ज्ञानी रहिस हे। जेखर से उंखर शिक्षा कोती अब्बड़ बढ़िया रुचि रहे, अपन पढ़ाई-लिखाई के बेरा ले ही अपन देस ले मया करे अउ संग म देस सेवा के बुता म जुड़े गे रहिस हे।

खूबचंद बघेल जी के पढ़ाई अपन गावं के प्राइमरी स्कूल म अउ बांकी के पढ़ाई रायपुर के गवर्नमेंट हाई स्कूल म होइस जिनहा ले उमन ह मैट्रिक के शिक्षा पूरा करीन, खूबचंद बघेल जी अपन आघु के डॉक्टरी पढ़ई करे बर नागपुर के रॉबर्ट्सन मेडिकल कॉलेज म दाखिला लिस। पढ़ाई म अच्छा रुचि रहें के संगे-संग खूबचंद बघेल जी ह अपन समाज के नाव घलोक आघु बढाईस अउ समाज के पहली डॉक्टरी डिग्रीधारी बनिस, ओ बेरा म जइसने परिवार के अपन अलग विचारधारा रहे। जेखर से बघेल जी के बिहाव ह 10 साल के उमर म अपन ले तीन साल छोटे राजकुंवर ले होगे रहिस हे।

जइसे कि डॉ खूबचंद बघेल जी के विचारधारा सुरु ले देस के प्रति रहिस हे ओखर संग ही छत्तीसगढ़िया मन के अलग छत्तीसगढ़ के रहिस से। जेखर से सब्बो छत्तीसगढ़िया मन ल अपन बोली भासा संस्करीति ल अपनाय बर कोनो दूसर के ऊपर निरभर रहे ल झन पड़े। मेडिकल कालेज म पढ़ाई करत बघेल जी ह पढ़ाई ल अधूरा छोड़ के आजादी के लड़ाई म जुड़ गे रहिस हे।



> **जइसे कि डॉ खूबचंद बघेल जी के विचारधारा सुरु ले देस के प्रति रहिस हे ओखर संग ही छत्तीसगढ़िया मन के अलग छत्तीसगढ़ के रहिस से। जेखर से सब्बो छत्तीसगढ़िया मन ल अपन बोली भासा संस्करीति ल अपनाय बर कोनो दूसर के ऊपर निरभर रहे ल झन पड़े। मेडिकल कालेज म पढ़ाई करत बघेल जी ह पढ़ाई ल अधूरा छोड़ के आजादी के लड़ाई म जुड़ गे रहिस हे।**

ओखर बाद घर के मन के समझाई म फेर एल.एम.पी. (लेजिस्लेटिव मेडिकल प्रेक्टिसनर) नागपुर म लिस। बछर 1923 म एल.एम.पी. के परीक्षा पास करिस जेला बाद म एम.बी.बी.एस. के दर्जा दिये गिस। छत्तीसगढ़ राज के सपना के संग डॉ खूबचंद बघेल जी के विचार छत्तीसगढ़ म जात-पात म बंटे छत्तीसगढ़िया मन ल एक करे के सुरु से रहिस हे। जेखर से छत्तीसगढ़ म सब्बो छत्तीसगढ़िया एक हो सकें अउ छत्तीसगढ़ महतारी के सेवा म अपन जिनगी ल निछावर कर सकें। 1956 म भेलाई के लोहा कंपनी ल बनाये बर, सरकार ह उंहा के रहिया मनखे मन के जमीन ल कंपनी बनाये बर ले लिस फेर जब रोजगार दे के पारी आइस त बाहिर के आये मनखे मन ल नउकरी म रख लिस। अइसने अन्याय ल देख के बधेल जी ल अब्बड़ दुख होइस।

छत्तीसगढ़िया मन संग होवत अन्याय ल देख के 28 फरवरी 1956 म जबर बुता कर के राजनांदगांव जिला म बड़का सम्मेलन आयोजित करिस, जेमा छत्तीसगढ़ी महासभा के गठन होइस जेखर अध्यक्ष डॉ खूबचंद बघेल जी ल बनाये गिस, जेमा दसरथ चौबे जी सचिव,हरि ठाकुर केयूर भूषण जी संयुक्त सचिव बनिस अउ सब्बो झन मिल के नवा छत्तीसगढ़ राज बनाये के प्रस्ताव पास करिन अउ नवा छत्तीसगढ़ राज बनाये के दिसा म आगू बढ़ीन। परदेसिया मन छत्तीसगढ़िया मन के शोषण करत देख बघेल जी अब्बड़ दु:खी होवय जेखर पीरा ह आंदोलन के संगे संग उंखर कलम म घलोक नजर अवय, बघेल जी कहे रहिस हे कि हमर भविष्य ह खराब झन होवय हम सब ल एकजुट हो के एखर खिलाफ लड़ना हे। छत्तीसगढ़ भातृ संघ बने के बाद छत्तीसगढ़िया मन के लड़ाई तेज होइस अउ छत्तीसगढ़ के मनखे मन अपन मान सम्मान बर लड़े आघु आये ल सुरु करिन। 8 अउ 9 फरवरी 1969 म नंदिनी तीर के अहिवारा गांव म दू दिन के महाधिवेशन होइस जेमा मनखे मन के अब्बड़ भीड़ होइस, जेखर बाद छत्तीसगढ़ के सपना ल अपन अन्तस म बसाये छत्तीसगढ़ के लड़ाई ल आघु बढ़ाये बर इंहा के मनखे मन ल संउप के 22 फरवरी 1969 के सरग सिधार गिस। छत्तीसगढ़ राज बने के बाद डॉ खूबचंद बघेल जी के सपना पूरा होगे, छत्तीसगढ़िया मनखे मन ल अपन अलग छत्तीसगढ़ राज मिलगे जिंहा छत्तीसगढ़िया मन छत्तीसगढ़ी बोली,भासा,संस्कृति ल आघु बढ़ाये के बुता म लग गे, संगे-संग सरकार ह बघेल जी के सम्मान म छत्तीसगढ़ राज के किसान मन ल कृषि सम्मान ले सम्मानित करे के घोषणा घलोक करिस। डॉ खूबचंद बघेल ह लेखक साहित्यकार विचारक घलोक रहिस हे, जेखर माध्यम से डॉ साहब ह छत्तीसगढ़ के मनखे मन ल जगाए के बुता करिन संग म जात-पात म बंटे मनखे मन ल एक करे के प्रयास जियत भर ले करिस।

**अनिल कुमार पाली**
**तारबाहर बिलासपुर**

# खेती-किसानी अऊ हरियाली के तिहार हरेली

हमर छत्तीसगढ म सब ले पहिली हरेली तिहार मनाए जाथे, एखर सेती एला छत्तीसगढ़ के पहिली तिहार घलो कईथन, छत्तीसगढ़ ह खेती-किसानी के राज्य हरै, इही सेती छत्तीसगढ़ ल धान के कटोरा घलो कहे जाथे, अऊ धरती दाई के कोरा घलो कईथन, हरेली तिहार के दिन बिहनिया ले किसान भाई बहिनी मन अपन अपन खेती-किसानी अऊ आजकाल के नावा नावा मशीन होथे जईसे टेक्टर, केसबिल, टेक्टर के नांगर अऊ खेती-किसानी के औजार जइसे नांगर (हल), रांपा, गैंती, कुदारी के साफ सफई करे के बाद ओखर पुजा पाठ करे जाथे, नांगर ह किसान के वो पुरखा होथे, जेखर सहयोग म खेती करथन अऊ धान के उत्पादन करे बर शुरू करथन । इही परब म गाय ल पिसान के लोन्दी घलो खवाए जाथे, हमर यादव समाज के भाई मन घर घर म नीम के डारा खोंच के आशिर्वाद देथे कि घर के सबो झन स्वस्थ्य अऊ खुश राहै, अऊ घर म कोनो किसम के बीमारी मत आवै, ये प्रकृति के ऊपर आस्था अऊ विश्वास के परमाण हरै। ये बात ल पुरा दुनिया ह मानथे कि नीम के पेड़ ह तबियत बर बहुत अच्छा होथे, ये दिन हमर छत्तीसगढ म बांस के एक खेल के जीनिस बनाए जाथे, जेन ल हमन गेड़ी कहिथन, लईका मन गेड़ी चढथे, अऊ घर म किसम किसम के पकवान बनाए जाथे। आजकाल आधुनिकता के समय म हरेली तिहार के दिन बईला दऊड़ अऊ गेड़ी दऊड़ के परतियोगिता करे जाथे, स्कूल कालेज के दीदी बहिनी मन हरियर लुगरा पहिर के पौधा लगाथे, अऊ हरियाली के कामना करथे । ये सब हमर दुनिया ल हरियर राखे के संदेश हरै, अऊ ये संदेश ल हमर छत्तीसगढ़ राज्य ह आज के नहीं बल्कि पहिली ले देवत आवत हे, काबर की हमर सीयान मन ल पता रहिस हे कि हरियर हरियर पेड़ पौधा के कतका महत्त्व हे, पेंड हवै त भोजन मिलत हे, भोजन हवै त जीवन मिलत हे। एखर सेती खेती-किसानी अऊ हरियाली के तिहार हरेली के बहुत महत्व हवै ।

– उमराव सिंह वर्मा

# चेंदरू-11

चौमासा म अतेक रझरझ बरसा होय के मनखे निकले नी सकय। सावन के झड़ी ह कभू- कभू सरलग पांच-छै दिन ले होय। मनखे ल घर ले बाहिर झांके के मौका तको नी मिलय। तेकर सेती गांव के मनखे मन गरमी के दिन सिराये के पहिली लकड़ी फाटा सकेल के राखे रहयं।

एक दिन के बात आय। जेठ नहाकत रहय। असाढ़ के आरो मिले लगिस। बादर के घुरघुराना शुरू हो चुके रहय। चेंदरू के महतारी हा झिटका सकेले बर लकर-धकर चेंदरू संग जंगल चल दिस। जात खानी मौसम बने रिहिस। दुनों मां बेटा मिल के दू बोझा झिटका सकेल डरिन। बिगन समे बिताय लकर-धकर वापिस आत राहय। रझरझ रझरझ पानी शुरू होगे।

जंगल जाय के रद्दा म बर अऊ पीपर के बड़े जिनीस रुख एके जगा म रहय। ओकरे छांव म दुनों झन ठड़िया गिन। एक सरवर पानी गिर के छोंड़ दिस। एक छिटका नी परिस दुनों के ऊपर। एको कनिक नी भिगिन। ओकर महतारी ह आत-आत रुख रई के महत्ता बताये लगिस। नानुक चेंदरू के दिमाग म रुख रई हा उही दिन ले देवता बन के बइठगे।

थोकिन जाने सुने के लइक होवत चेंदरू हा कोन्हो ला जियत रुख ला नी काटन देवय। रुख ला बचाय बर न केवल अपन गांव बल्कि तिर तखार के गांव के कोन्हो मनखे संग भिर जाय। खेती खार के बुता के सेती लइका मन के गांव के बाहिर के बर रुख म जवई अऊ खेलई कमतियागे रिहिस। एक दिन बेंदरा के फौज ह संग म खेलइया संगवारी मनला खोजत-खोजत आमा रुख म पहुंच गिस। लइका मन कोन्हो नी रिहिन।



माइलोगिन मन पनिहा जात रिहिन। बेंदरा के फौज ला देख पारिन। दू-चार ठिन पथरा मार दिन। बेंदरा मन ला परगे... ओमन भड़क गिन अऊ मनमाने उत्पात मचा दिन। चारों खुंट जझरंग- जझरंग कूदत भागे लगिन। तिर तखार के जम्मो छानी परवा के हाल बेहाल होगे। गांव के सियान मन जंगल ले लहुटिन तहन अपन-अपन घर के दुर्दशा ला देख माथा धर लिन। घुरुर-घारर के दिन म खेत कमाये या छानी परवा ला दुरुस्त करय। फिकर म दूसर दिन आमा के रुख ला काटे बर पहुंच गिन।

गांव म मनखे मन के बीच बाता बाती होय लगिस। आमा रुख के तिर म रहवइया मन रुख ला काटना चाहय अऊ दूसर मन काटन नी देवत रहय। चेंदरू के घर घला आमा रुख के तिर म रिहिस फेर ओकर ददा हा लइका मन के खेले के जगा आय कहत रुख ला काटे बर मना करिस। बाकी मन नी मानिन। ओमन टंगिया धर रुख खाल्हे पहुंच गिन।

चेंदरू के मन म रुख रई हा भगवान के रूप म रिहिस। ओहा अपन संगवारी मन ला उकसइस। सबो झन आमा के रुख ल पोटार के खड़े हो गिन। सियान मन कतको किहिन लइका मन घुचबेच नी करिन । गांव म बइसका सकलागे।

चेंदरू अऊ ओकर संगवारी मनके बेंदरा मन संग मितानी हो चुके रहय। चेंदरू हा गांव वाले मनला बतइस के अब बेंदरा मन ला गांव भितरी आवन नी दन। हमन ला एक मौका अऊ देवव। आखरी घांव कहत लोगन मान गिन।

कुछ दिन म चारों डहर के आमा, अमली के जंगल हा चेंदरू अऊ ओकर संगवारी मन के खेले के जगा बनगे। अब बेंदरा मन ये पार नी आवय। अब गांव वाले मन एती के रुख ला काट के नी लेगय। नरवा तिर के खमखरहा होवत वीरान जंगल आबाद होगे।

चेंदरू संग बेंदरा मन के मितानी हा अऊ पोक्खागे। अब ओमन जंगल म मिलय अऊ उंहे खेलय। सबो के छानी परवा बांचगे। रुख रई घला अपन विनाश ले बांचगे। नानुक चेंदरू के अक्कल काम कर गिस।

**हरिशंकर प्रसाद देवांगन, छुरा .**

# करजा

**कहिनी**

मनखे के जिनगी चलत हे त चलत हे। जब तक सांसा के डोर लमे हे, जिनगी हे। ये डोर कब पूर जही? कोनो नइ जानय? कब काखर तन ह डोल जही, एकरो कोनोच ठिकाना नइ हे? बने-बने देखे अउ दिखे, तब तक स..बो बने-बने आय। एक छिन म का ले का नइ हो जथे। रद्दा बाट चलत हपटे ले घलव...जी छूट जथे। एक ठन बहाना भर तो चाही हंसा ल उड़ाय बर। रखइया उही अउ बचइया तो उहीच ऊपर वाले आय। लेगही राम त राखही कोन, राखही राम त लेगही कोन। बाकी सब झन इहां उही ऊपर वाले के हाथ के खेलौना ए। बाजारू खेलौना कभू-कभू खेलते-खेलत नइ चले, बिगड़ जथे, वइसनेच सुरेश संग होइस। साग-भाजी बिसाय बजार गे रहिस, लहुटत खानी ओकर जेवनी हाथ लरघे लगिस। हाथ के झोला छूटगे। सुरेश बजार ठउर म चक्कर खाके गिरगे। लोगन जुरियाय लगिन। बेहोश सुरेश के मुंह म पानी के छींटा मारे ले होश आइस। फेर ओकर मुंह ले निकलत आवाज कोनो ल समझ नि आवत रहिसे। हकलाय ल धरलिस सुरेश ह। कोनो-कोनो कहे लगिन कि एला तो लकवा मार दे हे, तइसे लागत हे। एकर एकंगू कोती ह नइ चलत हे। मुंह घलव थोकिन टेड़गिया गे हे कहिनउ दिखत हे। हाथ ह झूलना सहीं झूले धर ले हे। चिन्हार मन तुरते अस्पताल लेगिन अउ ओकर घर म आरो करिन। डॉक्टर ह सुरेश के जांच करिस अउ तुरते हायर सेंटर ले जाय के सुझाव दिस। अब तक ओकर गोसाइन अंजनी अस्पताल आगे रहिस। इहां मरे-जिये बर दूनो-परानी रहिथे। दू झन लइका हें। दूनो लइका मन शहर म रहिथें। ओमन ल फोन म सुरेश के तबीयत डोले अउ ओला रायपुर लेगे के आरो दे दे गिस अउ झट ले रायपुर बलाय गिस। एती ले सुरेश ल एम्बुलेंस म रायपुर ले जाय के जम्मो तियारी होगे रहिस, एम्बुलेंस गाड़ी म ओकर सुवारी अंजनी संग परोसी रामखेलावन घलव गिस। अंजनी बपुरी नारी-परानी भला अकेल्ला काय कर पातिस।

सुरेश मन अपन दाई-ददा के चार लइका। सुरेश अउ रेवा दू भाई अउ दू बहिनी रहिन। दूनो भाई, भाई-बहिनी म सब ले बड़े अउ सब ले छोटे ए। रेवा गुरुजी हावय। हाईस्कूल म पोस्टिंग हे। विज्ञान के लेक्चरर आय। दूनो बहिनी मन के बर बिहा होगे हे। अपन-अपन घर परिवार म बढ़िया खुश हें। सुरेश के मन पढ़ई-लिखई म नइ रहिस। दसवीं क्लास ल दू बछर म नइ निकाले सकिस। ददा के गुजरे के दू बछर पाछू महतारी घलव दुनिया ल छोड़ परलोक चल दीस। तब घर म जमीन के नांव म तीन एकड़ रहिस। घर ह चार कुरिया के कच्चा मकान रहिस। फेर ददा के बीमारी म करजा ऊपर करजा चढ़गे रहिस। फेर ददा ल नइ बचा पाइन। दूधो गिस अउ दुहनी घलव चले गिस। दाई के बहू हाथ के पानी पिए के सउंक म करजा सुरसा सहीं अउ बाढ़गे रहिस।

अस्पताल के पहुंचत ले बड़े बेटा धरसीवां ले रायपुर हबर गे रहिस। छोटे बेटा ह धमतरी ले आवत हे। उहू ह नौकरी के चलत धमतरी म अपन परिवार सहित रहिथे। धरसीवां वाले ह प्राइवेट पावर प्लांट म नौकरी म हाबे। उही ह परोसी रामखेलावन संग भर्ती कराय के पहिली के जम्मो भाग-दौड़ करिस। जरूरी जांच के होवत ले छोटे बेटा घलव पहुंचगे रहिस। ओकरे संगेसंग रेवा घलव हबरिस। रेवा ल बड़े भतीजा ह फोन म जानबा दे डारे रहिस हे। रिपोर्ट आइस ऊपर ले डॉक्टर बताइस कि सुरेश ल अभी हफ्ता भर अस्पताल म राखे ल परही। दवा ले ठीक होय के उम्मीद हे। डॉक्टर बतावत कहिस- यदि तीन दिन में इनके स्वास्थ्य में इम्प्रुव नहीं दिखेगा तो ऑपरेशन करना पड़ेगा। फिलहाल ऑपरेशन करने जैसी कोई बात नहीं है। समय में पहुंचने और त्वरित इलाज मिलने से अब कोई डरने वाली बात नहीं है।

दू दिन के गेय ले सुरेश ल आईसीयू ले जनरल वार्ड म शिफ्ट कर दे गिस। ओकर तबीयत म बने सुधार होवत हे लगिस। मंझनिया के बेरा छोटे बेटा के मोबाइल म फोन आइस। दूसर कोती ले आवाज आइस- और कितने दिन चिपके रहोगे, एक तुम ही नहीं हो, तुम्हारा बड़ा भाई भी तो है, करने दो उनको उनकी देखभाल। उसका भी बाप है। उसे भी बेटे का फर्ज़ निभाने दो। वहां डटे रहोगे तो हमारी ही जेब खाली होगी। दूसर कोती ले छोटे बेटा के घरवाली बोलत रहिस हे। जेकर मन म ससुर के तबीयत ले जादा पइसा बचाय के संसो रहिस। ओला इहू नइ मालूम रिहिस कि अभी अस्पताल म दूनो भाई हवय।

ए बीच छोटे बेटा अपन गोसाइन ल चुप कराय के बहुते कोशिश करिस। फेर ओती ले अवई आवाज थोरको नइ थिरकिस। जना-मना कोनो रिकार्ड बजत हवय, जेन ल बंद करबे तभे बंद होथे कहिनउक। अभी तक छोटे बेटा के मोबाइल के स्पीकर ऑन रहिस हे, तेला ओहा बंद करिस। अभी तक छोटे बहू जेन भी कहिस ओला सुरेश घलव सुन डरिस। हैलो हैलो हैलो... काहत आवाज नइ आवत हे...के बहाना करत छोटे बेटा दाई-ददा तिर ले दुरिहा गिस। महतारी घलव छोटे बहू के ए गोठ सुन डारतिस, फेर पानी के बाटल ल भरे बर चल दे रहिस हे। बपुरा सुरेश ह छोटे बहू के गोठ ल सुन के अपन गोसाइन अंजनी मेर नि कहि सकिस। कहितिस कइसे, लोकवा ह ओकर मुंह ल धर ले हे। ओकर भाखा ह नइ ओरखावय। फेर अंजनी ल देख मन के जम्मो पीरा सावन-भादो के नरवा-नदिया के पूरा कस बोहाय लगिस। अंजनी समझिस कि बेटा मन के दौड़-धूप ल देखत रोवत हे।

छोटे बेटा वार्ड के बाहिर परछी म आइस अउ अपन गोसाइन ल चमकाय लगिस। थोरको दम नइ धरस। मैं चुप करात हंव त चुप हो जते त का होतिस? सबो गोठ ल ददा ह सुन डरिस। का कहि ददा ह मोला?

-बने च होइस, अइसन म अपन बड़े बेटा ल घलो खरचा करे बर कइही। तिहींच ह काबर खरचा करबे, ददा तो दूनो के ए का? थोकिन राग लमावत छोटे बहू अपन गोसइया के मति भरमावत कहिस।

-तोला तो बस अपनेच पइसा के संसो रहिथे। अइसनेच तो बड़की घलव कहि सकथे का? ओमन बड़े भले ए, उंकर नौकरी ह प्राइवेट हरे। वेतन कमती हे। थोरिक सोच कइसे घर चलावत होही? छोटे बेटा अपन घरवाली ल समझाय के कोशिश करे लगिस।

-ओकर ले हम ल का करना हे? ओकर घर चलाय के ठेका हमर नोहय। बंटवारा तो बराबर पाही का? त खरचा घलव बराबर करय न। ए दारी छोटे बहू के सुर ले अपन गोसइया बर रिस झलकत रहिस हे।

सुन तो अभी तक मोर बड़े भाई ह मोला एक आना खरचा करन नइ दे हे, सबो दवा-पानी उही च ह बिसाय हे। अब मोर पारी हे कि महू ....घरवाला के गोठ ल पूरे नइ रहिस अउ छोटे बहू बीच म कहे लगिस

-बड़े आए.. खरचा नइ करही त कइसे बनही। सरी दुनिया उही ल बद्दी दिही। उन ल बद्दी ले बचाय के धरम तुंहर ए, उंकर छोटे भाई जेन आव। ए दारी छोटे बहू अपन घरवाले ल धरम के पाठ पढ़ाय लगिस।

थोरिक बेर ले दूनो कोई चुप रहिन। छोटे बेटा समझ नि पावत हे कि वो का करय? इही बीच ओती ले फेर आवाज आइस- अपन लइका मन ल देख, उंकर मुँह म पैरा झन गोंज। तुरते लहुट आव अउ अपन ड्यूटी म जाव। मया के रस ले पागे ब्लेकमेल करे लगिस।

बेरा आछत छोटे बेटा अपन दाई अउ भैया मेर कहिस कि आफिस कोती जरूरी काम आगे हे, मोला काली ड्यूटी म खच्चित हाजिर होय ल परही। सुरेश छोटे बेटा के बहाना ल समझ गिस, फेर करय का? अंतस् फाट गिस। बिस्तर म परे-परे अपन छाती म पखरा रख यहू पीरा ल सहे लगिस। एक आना नइ लगाय हे अउ हाथ बांधे लहुटगे। वो जान डरिस कि ए नौकरिहा बेटा ह मोर इलाज बर पइसा खरचा नि करना चाहत हे। जे कर नौकरी बर घर के एक एकड़ पुरखौती खेती ल बेच घूस दे रेहेंव। सोचे रेहेंव लइका ह मोर धन आय। आज मोर वो खेती रहितिस त मोर काम आतिस। ओला पुरखा मन के गोठ सुरता आवत रहिस, पूत सपूत त का धन संचय, पूत कपूत त का धन संचय।

सुरेश बांचे खेती ल दूनो बेटा म बंटवारा कर दिस। बांह भरोसा रहिगे। अथक होय म दूनो बेटा के आसरा तो हे च। अंजनी बड़ चेताइस कि जम्मो जिनिस ल झन बांट अपनों बर कुछु रख ले। बेरा-कुबेरा काम आही, फेर अंजनी के गोठ ल हवा म उड़ा दे रहिस छै बछर पहिली। बड़ गरब रहिस सुरेश ल अपन दूनो बेटा ऊपर। छोटे बेटा के बहाना बाजी ले बड़े बेटा ले भरोसा का करतिस। सुरेश ल अंजनी के एक-एक गोठ के सुरता आवत हे। नवा जमाना के नवा लइका ए, हिरक के नइ देखय दाई-ददा ल। अपन म मस्त हो जही। भुला जही कि एकर दम म ठाड़ होय हन। कहे लगही- जेन तुमन करे हव, तेन तो सबो दाई-ददा करथें। दाई-ददा के धरम आय। तैं सिरिफ अपन धरम निभाय हस कहिके दुत्कारहीं। अइसने तो केहे रहिस अंजनी ह। अंजनी ल देखत सुरेश ओकर जम्मो गोठ ल सुरता करत हे। अउ ऑखी ले तर-तर ऑंसू ढरके लगिस। अंजनी अभियो इही समझिस कि छोटे बेटा के लहुटे के दुख म ओकर ऑखी ले गंगा-जमुना बहे लगे हे।

बड़े बेटा जेन अभी तक दवा पानी के बिल पटावत आय हे, ओकर हिम्मत घलव टूटे लगिस। जब बिहना पता चलिस कि ददा ल अधरतिहा सुते दसना म अटैक आ गिस अउ ओकर तबीयत अउ जादा डोल गे। अपन फरज निभाय म आगू रहिस। फेर जुच्छा हाथ करही त करही का? जतका पैसा रिहिस ओ तो उरके लगिस। प्राइवेट कंपनी म कमती वेतन के भरोसा चार परानी के परिवार के गाड़ी ल खींचत थोके-थोके सकेले जमा पइसा तीन लाख तो रिहिस फेर आठ दिन म जांच, दवा दारू म पचास हजार बस बांच गे रिहिस अउ एती ओकर ददा सुरेश के तबीयत अउ बिगड़ गिस। संसो तो होबे करही। इही संसो म बूड़े बड़े बेटा अपन चाचा रेवा ल फोन करिस अउ कहिस

- चाचा ! ददा के तबीयत ह अउ बिगड़ गे हे। मोर करा अब पइसा बचे घलव नइ हे। जरूरत परे म आप पइसा जुगाड़हू। मैं इहां कति ल गोहराहूं। आगू-पाछू मैं आप ल चुकता कर देहूँ।

दूसर कोती ले रेवा चाचा के आवाज आइस- बेटा! तैं पइसा के संसो झन कर। मैं हंव अभी, सुरेश ह तोर बाप आय, त मोर भैया घलव आय। भैया ह दू बूंद लहू छोड़िस, त दाई ह मोला जन्म दिस हे। बांटे भाई परोसी होगेन त का होगे? पहिली भाई तो आंव न सुरेश भैया के? रेवा कका के अतका गोठ ल सुन के बड़े बेटा के मन के बेचैनी भागिस हे।

> **दूसर कोती ले रेवा चाचा के आवाज आइस- बेटा! तैं पइसा के संसो झन कर। मैं हंव अभी, सुरेश ह तोर बाप आय, त मोर भैया घलव आय। भैया ह दू बूंद लहू छोड़िस, त दाई ह मोला जन्म दिस हे। बाटे भाई परोसी होगेन त का होगे? पहिली भाई तो आंव न सुरेश भैया के? रेवा कका के अतका गोठ ल सुन के बड़े बेटा के मन के बेचैनी भागिस हे।**

-आप थोरेचकन म बिकट घबरा जथव। बाबू जी ल कुछु नइ होवय, देखहू बाबू जी जल्दी बने हो जही।... मैं ह अपन भैया ले पइसा के गोठ करे हंव। थोर बहुत उहों ले जुगाड़ हो जही। जादा संसो झन करव। अटके म मोर गहना मन ल बेच लेबो। इही दिन म काम आथे गहना गुँठा मन। बड़े बहू ह पीछू कोती खांध म हाथ रखत कहिस। बड़े बेटा के टूटे मन के हिम्मत अउ बाढ़िस।

रेवा ह ड्यूटी के बाद दिन बुड़तिहा अस्पताल हबर गिस। भतीजा ले हाल चाल पूछिस। जांच रिपोर्ट आगे रहिस। ओला दिखावत बड़े बेटा के चेहरा म संतोष के भाव साफ दिखत रहिस। रिपोर्ट म घबराय के कोनो बात नइ रहिस। रेवा अपन पर्स ले एटीएम कार्ड निकाल के बड़े भतीजा ल दिस। पिन घलव बताइस अउ कहिस जतका जरूरत परही निकाल लेबे अउ कोनो मेर हाथ लमाय के बारी नइ आही।

रेवा ल निम्न पद ले उच्च पद म आय के जम्पिंग वाला एरियस दस लाख रूपिया ले आगर मिले रहिस। रेवा ल सुरता हावे ददा के आंखी मूंदे पाछू भैया के परसादे बारवीं पढ़ पाय रहिस। अउ शिक्षाकर्मी 3 के पद पाय रहिस। ओ बेरा पंद्रह हजार के घूस नइ देवाय रहितिस त नौकरी नइ लगे रहितिस। आज रेवा बड़ खुश हे कि ओकर एरियस के पइसा ह बने अड़चन के बेरा म मिले हे।

अंजनी ह कका-भतीजा के बीच होय गोठ ल सुन सुरेश ल बतावत हे कि रेवा ह बिपत के घड़ी म हमर बर सउंहत भगवान बरोबर कइसे खड़े हावय, अउ सरी गोठ ल सुन? सुरेश के आंखी डबडबागे। फेर ए दारी सुरेश के आंखी के आंसू खुशी के रहिस। सुरेश ल लागे लगिस कि मोर बेटा के हियाव करइया मोर भाई हे। संसो बादर छंटगे।

रेवा ल सुरता हे, के ओकर मना करे के बावजूद पंद्रह हजार दे के फइसला सुरेश के रहिस। जेन मन पइसा नइ देइन, उंकर पोस्टिंग नइ होइस। पद खाली रख दे रहिन हे। भले वो समे घर म तंगी के दिन रहिस। रेवा ल सब सुरता आवत हे, ददा के सरग सिधारे के पाछू ओकर इलाज पानी म खरचा ले चढ़े करजा उतरे नइ रहिस अउ अपन दूनो बांह भरोसा सुरेश भैया कइसे पंद्रह हजार के नवा करजा अपन मुड़ म लाद ले रहिस हे। आज रेवा अपन भैया के उही करजा ल उतारे के कोशिश म हे। जेन करजा के नेंव ले आज वोहर अपन पांव म खड़े हे।

**पोखन लाल जायसवाल,पलारी**
**( पठारीडीह )जिला बलौदाबाजार-भाटापारा**

## सावन के रिमझिम फुहार

कभु करे छांव त कभु धुप
खेलय जइसे लुका-छुप
भुंईयां धरे हे नवा रूप
मेंचका हाँसय कले चुप
धान के थरहा करे जोहार
सावन के रिमझिम फुहार।

घटा छाये हे घनघोर
हरियर हरियर चहुंओर
मछरी चढ़े कोरे-कोर
मंजूर नाचे होके सराबोर
गांव म गोरी करे सिंगार
सावन के रिमझिम फुहार।

लहलहाए धनहा डोली
नीक लागे गोरी के बोली
सखी सहेली करे ठिठोली
अंगना म सजे हे रंगोली
गेड़ी चढ़ मनाय हरेली-तिहार
सावन के रिमझिम फुहार।

भोले के द्वार सजे तरिया पार
पूजा करे चढ़ाय बेलपान हार
जल चढ़ाएं निकले हे घर द्वार
बोल-बम बोले करे जै-जैकार
मंदिर देवालय म छाये बहार
सावन के रिमझिम फुहार।।

**देव हीरा लहरी, चंदखुरी फार्म, रायपुर**

## शिव शंकर महादेवा

काल के महाकाल कहावय, शिव शंकर महादेवा

भक्त नमन के भाग जागे जेन करे तोर सेवा !

अंग म राख,भभूत चुपरे बइला म करें सवारी,

भूत,प्रेत अउ मरी मसान जम्मों तोर संगवारी।
दानी नइ हे तोर असन कस हे सम्भू त्रिपुरारी,
कतका तोर जस ल गाववं महिमा हे बड़ भारी!
गंगा हर तोर जटा म साधे, कहाय तै जटाधारी,
बघुवा के तैं खाल पहिरे जय हो डमरूधारी !

गणेश, कार्तिक तोर लाल कहावय पार्वती सुवारी,
तोर पउरी म माथ नवावयं जम्मो नर,नारी !
असुर मन कतकोन छलिस तोला सिधवा जान,
हलाहल के पान करइय्या नीलकंठ भगवान !

CMYK

# देशबन्धु संस्कारधानी

5 बिलासपुर

रविवार, 27 जुलाई 2025

उल्टा पुल्टा

लड़की (अकड़ दिखाते हुए)- तुम नहीं जानते, लोग मरते हैं मुझ पर.

मंटू- क्यों, तुम क्या किसी सरकारी अस्पताल का बिस्तर हो?

## कारगिल युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय- भुवन सिंह



### कारगिल विजय दिवस पर पं. सुंदरलाल शर्मा विवि में हुआ आयोजन

**बिलासपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ में आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय सेना के शौर्य, बलिदान और राष्ट्रप्रेम को स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करना था। कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के सिहावा सभागार में हुआ, जहां प्राध्यापकों एवं विश्वविद्यालय के अधिकारियों कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभागिता की।

इस विशेष अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव भुवन सिंह राज ने अपने प्रभावशाली वक्तव्य में कहा, कारगिल युद्ध भारत के सैन्य इतिहास का वह स्वर्णिम अध्याय है, जिसने हमें यह सिखाया कि मातृभूमि की रक्षा के लिए कोई भी बलिदान छोटा नहीं होता। उन्होंने कारगिल युद्ध के प्रमुख शूरवीरों जैसे कैप्टन विक्रम बत्रा, ग्रेनेडियर योगेंद्र सिंह यादव, मेजर मनोज कुमार पांडेय आदि के अद्भुत साहस और देशभक्ति की गाथाओं को छात्रों के समक्ष साझा किया, जिससे सभागार भावविभोर हो गया।

कुलसचिव श्री राज ने कहा कि आज के युवा को न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में प्रगति करनी चाहिए, बल्कि उन्हें राष्ट्रसेवा के प्रति भी सजग रहना चाहिए। उन्होंने कहा, देश की सुरक्षा केवल सीमाओं पर लड़ने वाले जवानों की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी नागरिकों की भी नैतिक जिम्मेदारी है कि हम अपने कार्यों और आचरण से राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखें।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और शहीदों को मौन श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे परीक्षा नियंत्रक मनीष साव ने कारगिल विजय की 26वीं वर्षगांठ पर बोलते हुए कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि भारत की सेना किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम है। साथ ही, यह दिन देश के उन सपूतों की स्मृति को जीवित रखने का अवसर है जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया।

विश्वविद्यालय के निदेशक प्रो. हीरालाल शर्मा, प्रो. धनंजय मिश्रा ने अपने संबोधन में सभा को आह्वान करते हुए कहा कि वे अपने जीवन में अनुशासन, समर्पण और राष्ट्रप्रेम को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है और उनके विचारों में यदि राष्ट्रप्रेम होगा, तो भारत को कोई ताकत पीछे नहीं कर सकती। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के सामूहिक गायन के साथ किया गया। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि का अवसर था, बल्कि नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गया।

# मलेरिया से बचने मच्छरदानी खरीदने का कलेक्टर ने दिए निर्देश

### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित



**बिलासपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तेजी से काम करने की बात कही है। कलेक्टर ने मलेरिया से बचाव के लिए मच्छरदानी खरीदने के प्रस्ताव देने के निर्देश दिए है। आयुष्मान कार्ड से इलाज के मामले में दगोरी अस्पताल की प्रशंसा की। टीबी मरीजों की मदद के लिए निक्षय मित्र बनने की अपील की गई।

कलेक्टर संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय की बैठक आज आयोजित की गई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित तमाम हितग्राही मूलक योजनाओं की समीक्षा कर उनमें और तेज गति से काम करने के निर्देश दिए। व्यापक संसाधनों की उपलब्धता के बावजूद कई स्वास्थ्य सूचकांकों में जिले के नीचले पायदान में रहने पर कलेक्टर ने अप्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि अब बोलने का नहीं बल्कि तेजी काम करने का समय आ गया है। किसी तरह की कोताही अथवा हीला-हवाला बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी लोग एक निश्चित कार्य-योजना बनाकर निरंतर काम पर अपेक्षित परिणाम दें। कलेक्टर ने आयुष्मान कार्ड के लिए विभाग को प्रतिदिन 5 हजार कार्ड बनाने का लक्ष्य दिया। अब तक कार्ड निर्माण में शिथिलता पाई गई। पिछले दो माह में केवल 32 हजार कार्ड बनाये गये। जिले में अब तक केवल 74 प्रतिशत लोगों के कार्ड बने हैं। जबकि राज्य का औसत 88.2 प्रतिशत हैं। रैंकिंग में राज्य के सभी जिलों में से आखिरी 33 वें नम्बर पर है। आयुष्मान कार्ड से इलाज करने में भी सरकारी अस्पताल पीछे हैं। ज्यादा से ज्यादा लोगों को भर्ती कर उपचार करने के निर्देश दिए।

### माता का पंजीयन छूटना नहीं चाहिए

पीएचसी दगौरी जैसे छोटे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र द्वारा 42 लाख रूपये का भुगतान दावा किये जाने पर उसकी सराहना की गई। उनके द्वारा 615 लोगों का इलाज किया गया है। कलेक्टर ने हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनकी सतत् निगरानी करते रहने के निर्देश दिए ताकि किसी भी महिला का प्रसव के दौरान मृत्यु न हो। उन्होंने कहा कि हर गर्भवती माता का पंजीयन होना चाहिए ताकि सभी प्रकार के टीके उन्हें लग सके। एक भी महिला पंजीयन से छूटना नहीं चाहिए।

### कुपोषित बच्चों को भर्ती कर लाभ दे

प्रसव के उपरांत प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना का लाभ भी दिलाया जाए प्रथम प्रसव में दो किश्तों में 5 हजार और दूसरे प्रसव में लड़की होने पर 6 हजार रूपए प्रोत्साहन राशि दी जाती है। शिशु मृत्यु की रिपोर्टिंग में त्रुटि होने पर इसे सुधारने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि पोषण पुनर्वास केन्द्रों में एक भी बेड रिक्त नहीं रहने चाहिए। स्वास्थ्य के साथ महिला एवं बाल विकास विभाग की भी जिम्मेदारी इसमें बनती है। पिछले 3 माह में 198 कुपोषित बच्चों को इसमें भर्ती कर लाभान्वित किया गया है।

### बच्चों की जांच कर दवाईयां दे

कलेक्टर ने एनीमिया मुक्त अभियान के अंतर्गत हाई स्कूल की सभी बच्चियों की जांच करने और दवाईयां देने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षय रोग उपचार के लिए ज्यादा से ज्यादा निक्षय मित्र बनाने को कहा है। फिलहाल 1,624 क्षय रोगियों का इलाज चल रहा है। कलेक्टर ने मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रम की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि अब तक जिले में 38 प्रकरण आये हैं। कोटा क्षेत्र में इस बीमारी के केस मिलते हैं। उन्होंने कहा कि मलेरिया से एक भी मरीज की मृत्यु न हो इसके लिए सभी उपाय सुनिश्चित करें। उन्होंने मच्छरदानी एवं मास्क्रिटो रिपेलेन्ट के लिए प्रस्ताव देने के निर्देश भी दिए।

### गंभीर बीमारी की समय पूर्व सूचना मिले

कलेक्टर ने कहा कि चिरायु योजना के अंतर्गत आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में नियमित रूप से डॉक्टरों की टीम पहुंचे। एक भी बच्चा स्वास्थ्य जांच से वंचित नहीं होना चाहिए। गंभीर बीमारी की समय पूर्व सूचना मिल जाने पर आगे उनका मुफ्त इलाज सुनिश्चित किया जायेगा। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल, सीएमएचओ डॉ शुभा गढ़ेवाल, सिविल सर्जन डॉ. अनिल गुप्ता, जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. यशवंत ध्रुव, डीपीओ सुरेश सिंह, डीपीएम पियुली मजूमदार, डाक्टर गायत्री बांधी सहित सहित स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ और विभिन्न राष्ट्रीय योजनाओं के प्रभारी अधिकारी उपस्थित थे।

## सार-संक्षेप


### कांग्रेस पार्टी भ्रष्टाचार का पर्याय-अमर अग्रवाल



**बिलासपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। आज संवाद अमर भैया के साथ कार्यक्रम के 10वें संस्करण में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर विधायक अमर अग्रवाल ने कांग्रेसी करप्शन की कहानी विषय पर जनता से चर्चा की। इस कार्यक्रम में उन्होंने 1947 से लेकर 2025 तक के कांग्रेस शासन के दौरान हुए राष्ट्रीय और पांच सालों में छत्तीसगढ़ में हुए भ्रष्टाचार के मामलों को तथ्यात्मक रूप से जनता के सामने रखा।

अपने वक्तव्य में श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार के पांच वर्षों का शासन पूरी तरह से घोटालों, कमीशनखोरी और जनविरोधी निर्णयों से भरा रहा। भर्ती घोटाले में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हुआ, जबकि शराब घोटाले में हजारों करोड़ की अवैध कमाई की गई। कोल परिवहन घोटाले ने दिखा दिया कि किस तरह सत्ता का दुरुपयोग किया गया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि कांग्रेस सरकार ने आम जनता के अधिकारों को लूटने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अमर अग्रवाल ने यह भी याद दिलाया कि राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस का इतिहास, बोफोर्स, 2जी, कोलगेट और कॉमनवेल्थ गेम्स जैसे बड़े घोटालों से भरा रहा है। इस संवाद कार्यक्रम के दौरान अमर अग्रवाल ने युवाओं से आमने-सामने बातचीत की और यह बातचीत का हिस्सा बड़ा रोचक रहा। उन्होंने कहा कि संवाद के ही तर्ज पर एक नई पहल की जाएगी, जिसमें बिलासपुर की जनता बड़ी संख्या में अपने विधायक के साथ डिजिटली जुड़कर बिलासपुर को छत्तीसगढ़ का नंबर 1 शहर बनाने के लिए आवश्यक विषयों पर चर्चा कर सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल की जानकारी उनके सोशल मीडिया के माध्यम से क्षेत्रवासियों तक पहुंचाई जाएगी। संवाद एक डिजिटल कार्यक्रम है जो कि अमर अग्रवाल द्वारा हर महीने के अंतिम शनिवार को आयोजित की जाती है, श्री अग्रवाल के इस पहल को जनता का भी भरपूर आशीर्वाद मिल रहा है।

### हरियर रहे सदैव हम सब-ज्योति रंजन



**बिलासपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। हरियाली तीज के उपलक्ष्य में प्रत्येक महिला संगठनों द्वारा सावन के झूले के साथ कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। भारतीय स्टेट बैंक के डीजीएम की अर्द्धांगिनी श्रीमती ज्योति रंजन के नेतृत्व में स्टेट बैंक अधिकारियों की धर्मपत्नियों के लेडीज क्लब द्वारा सावन की प्रसिद्ध हरियाली तीज पर बैंक के गेस्ट हाउस में रंगारंग किटी पार्टी में मनोरंजक खेल द्वारा महिलाओं के समग्र विकास व उत्थान हेतु सार्थक उपाय बताते हुए विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इनमें श्रीमती ज्योति रंजन, आकांक्षा राय, जॉली झा, पायल मित्तल, मोनिका अग्रवाल, अर्चना मित्तल, श्वेता प्रसाद, दीपाली अग्रवाल, लीना यदु, संतोषी खरे आदि प्रमुख रहीं। श्रीमती ज्योति रंजन ने बताया कि सावन की हरियाली सदैव कायम रहे। बिलासपुर हरा भरा रहे।

### बिलासपुर-रीवा एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच

**बिलासपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर यात्रा सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध कराने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा अस्थायी रूप से उपलब्ध कराई जा रही है। यह सुविधा बिलासपुर से 30 जुलाई 2025 से 31 अक्टूबर 2025 तक एवं रीवा से दिनाँक 31 जुलाई 2025 से 01 नवम्बर 2025 तक उपलब्ध रहेगी। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा सम्मेलन की तैयारी को लेकर हुई बैठक



**बिलासपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। शहर में होने वाले भाजपा के पिछड़ा वर्ग मोर्चा सम्मेलन की तैयारियों को लेकर आज जिला भाजपा कार्यालय में समीक्षा बैठक बुलाई गई जिसमें कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर विचार कर जिम्मेदारियों का निर्धारण किया गया भाजपा पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष शहर दीपक सिंह और ग्रामीण जिला के अध्यक्ष मोहित जायसवाल की उपस्थिति में हुई इस बैठक में जिला अंतर्गत आने वाले मोर्चा के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाया गया था जिनके साथ कार्यक्रम के रूपरेखा तैयार किए।

कार्यक्रम के संभाग सह संयोजक दिलेन्द्र कौशिल ने बताया कि बताया कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा आयोजित होने वाले संभाग स्तरिय समेलन में एक देश एक चुनाव, जाति जनगणना, संकल्प से सिद्धि तक, सेवा सुशासन एवं गरीब कल्याण के अमृत कालऔर एक पेड़ माँ के नाम विषय पर राष्ट्रीय व प्रदेश स्तर के पदाधिकारियों, मंत्री, सांसद और विधायकों के द्वारा मार्गदर्शन किया जावेगा पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जिला बिलासपुर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार कौशिक ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय किए गए को सफ़ल बनाने में हमें अपने योगदान सुनिश्चित करने होंगे अत: कार्यक्रम को निष्ठा पूर्वक जिला के सभी वरिष्ठ नेताओं, जनप्रतिनिधियों के और पदाधिकारियो के मार्गदर्शन और सहयोग कार्यक्रम को सफल किया जावेगा उन्होंने बताया कि 31 जुलाई को सिम्स सभागार में कार्यक्रम करना तय किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शैलेन्द्र यादव ने किया आभार वाचन महामंत्री यदुराम साहू ने किया। बैठक में राजेश कुमार रजक, उमेश कुमार यादव, महामंत्री शैलेन्द्र यादव, यदुराम साहू, नरोत्तम श्रीवास, रमेश जायसवाल, सुनिल श्रीवास, महाराज सिंह, मोहन श्रीवास, धर्मेंद्र चंद्राकर, डॉ जमुना कौशिक, दुर्गा पटेल, अनिल कुमार कश्यप, सुरेश कुमार केवल, अनिल बलेचा मेलूराम साहू, संजय कुमार गुप्ता, विनोद कुमार कसेर, सपन विरले, राजेश कुमार साहू, अजीत राम पटेल, सुलेश पाण्डे, देवचरण यादव, देवेंद्र जायसवाल, कृष्ण कुमार साहू कामता यादव, बजरंग जायसवाल सहित जिला के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए छात्रों की संख्या 80 फीसदी हुई कम

### विडंबना 29 जुलाई तक भरे जाने हैं फॉर्म

### शासन-प्रशासन भी नहीं जगा पा रहे रुचि




**बिलासपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में सरकारी स्तरीय शिक्षण संस्थानों की कमी है और जो संस्थान है, वह भी संसाधन एवं शिक्षक की कमी की वजह से विद्यार्थियों को शिक्षण की बेहतर गतिविधियों से जोड़े रखने के लिए अपर्याप्त हैं।

इन विद्यार्थियों को उचित शिक्षा दिलाने के लिए शासन ने कई स्कूल खोल रखें हैं, जिनमे इन बच्चों का शैक्षणिक स्तर उठाने के लिए सभी उच्च स्तर जरूरी संसाधन मौजूद है वह भी बेहद रियायती दर पर इनसे जुड़कर वे देश के मुख्य धारा में आसानी से जुड़ सकते हैं। ऐसा ही स्कूल है जवाहर नवोदय विद्यालय जहां प्रवेश के लिए एक सामान्य सी परीक्षा प्रक्रिया से विद्यार्थियों को गुजरना होता है। इस साल यह परीक्षा 13 दिसम्बर 2025 को आयोजित होगी। जिले के दूर दराज के विद्यार्थियों को संपूर्ण शिक्षण परिवेश से जोड़ने के लिए जवाहर नवोदय जैसे शिक्षण संस्थान संचालित है, जिसमे अध्ययन, छात्रावास व भोजन एवं अन्य सभी सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क है। अचरज की बात ये है, कि बीते साल की तुलना में इस साल नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने के लिए बिलासपुर जिले के छात्रों का न के बराबर रूचि रही है या यह कहें कि सभी छात्रों तक इसकी जानकारी नहीं पहुंची। एक अनुमान के मुताबिक सत्र 2024-25 की तुलना में इस साल फॉर्म भरने की संख्या में 80 फीसदी तक की गिरावट पाई गई है। पिछले साल नवोदय विद्यालय के लिए लगभग 7200 से ज्यादा फॉर्म भरे गए थे, उसकी तुलना में इस साल अभी तक सिर्फ लगभग 1400 छात्रों ने फॉर्म भरे हैं। इस साल अंतिम तारीख 29 जुलाई 2025 है।

### शहरी अंचल को अग्रणी बनाने की जरुरत

बच्चों में इन स्कूलों के प्रति रुझान बढ़ाने के लिए अभिभावकों को सजग शिक्षित करना जरूरी है। अभिभावकों में जानकारी का अभाव एक गंभीर मुद्दा है। इस विषय पर विचार करना बहुत जरूरी है, इसे लेकर शासन प्रशासन व शैक्षणिक विभाग को साकारात्मक कदम उठाना चाहिए। जवाहर नवोदय विद्यालय जैसे उच्च शिक्षा संस्थान की जानकारी के अभाव में बहुत से विद्यार्थी अच्छी पढ़ाई या नौकरी से वंचित रह जाते हैं। शहरी अंचल को अग्रणी बनाने के लिए दो चीजों की जरूरत है, कि पहली शिक्षा और दूसरी बेहतर कैरियर का चुनाव। इसके लिए सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा।

### कमांडर संदीप से ले निःशुल्क जानकारी



इस साल जिले के बिल्हा ब्लॉक से 266, कोटा से 140, मस्तूरी से 79, तखतपुर से 74 और गौरेला से 173, पेंड्रा से 79 और मरवाही से कुल 274 बच्चों से इस साल अनुमानित फॉर्म को क्लास 6 वीं के लिए जमा किया है। जो पहले की तुलना में बहुत कम है। कैरियर काउंसलर से नवोदय विद्यालय की निःशुल्क जानकारी एवं परामर्श के लिए अभिभावक एवं छात्र कमांडर संदीप मुराटका सैन्य अधिकारी सैनिक कल्याण कार्यालय से संपर्क कर सलाह ले सकते हैं।

# विवेकानन्द नगर फेस 2 मोपका के वासी नारकीय जीवन जी रहे

### सड़क तो जर्जर है उपर से बारिश का पानी घुटनों तक, सड़क में गड्ढे ही गड्ढे, जल भराव और दूषित पानी से त्रस्त है, निगम अधिकारी और पार्षद ध्यान नहीं दे रहे



**बिलासपुर**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। कल रात हुई तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भर गया। कालोनियों की सड़कों पर घुटनों तक बारिश का पानी भरा रहा। अनेक घरों में बारिश का पानी तेजी से घुसा जिससे घर मालिकों को नुकसान उठाना पड़ा। दरअसल बारिश के पानी की निकासी व्यवस्था पर्याप्त नहीं होने के कारण यह समस्या हर साल बारिश के दिनों में होती है।

ग्राम पंचायत से नगर निगम में शामिल किए गए विवेकानन्द नगर फेस 2 मोपका में तो लोगों को नारकीय स्थिति में जीना पड़ रहा है वहां के निवासियों का जीवन दूभर हो गया है। जलभराव, दूषित पेयजल और बदहाल सड़कों एवं नालियों के कारण ग्रामीण समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विधानसभा नगरनिगम महापौर और पार्षद के चुनाव के दौरान प्रत्याशी और पार्टी के के कार्यकर्ता वोट मांगने प्रत्येक घर में आते है लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद जीते हुए प्रत्याशी और उनके कार्यकर्ता गायब हो जाते है। मानसून की शुरूआत के साथ ही इस वार्ड की स्थिति बद से बदतर हो गई है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। इस वार्ड से भाजपा का पार्षद है और बारिश होने पर घुटने तक जलभराव होने, सड़क और नाली निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हल्की बारिश में भी गलियों और सड़कों पर घुटने तक पानी भर जाता है। इससे आवागमन बाधित होता है और निवासियों को अपने घरों से बाहर निकलने में भी परेशानी होती है। पार्षद को यहां की समस्या से अवगत कराया जा चुका है। सड़क पर नालियों का पानी की निकासी की समस्या के कारण नालियों का गंदा पानी सड़कों पर फैल रहा है, जिससे दुर्गंध और बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। यह स्थिति स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए एक गंभीर चुनौती है। प्रदूषित पेयजल- जलभराव और सीवेज के पानी के मिश्रण से पीने का पानी भी दूषित हो रहा है। निवासियों को पेट सबंधी बीमारियों और अन्य जलजनित रोगों का डर सता रहा है।

गलियों में जलभराव-मुख्य सड़कों के साथ-साथ गलियों में भी पानी का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी खतरनाक हो गई है।

क्षेत्र के निवासियों ने स्थानीय प्रशासन और नगर निगम से कई बार इस समस्या के समाधान के लिए गुहार लगाया, लेकिन अभी तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। बेलतरा विधायक का ध्यान भी यहां की समस्याओं पर आकृष्ट कराया जा चुका है। निवासियों का कहना है कि वे इस उपेक्षा से थक चुके हैं और यदि जल्द ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया, तो वे बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे। हम हर साल इस नरक से गुजरते हैं। प्रशासन हमारी समस्याओं को क्यों नहीं समझता? हम बुनियादी सुविधाओं के अभाव में जी रहे हैं निवासियों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप करने और निम्नलिखित मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है-सड़क और नाली निकासी प्रणाली में तत्काल सुधार किया जाए, दूषित पेयजल की समस्या का समाधान और स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए, जलभराव वाले क्षेत्रों में नियमित सफाई और कीटाणुनाशक अभियान चलाया जाए।

### सरकंडा के बसंती विहार कॉलोनी के घरों में बरसात का पानी घुसा लोग हुए परेशान

कल रात से हुई झमाझम बारिश ने शहर को जल मगन कर दिया बरसात के इस पानी में सरकंडा के इमली भाटा बंधवा पारा अरविंद नगर जोरापारा बसंती विहार कॉलोनी में बरसात का पानी कॉलोनी में रहने वाले नागरिकों के घरों में 2 फीट तक का पानी घर के भीतर में घुस गया जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा इस जल भराव के कारण बसंती विहार कॉलोनी के विभिन्न घरों में पानी ने अपना रौद्र रूप दिखाया और कई घंटे तक घर में पानी घुस रहा वहीं वार्ड पार्षद श्याम साहू वह निगम के कर्मचारी ने उसे क्षेत्र में आकर पानी निकासी की व्यवस्था कराई और उल्लेखनीय की जोरा पारा सरकंडा का यह क्षेत्र खास करके बरसात के दिनों में डूबने वाला क्षेत्र है यही कारण है कि अत्यधिक बरसात होने के कारण बरसात का पानी लोगों के घरों में घुस जाता है इस संबंध में मोहल्ले वासी ने कई बार नगर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर मेन रोड में बने नाला को चौड़ीकरण के संबंध में ज्ञापन दे चुके हैं किंतु इस समस्या पर, निगम प्रशासन के द्वारा आज तक ध्यान नहीं दिया गया यही कारण है की बरसात के दिनों में मोहल्ले वासियों को परेशान होना पड़ता है यदि यह नाला बन जाए तो इस क्षेत्र में पानी भरने की समस्या होगी ही नहीं।

# तकिया से गला दबाकर सुषमा की हत्या, शव जलाया

## आरोपी पति अभिनेक टूटा पूछताछ में



**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। आखिरकार एक और लव मैरिज का दर्दनाक अंत हो गया। ग्राम पंचायत बांगो की सचिव सुषमा खुसरो की हत्या की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली। उसका हत्यारा कोई और नहीं बल्कि उसका पति अभिनेक लदेर ही निकला। पिक्चर देखने की बात पर विवाद के बाद उसने तकिया से सुषमा का गला दबाकर हत्या कर दी। फिर कहानी को आत्महत्या का रूप देने आसपास में अखबार और अन्य चीजें जला दी। पुलिस की पूछताछ में वह टूट गया। चार दिन पहले जिला जेल के पीछे गोकुलनगर इलाके में यह घटना हुई। यहां घर के एक कमरे में सुषमा खुसरो का जला हुआ शव मिला था। स्थिति को देखते हुए मामला संदिग्ध नजर आया। सिविल लाइन पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ जांच शुरू की। फॉरेंसिक एक्सपर्ट के साथ-साथ साइबर टीम जांच में जुटी रही। सिविल लाइन टीआई प्रमोद डनसेना ने बताया कि आरोपी अनिकेष लदेर निवासी छुईयापारा के द्वारा पत्नी सुषमा की हत्या की बात स्वीकार की गई। बताया गया कि पिक्चर देखने की बात को लेकर विवाद हुआ था जिस पर गुस्से में आकर चुनरी से मुंह बांध दिया और फिर तकिया से मुंह और गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। सबूत मिटाने की मंशा से शव को कागज, अखबार और कपड़ा में लपेटने के बाद आग लगा दी ताकि यह नजर आए कि मामला खुदकुशी का है। बताया गया कि वह तीन महीने से हत्या की योजना बना रहा था। उसके खिलाफ धारा 103-1 के अंतर्गत हत्या का मामला दर्ज किया गया है। इस कार्यवाही में सिविल लाइन टीआई के अलावा उप निरीक्षक दुर्गेश, विमलेश, श्याम सिंह व अन्य कर्मियों की भूमिका रही।

# मानिकपुर माइंस में कल नहीं होगा परिवहन कार्य

### मौजूदा दर पर काम करने से घाटा का दिया हवाला

**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर परियोजना में गाड़ी मालिकों ने 28 जुलाई से माइंस व परिवहन कार्य नहीं करने की घोषणा की है। ऑपरेटर यूनियन ने इसका समर्थन किया है। कहा गया कि जिस दर पर वे लोग काम कर रहे हैं, उसमें घाटा है। इसलिए लंबे समय तक ऐसा कर पाना मुश्किल है। यूनियन की हड़ताल का मुख्य कारण परिवहन दरों में वृद्धि की मांग, डीजल कीमतों में लगातार इजाफा, और वाहनों के रखरखाव खर्च में बढ़ोतरी है। यूनियन का कहना है कि मौजूदा दरों पर काम करना घाटे का सौदा बन गया है। ट्रांसपोर्टर पहले से ही आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, और अब वे और नुकसान बर्दाश्त नहीं कर सकते। मानिकपुर के गाड़ी मालिकों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और माइंस प्रबंधन ने जल्द कोई सकारात्मक कदम नहीं उठाया, तो यह हड़ताल अनिश्चितकालीन हो सकती है। इस फैसले से क्षेत्र की सभी माइंस में कामकाज ठप होने की संभावना है, जिसका सीधा असर कोयला आपूर्ति पर पड़ेगा। हड़ताल के कारण माइंस संचालन और कोयला परिवहन प्रभावित होने से बिजली संयंत्रों और अन्य औद्योगिक इकाइयों में कोयले की कमी का खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति क्षेत्र की अर्थव्यवस्था और औद्योगिक गतिविधियों पर गहरा प्रभाव डाल सकती है। स्थानीय लोग और यूनियन ने प्रशासन और माइंस प्रबंधन से इस मुद्दे पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। यूनियन नेताओं का कहना है कि उनकी मांगें लंबे समय से लंबित हैं, और अब समय आ गया है कि प्रबंधन उनकी बातों को गंभीरता से ले।



# सार-संक्षेप

## एचएमएस की नई कार्यकारिणी में यादव अध्यक्ष, सिंह महामंत्री नियुक्त

कोरबा, 26 जुलाई (देशबन्धु)। हिंद खदान मजदूर संघ से संबद्ध कोयला फेडरेशन हिंद खदान मजदूर फेडरेशन की नई कार्यसमिति की घोषणा महामंत्री हरभजन सिंह द्वारा की गई। कार्यसमिति में अध्यक्ष रेशमलाल यादव, कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम, उपाध्यक्ष नाथूलाल पांडेय, शिवकांत पांडेय, अशोक पांडेय, अर्जुन सिंह, रणविजय सिंह, महामंत्री- हरभजन सिंह, सहायक महामंत्री शिवकुमार यादव, राघवन रघुनन्दन, अख्तर जावेद उस्मानी, सचिव राजेश कुमार सिंह, शरद धंदे, रंजय कुमार, संगठन सचिव एमपी अग्निहोत्री, विनय सिंह, राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष शंकर बेहरा का मनोनयन किया गया है। इसके अतिरिक्त, फेडरेशन की कार्यसमिति में 10 अन्य सदस्यों को भी शामिल किया गया है।



## जमनीपाली क्षेत्र में लोगों को सेवाएं मिल रही जीवन आशा से

**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। जमनीपाली क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की जब भी बात होती है, तो एक नाम सबसे पहले सामने आता है जीवन आशा अस्पताल। अत्याधुनिक सुविधाओं, कुशल चिकित्सकों और मरीज-केंद्रित सेवाओं की बदौलत यह अस्पताल अब क्षेत्र सभी प्रमुख बीमारियों का इलाज एक ही छत के नीचे जीवन आशा अस्पताल में मरीजों को एक ही स्थान पर हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, शिशु रोग, मेडिसिन, डायलिसिस, फिजियोथेरेपी, और आपातकालीन सेवाएँ सहित लगभग सभी प्रमुख चिकित्सा सेवाएँ उपलब्ध कराई जा रही हैं। 50 बिस्तरों वाले इस मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल में हर रोग के लिए अनुभवी और विशेषज्ञ डॉक्टर तैनात हैं। सप्ताह के विभिन्न दिनों में रायपुर और कोरबा से आने वाले सुपर- स्पेशलिस्ट डॉक्टरों की टीम भी यहां परामर्श और उपचार प्रदान करती है, ताकि जटिल रोगों में भी मरीजों को स्थान बदलने की आवश्यकता न पड़े।




## नशे में था चालक, ऑटो रिक्शा भिड़ा कार से

**कोरबा**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा में मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत शारदा विहार पैट्रोल पंप के सामने स्विफ्ट कार से ई रिक्शा की भिड़ंत हो गई। रिक्शा में स्कूली विद्यार्थी सवार थे जिन्हें छोड़ने चालक जा रहा था। इसी दौरान पुलिस चौकी के सामने दुर्घटना हो गई। कौतूहल बस कुछ ही देर में यहां लोगों की भीड़ लग गई। इस घटना में ऑटो सवार 6 छात्र घायल हो गए। एक को पैर में गंभीर चोट आई है। घटना के बाद लोगों ने जाना तो मालूम चला कि हादसे के लिए ऑटो चालक जिम्मेदार है। बताया गया कि मौके पर जुटे लोग ऑटो चालक पर भड़क गए क्योंकि वह शराब के नशे में धुत होकर गाड़ी चला रहा था। खबर के अनुसार इस घटना में एक छात्रा के पैर में गंभीर चोट आई है जबकि कुछ सामान्य रूप से घायल है। उन्हें प्राथमिक चिकित्सा दिलाने के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले ऑटो व कार को जब्त कर लिया है।

## पोड़ीबहार में करंट से युवक की मौत, जांच शुरू

**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र के खरमोरा वार्ड में शुक्रवार शाम एक दुखद हादसे में 24 वर्षीय दीपक यादव की करंट लगने से मौत हो गई। भिलाईखुर्द निवासी दीपक बिजली लाइन सुधारने के लिए ठेकेदार के माध्यम से मौके पर पहुंचा था, तभी बारिश शुरू हो गई और लाइन में करंट आने से वह बुरी तरह झुलस गया। खबर के अनुसार दीपक को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना ने क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ा दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह हादसा बिजली लाइन मरम्मत के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी की ओर भी इशारा करता है। स्थानीय लोगों ने मांग की है कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए ठेकेदारों और संबंधित विभागों द्वारा सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया जाए।

## मरकाजी सीरत कमेटी में अध्यक्ष बने आसिफ

**कोरबा**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। मरकाजी सीरत कमेटी की बैठक सुन्नी मुस्लिम जमात खाना पुरानी बस्ती में आयोजित की गई। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के संबंध में चर्चा के की गई इसके पहले मरकजी सीरत कमेटी के नए पदाधिकारी का चुनाव किया गया। मेमन जमात कोरबा के अध्यक्ष हाजी अमीन शेखानी ने पुरानी कमेटी को ही कार्य करने देने का प्रस्ताव रखा। उक्तानुसार अध्यक्ष मिर्जा आसिफ बेक और सचिव मोहसिन मेमन को काम करते रहने देने का निर्णय हुआ। नूरी मस्जिद के प्रमुख आरिफ खान ने नई टीम को बधाई दी। बताया गया कि इस वर्ष ईदमिलादुन्नबी को विश्वास के साथ उत्साह से मनाया जाएगा। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है।



## जीवन के लिए सद्भाव की जरूरत पर दिया बल

**कोरबा**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। सिपेट द्वारा नव प्रवेशित डिप्लोमा छात्रों के लिए समाज में सद्भाव, प्रकृति में सद्भाव विषय पर परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्मकुमारिज जमनीपाली की संचालिका बिंदु, मधुबाला , स्मृति, सिपेट ट्रेनिंग संचालक दिवेश मेश्राम मुख्य रूप से उपस्थित रहे। बिंदु ने कहा कि समाज में सद्भाव और प्रकृति में सद्भाव दोनों ही हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण है, साथ ही उन्होंने कहा कि यह हमारे जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में मदद करता है। मधुबाला ने राजयोग के लाभ पर प्रकाश डाला। स्मृति ने भी अपने विचार रखें। दिवेश मेश्राम ने ब्रम्हाकुमारीज के कार्यों को सराहा। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थी साथ ही डिपार्टमेंट के टीचर्स मौजूद रहे।

## कराटे डू स्पोर्ट्स में शामिल होंगे 30 खिलाड़ी



**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य कराटे फेडरेशन की दो दिवसीय कराटे प्रतियोगिता में कोरबा जिले के 30 खिलाड़ी शामिल हो रहे है। रायपुर में इंडोर स्टेडियम में यह प्रतियोगिता 27 व 28 जुलाई को संपन्न होगी। अध्यक्ष अविनाश बंजारे ने बताया कि बालक वर्ग में अक्षत साहू,नेवान आर पिल्लै,अक्षत पांडेय,अधृत नारायण पांडेय, गुंजन देवांगन,लोमश प्रसाद सिन्हा, महेव इक्का, आर्यान विक्टर सिंह ,लखन साहू, अनुज अग्रवाल, आयुष उरांव, अमन टोप्पो, दीपक रोहदास, आशुतोष पाठक, अनीश कुमार खरे, धीरज बरेठ, समीर कंवर, प्रतीक सिंह एवं बालिका वर्ग में आर्या सेठी, मिया फ्रांसिस अल्लापट्ट, स्वाति ओगरे, रुचिश्री राहंगडाले, एंजेल यादव, एकदा महन्त, जैस्मिन कुर्रे, पारस बंजारे, संपदा सक्सेना,काव्या श्रीवास, रागिनी निर्मलकर शामिल है। बताया गया कि राज्य स्तर से विजेता खिलाड़ियों को सितंबर में दिल्ली में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेलने का मौका मिलेगा।

# धर्मांतरण व लव जिहाद के खिलाफ धर्मसेना का हल्लाबोल



**कोरबा**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। कोरबा में धर्म सेना नामक संगठन ने हिंदू आक्रोश धरना और रैली के बाद जिला प्रशासन को धर्मांतरण लव जिहाद और गौतस्करी के मामले पर ज्ञापन दिया। संगठन के मंच से सरकार पर निशाना साधा गया कि वह ऐसे मामलों में रोक लगाने के लिए कोई कार्रवाई नहीं कर रही है।

पूर्व के नेताजी सुभाष चंद्र बोस चौराहे पर धर्म सेना के कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के सभी क्षेत्रों में धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं के साथ-साथ लव जिहाद और गांव तस्करी को लेकर हल्ला बोल आंदोलन किया। इसे आक्रोश रैली का नाम दिया गया। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए विभिन्न क्षेत्रों से संगठन के कार्यकर्ता शामिल हुए। विभिन्न वक्ताओं ने कार्यक्रम में अपनी बात रखी। कौशल्या धाम बालोद के संत रामबालक दास ने सरकार पर आरोप लगाया कि 2 वर्ष में उसने ज्वलंत मुद्दों के लिए ना तो काम किया और नहीं कड़े कानून बनाए इसलिए यह समस्याएं प्रदेश में बढ़ती जा रही है। संगठन के कार्यकर्ता साकेत शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार से कोरबा और आसपास के इलाके में समस्याओं का विस्तार हो रहा है वह हमारे लिए चिंताजनक है। प्रशासन को कार्रवाई के लिए तैयार कैसे किया जाए इसलिए इस रैली की जरूरत पड़ी। नेताजी सुभाष चौराहे से बरसते पानी में संगठन की ओर से रैली निकाली गई। जिलाधीश कार्यालय पहुंचकर प्रदेश सरकार के नाम का एक ज्ञापन अधिकारी को सौंपा गया।

# लूट के इरादे से युवक ने चलाया चाकू, महिला हुई जख्मी

## आरपी नगर में हुई घटना, आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। सिविल लाइन थाना क्षेत्र में आरपी नगर फेस-2 में शनिवार की दोपहर हुई चाकूबाजी की घटना में एक महिला जख्मी हो गई। खबर के अनुसार लूट के इरादे से युवक एक घर में घुसा और धमकाते हुए चाकू चला दिया। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

पता चला कि कम्प्यूटर व्यवसायी नीरज भोजसिया के आरपी नगर स्थित मकान में घटना के दौरान केवल महिला सदस्य मौजूद थी। उसी समय खरसिया के केनाभाठा निवासी राजेश बंजारे नामक एक व्यक्ति चाकू लेकर लूट की नीयत से घर में घुस गया। पता चला कि घर की सदस्याएं मोबाइल में बिहार के भागलपुर में रहने वाले रिश्तेदार से बात कर रही थी। उसी दौरान घर में हुए घटनाक्रम से नीरज की पत्नी के हाथ से मोबाइल गिर गया। जिस पर रिश्तेदार ने तुरंत कोरबा के मुड़ापार क्षेत्र में निवासरत अरूण गोयल को इस बारे में जानकारी दी और उन्हें तुरंत मौके पर पहुंचने को कहा। अरूण ने नेताजी चौक पर मौजूद पुलिस को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही सुभाष चौक पर आंदोलन ड्यूटी में तैनात चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार और कोरबा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने फिल्मी अंदाज में घर के अंदर घुसकर आरोपी को पीछे से दबोच लिया। इस दौरान बीचबचाव में व्यवसायी की बहू की उंगली में चोट लग गई। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि आरोपी राजेश बंजारे को चाकू सहित गिरफ्तार कर लिया गया है। सिविल लाइन थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।



### लोगों को सतर्क रहने की जरूरत

कोरबा के पॉश इलाके में दिनदहाड़े हुई इस घटना ने आसपास के क्षेत्र के लोगों को न केवल भयभीत किया है बल्कि संभल कर रहने का संदेश दिया है। इससे पहले भी कई क्षेत्रों में इस तरह की घटनाएं हो चुकी है। हालांकि देखा यह गया है कि घटनाओं के कुछ दिन तक लोग इस बारे में चर्चा करते हैं और सुरक्षा को लेकर उपाय भी करते है लेकिन बाद में चीजें भुला दी जाती है। इस वजह से भी अपराधिक तत्वों का मनोबल बढ़ जाता है।

# कुचैना मार्ग की बदहाली पर विधायक नाराज, अफसरों को फटकारा



**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। भारी बारिश और कान्टैक्ट एजेंसी की मनमानी से कोरबा-कुसमुंडा से गेवरा-दीपका को जोड़ने वाले मार्ग पर कुचेना क्षेत्र में सड़क धंस गई। वहीं अंडरपास क्षेत्र में समस्या पैदा हो गई। इसके चलते सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही बाधित हुई। कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल ने यहां का जायजा लेने के साथ अफसरों को फटकारा। इसके नतीजन सड़क मरम्मत का कार्य शुरू हुआ।

दो दिन पहले जिले में जबरदस्त बारिश हुई। इसके प्रभाव से कुचैना मुख्य मार्ग में रेल अंडर पास के नजदीक सड़क का काफी हिस्सा जमींदोज हो गया। इसके चलते बड़े हिस्से की आबादी प्रभावित हुई। जानकारी होने पर विधायक द्वारा मौके का निरीक्षण किया। उन्हें देख आसपास के लोग उनके पास पहुंचे, सड़क के साथ-साथ उन्होंने अंडरब्रिज निर्माण की समस्या, रेल लाइन की वजह से दुर्घटना संबंधित कई अहम जानकारी दी। विधायक ने लोगों से बात कर इस सड़क की वजह से हो रही समस्याओं को सुनकर देखकर सड़क को अच्छे ढंग से बनाने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। साथ में यह भी चेतावनी दी है कि दोबारा से अगर यह सड़क बहती है तो इसके भी परिणाम अधिकारियों को भुगतने होंगे। उसके बाद ही फौरी तौर पर कंपनी ने सड़क की बदहाली को ठीक करने का काम प्रारंभ किया। इस अवसर पर इमलीछापर नगर निगम के वार्ड 64 पार्षद आरती सिंह, लखन सिंह, अनुसुचित जाति मोर्चा की प्रदेश मंत्री सुनीता पाटले, बांकी मोगरा मंडल के महामंत्री विकेश झा, सुखदिप सिंग, लक्ष्मण सिंह, राजेश पटेल, लक्ष्मण सिंह, रावेंद्र पटेल, राधे गोसाई, सुमित खेमचंद शर्मा, गोल्डी व अन्य लोग उपस्थित रहे।

# शहीदों को याद किया कारगिल विजय दिवस पर

**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। कारगिल विजय दिवस पर पूर्व सैनिक संघ ने सुभाष चौक में कार्यक्रम किया। देश के लिए शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। उनकी याद में दीप जलाए गए और कारगिल के विजय यात्रा को देश के लिए गौरवशाली बताया गया।



पूर्व सैनिक संघ के इस आयोजन में कलेक्टर अजीत वसंत ने कहा कि हमारे सैनिकों ने देश के लिए अनेक युद्ध लड़ा है। कारगिल का युद्ध मुश्किल परिस्थितियों में लड़ा जाने और दुश्मनों से मुकाबला कर विजय हासिल करने वाला युद्ध है। इसे भुलाया नहीं जा सकता। कुछ दिन पहले ही ऑपरेशन सिंदूर में हमारे जवानों ने अपने शौर्य और साहस का परिचय देते हुए पराक्रम को साबित किया। कलेक्टर ने कारगिल के योद्धाओं को नमन करते हुए कहा कि हम सभी देश के उन शहीदों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं, जिनकी वजह से हम सभी सुरक्षित है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को भी गौरवान्वित करने वाला बताया। कोहड़िया वार्ड के पार्षद नरेन्द्र देवांगन ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक संघ के पदाधिकारी कैप्टन मुकेश अदलखा, दीपक सिंह, एनसीसी के राजेन्द्र सिंह, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी, पार्षदगण एवं गणमान्य नागरिक गण उपस्थित थे।

# 27 किमी का चक्कर महंगा पड़ा मासूम की जान पर

## सर्पदंश से मोहिनी की मौत

**कोरबा**, 26 जुलाई (देशबन्धु)। प्रदेश के दूसरे बड़े नागलोक कोरबा जिले में बारिश की सीजन में सर्पदंश के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। मुढ़ुनारा गांव में मोहिनी राठिया की जान सर्प के काटने से हो गई। इसके लिए सबसे बड़ा कारण पीड़िता को अस्पताल पहुंचाने में 27 किलोमीटर का लंबा चक्कर बना। समय पर अस्पताल नहीं पहुंचने से बालिका को बचाना मुश्किल हो गया।

सिविल लाइन थाना के अंतर्गत मुढुनारा में पिछली रात 2 बजे यह घटना हुई। मृतका के पिता रूप सिंह राठिया ने बताया कि रात लगभग 2 बजे बालिका टॉयलेट के लिए उठी थी। बिजली न होने के कारण उसने मोबाइल टॉर्च का सहारा लिया।

इसी दौरान करैत सांप ने उसे डस लिया। बच्ची की चीख सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे और तुरंत उसे अस्पताल ले जाने की कोशिश की। भारी बारिश के कारण आसपास के नदी-नाले ओव्हरफ्लो थे।

दूसरी ओर इसी इलाके में कुछ नालों में पुल नहीं होने से कोरबा जाने के लिए उन्हें 27 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ी।

जब तक वे जिला मेडिकल अस्पताल पहुंचे, तब तक मोनी की मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। रूप सिंह ने दुखी मन से कहा, अगर गांव में पुल होता, तो हम समय पर अस्पताल पहुंच सकते थे और मेरी बेटी की जान बच सकती थी। जबकि स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लगातार प्रचारित किया जा रहा है कि उसके सभी शहरी और ग्रामीण अस्पताल में एंटी स्नेक वेनम पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। सर्पदंश की घटनाओं में लोगों को सबसे पहले यहां पहुंचना चाहिए।

# सरकारी बालिका छात्रावास में सामग्री बांटी इनरव्हील क्लब ने



**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। इनरव्हील क्लब कोरबा द्वारा जावली स्थित आदिवासी छात्रावास में सेवा एवं सहयोग का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की 120 छात्राओं को कॉपी, पेंसिल, पेन, कंपास बॉक्स, टिफिन, बोतल, खाद्य सामग्री तथा स्कूल बैग वितरित किए गए।

कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरी बालिकाओं एवं महिला शिक्षिकाओं को सैनिटरी पैड्स वितरित किए गए। बच्चों को उनके भविष्य के करियर के लिए प्रेरित किया गया तथा उन्हें स्वच्छता एवं जीवन मूल्यों की महत्ता से अवगत कराया गया। इस दौरान कई प्रजाति के पौधे भी लगाए गए। आयोजन में इनरव्हील क्लब की अध्यक्ष श्रीमती नीतू अरोड़ा, उपाध्यक्ष श्रीमती भारती अरोड़ा, कोषाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जुनेजा, श्रीमती सिमरन कौर, श्रीमती चरणजीत कौर, महिंदर कौर, मनदीप भाटिया, कुलदीप कौर, अनुपमा शर्मा, वसंत मनोहर, तरनजीत कौर, संगीता गुरु गोस्वामी जी मधु पांडे जी आदि सदस्यगण भी उपस्थित रहे।

# शारदा विहार में आयुक्त ने सफाई-जलापूर्ति की जानकारी ली

**कोरबा,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। शहर के शारदा विहार क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं की स्थिति को जानने के लिए निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय अपनी टीम के साथ पहुंचे। मुख्य आवासीय क्षेत्र के साथ आसपास की बस्तियों में उपस्थिति दर्ज कराई। लोगों से मिलकर साफ-सफाई व जलापूर्ति की जानकारी ली। कुछ समस्याएं ध्यान में आई जिनके निराकरण के लिए काम शुरू कराया गया।

आयुक्त ने कोरबा जोन अंतर्गत शारदा विहार कालोनी, अटल आवास, निचली बस्ती, अमरैयापारा, स्टेशन रोड बस्ती, संजयनगर, नई बस्ती का दौरा किया। साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क रोशनी व्यवस्था आदि से जुड़े कार्यों की जानकारी ली। कुछ स्थानों पर गदंगी व कचरा पड़ा होने, समय पर सफाई कार्य पूरा न करने तथा नालियों में कचरे का जमाव देखकर नाराजगी जताई। स्वच्छता पर्यवेक्षक व सफाई कार्य के ठेकेदार को सफाई कार्यो में कसावट लाकर नियमित रूप से सफाई कार्य करने के निर्देश दिये। कहा गया कि निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप सफाई कार्य हों, नियमित रूप से साफ-सफाई की जाये। नालियों में कचरे का जमाव न हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करायें। डोर टू डोर कचरा कलेक्शन वाली टीम से कहा गया कि संकरी गलियों में जहां रिक्शा नहीं पहुंचता है, सीटी से लोगों को जानकारी दें और खुद कचरा लाने को कहे। आयुक्त ने शारदा विहार मार्ग पर निर्माणाधीन सियान सदन, स्टेशन रोड पर नहर की बाउण्ड्रीवाल टूटी होने पर भी संज्ञान लिया। संबंधित कार्य आगामी दिनों में शुरू कराने की बात कही।



भ्रमण के दौरान जोन कमिश्नर विनोद शांडिल्य, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, पीयूष राजपूत, आकाश अग्रवाल, उप जोन प्रभारी अजय कुमार अग्रवाल, गिरवर विश्वकर्मा, परमानंद राठौर उपस्थित थे।

# सार-संक्षेप



## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग ने किए पौधे वितरित

### घर पर फ्री डिलीवरी कर रहे फलदार पौधे

एमसीबी,26 जुलाई (देशबन्धु)। जिले के वन परिक्षेत्र केल्हारी में हरियाली बिखेरने वन विभाग ने निशुल्क पौधा वितरण शुरू कर दिया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत प्रभारी रेंजर रघुराज सिंह के नेतृत्व में केल्हारी वन परिक्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में पौधा वितरण किया गया।

इस अवसर पर केल्हारी रेंजर ने कहा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वन विभाग पौधा वितरण कर रही है।हमारे पास विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे उपलब्ध हैं, जैसे अमरूद, आम कटहल आदि। वन विभाग द्वारा लोगों को निशुल्क फलदार पौधे वितरित किए जा रहे हैं। नि:शुल्क पौधा पाने के लिए आम जनों को वन विभाग के कार्यालय तक आने की आवश्यकता भी नहीं है, क्योंकि वन विभाग घर पहुंच उपलब्ध करा रही है। वन विभाग की कोशिश है हर घर तक पौधा पहुंचे, अगर कोई भी ग्रामीण पौधा लगाने का इच्छुक है और उसे पौधा नहीं मिला है तो हमारे वन परिक्षेत्र केल्हारी कार्यालय से प्राप्त कर सकता है। इस पौधा वितरण अभियान में वन परिक्षेत्र अधिकारी केल्हारी रघुराज सिंह, उपवन क्षेत्रपाल केल्हारी रामविलास राम, उपवन क्षेत्रपाल तिलोखन राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, वनपाल तिलोखन रामटहल बैगा, वनरक्षक जीवन एक्का, कमलेश कुमार पैकरा, अमरजीत, निरंजन का सहयोग रहा।

## रायगढ़ में बारिश से जनजीवन प्रभावित पेड़ गिरने से बाधित हुआ यातायात



रायगढ़ 26 जुलाई (देशबन्धु)। बीती रात रायगढ़ शहर में हुई मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया। तेज बारिश के चलते शहर के कई क्षेत्रों में पेड़ गिरने की घटनाएं सामने आईं, जिससे सड़कों पर आवागमन में बाधा उत्पन्न हो गई।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए नगर निगम आयुक्त सुबह से ही मौके पर सक्रिय हो गए। उन्होंने शहर के प्रभावित इलाकों का दौरा किया और राहत कार्यों की निगरानी की। उनकी देखरेख में सड़कों पर गिरे पेड़ों को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में बूढ़ीमाई मंदिर के पास सड़क पर गिरे एक विशाल पीपल के पेड़ को तत्काल हटवा कर यातायात बहाल किया गया। नगर निगम की सफाई और आपदा प्रबंधन टीमों को अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी तैनात किया गया है, जो युद्धस्तर पर मलबा हटाने और रास्ते साफ करने का कार्य कर रही हैं। नगर निगम द्वारा की जा रही त्वरित कार्रवाई से आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि खराब मौसम के दौरान सतर्कता बरतें और अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें।

## विद्यालय में अनुपस्थित पाए जाने पर धर्मजयगढ़ विकासखंड में पदस्थ एक शिक्षक निलंबित

रायगढ़ 26 जुलाई (देशबन्धु)। धरमजयगढ़ विकासखंड अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला नेवार में पदस्थ सहायक शिक्षक रामलाल पटेल को बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई जिला शिक्षा अधिकारी रायगढ़ (छ.ग.) डॉ. के.सी. राव द्वारा की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, श्री पटेल को संकुल प्राचार्य ध् संकुल शैक्षिक समन्वयक द्वारा 18 जून को प्रात: 9:30 बजे विद्यालय निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाया गया था। निरीक्षण के समय विद्यालय संचालन मिड डे मील प्रभारी द्वारा किया जा रहा था। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि श्री पटेल विकासखंड शिक्षा अधिकारी धरमजयगढ़ के कार्यालय में उपस्थित होकर अधिकारियों व अन्य कर्मचारियों के साथ 3 बजे तक बातचीत करते रहे, जिससे उनके अनुपस्थित रहने की पुष्टि हुई। विद्यालय का संचालन बाधित होने, विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन वितरित नहीं होने एवं शिक्षण-अधिगम कार्य प्रभावित होने के कारण यह निर्णय लिया गया। शासन के निर्देशानुसार श्री पटेल को सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एवं छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता देय होगा।यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा और इसकी प्रति जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को भेज दी गई है। साथ ही, रामलाल पटेल को निर्देशित किया गया है कि वह विकासखंड शिक्षा अधिकारी, धरमजयगढ़ के अधीन कार्य करेंगे।

## नलवा कॉलोनी के बंद कमरे में पश्चिम बंगाल के पेंटर की संदिग्ध मौत

रायगढ़ 26 जुलाई (देशबन्धु)। नलवा स्टील कंपनी के कॉलोनी स्थित क्वाटर के बंद कमरे में पश्चिम बंगाल के एक पेंटर की सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। ठेका कामगार की मौत कैसे हुई, इसका सच जानने के लिए पुलिस को शव का पोस्टमार्टम करवाना पड़ा। यह घटना जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक मूलत: पश्चिम बंगाल के खड़गपुर के ताल बगीचा दिनेशपुर निवासी स्वरूप चक्रवर्ती पिता शंभूनाथ चक्रवर्ती (50 वर्ष) दो महीने पहले ही रायगढ़ आकर पूंजीपथरा स्थित नलवा स्टील कंपनी में एक ठेकेदार के मातहत पेंटर का काम करता था। स्वरूप चक्रवर्ती नलवा कॉलोनी के ही क्वाटर में रहता था। बीते 24 जुलाई की सुबह पेंटर जब काम करने कंपनी नहीं गया। ऐसे में ठेकेदार के कर्मचारी जब स्वरूप की टोह लेने नलवा परिसर में कॉलोनी गए तो उसके क्वाटर के दरवाजे को भीतर से बंद पाया। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी भीतर से कोई जवाब नहीं आने पर कर्मचारियों ने खिड़की से अंदर झांका तो स्वरूप को संदिग्ध हालत में बेसुध पड़े पाया। बंद कमरे में पश्चिम बंगाल के पेंटर को संदिग्धावस्था में मूर्छित देख बदहवास लोगों ने किसी तरह दरवाजे को तोड़ते हुए आनन-फानन में उसे वाहन द्वारा जिला चिकित्सालय लेकर पहुंचे तो डॉक्टर्स ने प्राथमिक जांच में ही उसे मृत घोषित कर दिया। चूंकि, मृतक के शरीर में चोट वगैरह के कहीं कोई निशान नहीं है और न ही मामला प्रथमदृष्टया खुदकुशी का प्रतीत हो रहा है, इसलिए उसकी मौत की असलियत जानने के लिए पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई करवाई। वहीं, मृतक के परिजनों का कहना है कि स्वरूप चक्रवर्ती शुगर और बीपी पेशेंट था। बहरहाल, मर्ग कायम करने वाली पुलिस को अब पीएम रिपोर्ट का इंतजार है ताकि घटना की सच्चाई सामने आ सके।

# 11 करोड़ की ठगी का मामला,सफेदपोश कारोबारियों ने बुना जाल

रायगढ़ 26 जुलाई (देशबन्धु)। रायगढ़ में एक सनसनीखेज ठगी का मामला सामने आया है, जिसमें शहर के दो कथित बड़े कारोबारी, नानक बंसल और मुकेश बंसल, 11 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में फंस गए हैं। गुरुश्री इंडस्ट्रीज और गुरुश्री मिनरल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक इन दोनों भाइयों पर बाराद्वार पुलिस ने ठगी की गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही दोनों को हिरासत में लिया जाएगा, और जांच पूरी रफ्तार से चल रही है।

पांच पीड़ितों राजीव लोचन शुक्ला (बलौदा बाजार), कमल नारायण साहू (गरीयाबंद), राजेंद्र कुमार अग्रवाल (भाटापारा), निमेश प्रताप सिंह (भाटापारा), और अभिषेक प्रेमेंद्र दास (भाटापारा)कृने शिकायत की कि आरोपियों ने जैजैपुर तहसील के छितापडरिया गांव में 10.032 हेक्टेयर की कृषि भूमि को खनन के लिए उपयुक्त बताकर सौदा किया। दावा था कि इसमें 17.55 एकड़ उत्खनन योग्य और 7.25 एकड़ नहर के पास गैर-उत्खनन योग्य जमीन है। लेकिन हकीकत में केवल 12.50 एकड़ जमीन ही मौजूद थी, और बाकी पर दूसरे किसानों का कब्जा निकला। रास्ते के लिए बताई गई जमीन भी रघुवीर सिंह सिसोदिया और मधुसूदन सिसोदिया की निजी संपत्ति थी, जिन्होंने रास्ता देने से साफ मना कर दिया।




पीड़ितों ने बताया कि 10 अप्रैल 2024 को बाराद्वार के आमागोलाई में एक क्रेशर ऑफिस में सौदा शुरू हुआ। वहां 1 करोड़ रुपये नगद बयाने के तौर पर दिए गए। इसके बाद मयंक अग्रवाल, आशीष (रायपुर), गोविंद (बिलासपुर), और कमल शर्मा जैसे बिचैलियों के जरिए 11 करोड़ रुपये नगद आरोपियों तक पहुंचाए गए। सौदा पक्का करने के लिए बार-बार पैसे की मांग होती रही, लेकिन रजिस्ट्री का वादा हवा-हवाई साबित हुआ। चैंकाने वाली बात यह है कि पीड़ितों को शक है कि यह जमीन किसी और को भी बेची गई है!

### आरोपियों की 'करतूत'

शिकायतकर्ताओं का कहना है कि नानक और मुकेश बंसल आदतन ठग हैं, जो लोगों को झूठे वादों में उलझाकर मोटी रकम ऐंठते हैं और न तो पैसे लौटाते हैं न ही सौदे की शर्तें पूरी करते हैं। पीड़ितों ने पुलिस से कठोर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### पुलिस का एक्शन मोड में

बाराद्वार पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (ठछै) के तहत ठगी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, आरोपियों की तलाश में छापेमारी शुरू हो चुकी है। जांच में यह भी देखा जा रहा है कि क्या इस सौदे में और लोग शामिल हैं या अन्य ठगी के मामले सामने आ सकते हैं।

### शहर में हड़कंप

यह मामला रायगढ़ में चर्चा का केंद्र बना हुआ है। लोग इस बात से हैरान हैं कि कैसे बड़े कारोबारी इतने बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी कर सकते हैं। जनता में यह सवाल उठ रहा है कि क्या प्रशासन और पुलिस इस तरह की ठगी को रोकने के लिए और सख्त कदम उठाएगी। फिलहाल, सभी की नजर पुलिस की अगली कार्रवाई पर टिकी है।

## पुलिस बल की भारी कमी से जूझ रहा नवगठित जिला कांग्रेस ने डीजीपी से की तत्काल हस्तक्षेप की मांग

### जिला प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने अन्य जिलों से बल ट्रांसफर कर तैनाती व स्थायी भर्ती शीघ्र प्रारंभ करने का आग्रह किया

मनेंद्रगढ़,26 जुलाई (देशबन्धु)। नवगठित जिला मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में कानून व्यवस्था की स्थिति दिन-ब-दिन जटिल होती जा रही है। जिले में अभी तक स्थायी पुलिस बल, कार्यालय भवन, एसपी निवास तथा अन्य आवश्यक संसाधनों का अभाव है। ऐसे में सीमित संसाधनों में कानून व्यवस्था बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है। इस गंभीर विषय को उठाते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर जिले में पुलिस बल की भारी कमी को लेकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।



पत्र में उन्होंने स्पष्ट रूप से उल्लेख किया है कि वर्तमान में तैनात पुलिस अधीक्षक बिना पर्याप्त संसाधनों, बल और भवनों के भी कुशल, अनुशासित एवं सम्मानजनक कार्य कर रहे हैं, जो सराहनीय है। लेकिन जिले की भौगोलिक जटिलता, नक्सल प्रभावित क्षेत्र, औद्योगिक गतिविधियाँ तथा संवेदनशील प्रशासनिक परिदृश्य को देखते हुए यहां पर स्थायी और पर्याप्त पुलिस बल की अत्यावश्यक है।

सौरव मिश्रा ने मांग की है कि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों से पुलिस बल को तत्काल ट्रांसफर कर मनेंद्रगढ़ जिले में तैनात किया जाए, ताकि वर्तमान स्थिति को संतुलित किया जा सके। साथ ही, मनेंद्रगढ़ जिले के लिए स्थायी पुलिस बल की भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए, जिससे दीर्घकालिक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने यह भी कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि जनहित का प्रमुख मुद्दा है। यदि समय रहते पुलिस बल की पूर्ति नहीं की गई तो भविष्य में किसी भी अप्रिय स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता।

जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सौरव मिश्रा ने शासन से मांग की है कि वह जनसुरक्षा और जिला व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र कोई सकारात्मक और ठोस निर्णय ले।

### शवदाह मशीन कबाड़ में तब्दील जनता के पैसों का सीधा दुरुपयोग

## पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लाई गई 30 लाख की शवदाह मशीन बीते 7 वर्षों से बन्द

चिरमिरी,26 जुलाई (देशबन्धु)। एमसीबी जिले के नगर निगम चिरमिरी का एक और चौंकाने वाला कारनामा सामने आया है, जहाँ वर्ष 2019 में 30 लाख रुपए की लागत से स्थापित की गई एक शवदाह मशीन आज तक शुरू नहीं हो सकी है। विडंबना यह है कि सात वर्ष बीत जाने के बाद यह मशीन अब पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है और इसके कई महत्त्वपूर्ण कलपुर्जे चोरों द्वारा चुरा लिए गए हैं, जिससे लाखों रुपये का यह प्रोजेक्ट अब केवल कबाड़ बनकर रह गया है। डोमनहिल मुक्तिधाम में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से नगर निगम चिरमिरी ने 2019 में विद्युत शवदाह मशीन की स्थापना की गई थी।



इसका मुख्य उद्देश्य पारंपरिक दाह संस्कार से होने वाले प्रदूषण को कम करना और जनता को आधुनिक सुविधा प्रदान करना था। हालांकि, जनप्रतिनिधियों और नगर निगम प्रशासन की उदासीनता के कारण यह मशीन कभी भी प्रारम्भ ही नहीं हो पाई। देखभाल और सुरक्षा के अभाव में चोरों ने मशीन के तार सहित कई आवश्यक पुर्जे चुरा लिए हैं, जिससे यह पूरी तरह अनुपयोगी हो गई है। यहाँ तक कि कोरोना जैसी महामारी के दौरान भी, जब ऐसी सुविधाओं की अत्यंत आवश्यकता थी, तब भी इसको उपयोग में लाने के लिए कोई पहल नहीं की गई,या यह भी कहा जा सकता है कि इसमें कोई रूचि नहीं दिखाई।

### प्रबंधन ने कोई रुचि नहीं दिखाई

इस प्रोजेक्ट की शुरुआत चिरमिरी नगर निगम के पूर्व महापौर के. डेमरु रेड्डी ने की थी, और इसके लिए खनिज न्यास निधि से 730 लाख की स्वीकृति भी मिली थी। लेकिन महापौर रेड्डी का कार्यकाल समाप्त होते ही, नगर निगम प्रबन्धन ने इस महत्त्वपूर्ण प्रोजेक्ट को ठंडे बस्ते में डाल दिया। यह घटना नगर निगम चिरमिरी द्वारा जनता के पैसों के दुरुपयोग का एक ज्वलंत उदाहरण है,जो दर्शाता है।

## छात्र-छात्राओं को नहीं मिली किताबें पढ़ाई करने में हो रही परेशानी

रायगढ़ 26 जुलाई (देशबन्धु)। खरसिया के ग्राम चपले में स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मिडियम स्कूल में पढ़ाई का सिलसिला 16 जून से शुरू हो चुका है, लेकिन बच्चों को अब तक किताबें नहीं मिली हैं।

इस कमी के चलते छात्र-छात्राओं को पढ़ाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिना किताबों के शिक्षक और बच्चे दोनों ही पाठ्यक्रम को समय पर पूरा करने में असमर्थ हैं। इस स्थिति ने अभिभावकों और स्थानीय लोगों में भी चिंता पैदा कर दी है, जो बच्चों के भविष्य को लेकर आशंकित हैं। स्कूल प्रबंधन की इस लापरवाही से नाराजगी बढ़ती जा रही है, क्योंकि किताबों के अभाव में शिक्षा की गुणवत्ता पर असर पड़ रहा है। इस मामले को लेकर खरसिया के पूर्व जनपद उपाध्यक्ष कन्हैया पटेल और युवा कांग्रेस नेता तारेंद्र डनसेना ने कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकों और ब्लॉक व जिला स्तर के शिक्षा विभाग के अधिकारियों से तत्काल किताबें उपलब्ध कराने की मांग की है। दोनों नेताओं ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर बच्चों को किताबें नहीं मिलीं, तो वे स्कूल के सामने आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों का भविष्य दांव पर नहीं लगने दिया जाएगा और शिक्षा विभाग को इस गंभीर मामले में तुरंत कार्रवाई करनी होगी। स्थानीय समुदाय भी इस मांग के समर्थन में है और जल्द से जल्द समाधान की उम्मीद कर रहा है।



## धूमधाम से मनाया गया पारंपरिक हरेली त्यौहार

### सावन सुंदरी बनी गायत्री विरहा

चिरमिरी, 26 जुलाई (देशबन्धु)। पारंपरिक संस्कृति और लोक परंपराओं को सहेजने की अनूठी पहल के तहत हल्दीबाड़ी में हरेली त्यौहार एवं सावन उत्सव बड़े हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ देवों के देव महादेव के पूजन-अर्चन एवं वंदना के साथ हुआ। सावन उत्सव के अवसर पर क्षेत्र की बहनों ने एकल एवं सामूहिक नृत्यों की शानदार प्रस्तुतियां दीं। सावन के पारंपरिक गीतों की मधुर धुनों पर झूमते हुए सभी ने लोक संस्कृति का अद्भुत रंग बिखेरा। कार्यक्रम को और रोचक बनाने के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया। विजेताओं को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। विजेताओं में बबिता सिंह, सीमा तिवारी, रक्षा, एकता, प्रीति अग्रहरि एवं दुर्गा तिवारी शामिल रहीं।




चिरमिरी की ये बेटियां, जिन्होंने छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर अपना डंका बजाया उन्हें भी मंच पर सम्मानित किया गया , कुमारी वर्षा मिश्रा, शेख अलीशा, मीना एवं संजीदा खातून को मोमेंटो एवं गोल्ड मेडल प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर कार्यक्रम की शान बढ़ाने के लिए सावन सुंदरी का चुनाव किया गया, जिसका ताज पूर्व महापौर श्रीमती गायत्री बिरहा को पहनाया गया। बुजुर्गों के सम्मान की परंपरा को निभाते हुए 90 वर्षीय श्रीमती बिजमनी अग्रहरि को वरिष्ठ सम्मान के साथ नवाजा गया, वहीं 75 वर्षीय श्रीमती ममता विश्वास को उनके मनमोहक एकल नृत्य के लिए सम्मानित किया गया।

आयोजकों ने बताया कि इस कार्यक्रम की विशेषता बड़े-बुजुर्गों का सम्मान, हमारी संस्कृति और लोक धरोहर को आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम में लगभग 100 बहनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चाय, नाश्ते और भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी।

## कारगिल विजय दिवसः शौर्य, बलिदान और विजय की अमर गाथा-रामनरेश

### कारगिल विजय दिवस पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में जिला स्तरीय आयोजन

मनेन्द्रगढ़, 26 जुलाई (देशबन्धु)। वर्ष 1999 में कारगिल की बर्फीली चोटियों पर पाकिस्तान की सेना ने छिपकर घुसपैठ की। लेकिन उन्हें क्या मालूम था कि जिनके खिलाफ वे खड़े हैं, वे भारतीय सैनिक हैं जिनका हौसला पर्वत से भी ऊँचा है, और जिनका संकल्प मौत से भी मजबूत है।

उत्ताशय के उदगार कारगिल विजय दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में आयोजन के मुख्य अतिथि नगर पालिका निगम चिरमिरी के महापौर रामनरेश राय व्यक्त कर रहे थे.इस अवसर पर मंच पर जिला शिक्षा अधिकारी आर पी मिरे, बी ई ओ गोपाल कृष्ण दुबे,जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू, विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव,श्रीमती रीमा यादव अध्यक्ष नगर पंचायत झगराखंड,श्रीमती ललिता रमा यादव अध्यक्ष नगर पंचायत खोगापानी, रोहित वर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष,पार्षद सुनैना विश्वकर्मा, नीलू जायसवाल, सुशीला सिंह,श्रीमती माया प्रमुख रूप से मौजूद रहे.इनके साथ ही पूर्व नपा उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव,आशीष मजूमदार,आलोक जायसवाल, महेंद्र प्रताप सिंह,संजय सिंह सेंगर,जसपाल सिंह,गुरजीत सिंह खनूजा,विनीत जायसवाल, जयंती यादव, आनंद ताम्रकार समेत नगर के गणमान्य जन काफी संख्या में मौजूद रहे.

सर्वप्रथम उपस्थित अतिथियों ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रजनन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. इसके उपरांत शहीद राजेश पटेल की बहन श्रीमती बेबी पटेल,सेवानिवृत सैनिक रमेश चंद्र का स्वागत अतिथियों ने शाल,श्रीफल भेंट कर किया.




स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी आर पी मिरे ने कहा कि आज हम सब यहाँ 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के अवसर पर एकत्र हुए हैं। यह दिन भारतीय सेना की अद्वितीय वीरता, साहस और बलिदान का प्रतीक है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब-जब देश की सीमाओं पर संकट आया है, हमारे जवानों ने अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता की रक्षा की है। आज आप सभी इस अवसर पर उपस्थित हुए इसके लिए मैं आप सभी का स्वागत अभिनंदन करता हूं.

इस मौके पर विद्यालय के छात्राओं ने एक से बढ़कर एक भाषण व गीत प्रस्तुत किये.उद्बोधन की कड़ी में प.रामचरित द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ऑपरेशन विजय के अंतर्गत हमारे वीर जवानों ने जान की बाज़ी लगाकर दुश्मन को खदेड़ा और हर चोटी पर तिरंगा फहराया। कैप्टन विक्रम बत्रा, लेफ्टिनेंट मनोज पांडे, ग्रेनेडियर योगेंद्र यादव और राइफलमैन संजय कुमार जैसे अनेक नाम आज भी हर भारतवासी के दिल में बसते हैं।जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू ने कहा कि यह दिवस सिर्फ विजय का नहीं, स्मरण और संकल्प का भी दिन है —स्मरण उन शहीदों का, जिन्होंने हमारे आज के लिए अपना कल बलिदान कर दिया।

विधायक प्रतिनिधि सरजू यादव ने कहा कि आज हम सब संकल्प इस बात का ले कि हम उनके सपनों का भारत बनाएं, एक सशक्त, समर्पित और समृद्ध राष्ट्र.आज हम जिन स्कूलों में पढ़ रहे हैं, जिस छत के नीचे सुरक्षित हैं, वो सब संभव हुआ है उन सैनिकों की वजह से, जो सरहद पर डटे हुए हैं।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केशरवानी ने कहा कि 26 जुलाई ये दिन है बलिदान, साहस और मातृभूमि के लिए मर-मिटने वाले रणबाँकों को सलाम करने का।आज हम जिस खुले आसमान के नीचे साँस ले रहे हैं, जिस शांति में पढ़-लिख रहे हैं, वो किसी सौभाग्य से नहीं मिला ये सब मिला है उन सैनिकों की वजह से, जिन्होंने कारगिल की बर्फीली चोटियों पर मौत को हरा कर तिरंगा लहराया। शिक्षक इरफ़ान ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि कारगिल युद्ध ने हमें सिखाया कि वीरता वर्दी से नहीं, हौसले से आती है।

## मीना बाजार लगाने अभी तक नहीं मिली अनुमति

रायगढ़ 26 जुलाई (देशबन्धु)। रायगढ़ में तीन स्थानों पर पर मीना बाजार लगाने की तैयारी युद्धस्तर पर जारी है मगर अब तक जिला प्रशासन से इसके लिए कोई अनुमति नहीं दी गई है।

प्राप्त विवरण के अनुसार रायगढ़ एसडीएम का कहना है कि तीनों मीनाबाजार के लिए आवेदन दिया गया है मगर इन्हें अनुमति अब तक नहीं दी गई है। नगर निगम और यातायात विभाग के अभिमत के बाद ही इस मामले में आगे की कार्रवाई की जायेगी।



शहर के सावित्री नगर और ट्रांसपोर्ट नगर में इस बार तीन मीना बाजार लगाने की तैयारी चल रही है। मीना बाजार संचालकों ने बाजार सजाना भी शुरू कर दिया है मगर ताज्जूब की बात यह है कि अब तक इनमें से किसी भी संचालक को मीना बाजार लगाने की विधिवत अनुमति नहीं मिली है और बिना अनुमति के ही संचालकों ने मीना बाजार सजाने का काम शुरू कर दिया है। इस मामले में नगर निगम द्वारा पूर्व में नोटिस जारी किया जा चुका है मगर एक मीना बाजार संचालक ने अब तक अपना ले आउट प्रस्तुत नहीं किया है। दो मीनाबाजार सञ्चालक ले आउट दे चुके हैं एसडीएम का भी कहना है कि उनके पास तीनों मीना बाजार के आवेदन जरूर आये हैं मगर अब तक उन्हें अनुमति नहीं दी गई है। प्रशासन का कहना है कि नगर निगम और ट्रैफिक विभाग से अभिमत प्राप्त होने के बाद ही वे मीना बाजार संचालन के लिए अनुमति प्रदान की जाये या फिर नहीं इस पर निर्णय लेंगे। जबकि इधर बिना अनुमति के ही तीनों मीना बाजार के संचालक बाजार संचालन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## सार-संक्षेप

### व्यायाम शिक्षक को मूल शाला में वापस पदस्थ करने की मांग

**डभरा**,26 जुलाई (देशबन्धु)। व्यायाम शिक्षक विमल शर्मा को मूल शाला में वापस लाने के लिए शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ने जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति को लिखित में आवेदन देकर मांग किया है आपको बता दें कि विमल शर्मा व्यायाम शिक्षक की मूल शाला शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल कोटमी में पदस्थ थे जो पी एम श्री स्कूल डभरा में 30 जुलाई 2022 से संलग्न किया गया है जबकि जिला शिक्षा अधिकारी शक्ति ने एक पत्र जारी कर 14 जुलाई 2025 से संलग्न करण समाप्त कर दिया है फिर भी जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश के बाद भी आज तक मूल शाला में वापस नहीं भेजा गया है। जिससे कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल की खेल कूद प्रभावित हो रही है शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष डॉ राजेंद्र चौधरी ने शीघ्र ही जिला शिक्षा अधिकारी से मांग किया है कि उक्त व्यायाम शिक्षक को मूल शाला में तुरंत वापस किया जाए।

### पर्यावरण जागरूकता अभियान में शामिल हुए पूर्णिमा खूंटे



**मालखरौदा**,26 जुलाई (देशबन्धु)। ब्लॉक मालखरौदा क्षेत्र ग्राम पंचायत चारपारा में लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने एवं ग्रामीणों को पेड़ लगाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। इस पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे शामिल हुए। ग्रामीणों द्वारा जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा खूंटे का आत्मीय स्वागत किया गया। ग्राम पंचायत चारपारा में पर्यावरण को बचाने के लिए वृहद रूप से वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया। इस पर्यावरण जागरूकता अभियान में ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता मितानिन दीदियों महिला समूहों के सदस्य एवं स्कूली बच्चों के द्वारा विद्यालय परिसर पंचायत भवन के परिसर में पेड़ लगाया है वही वहीं इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे ने कहा कि पर्यावरण की संरक्षण एवं गांव में शुद्ध हवा के लिए पेड़ लगाना जरूरी है। गांवों में समय-समय पर जागरूकता अभियान चलाकर अपने अपने खेत बाड़ी तालाब के मेड़ में पेड़ लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से श्रीमति लकेश्वरी देवा लहरे प्रताप चंद्रा हेमकुमार यादव एवं अन्य ग्रामीणों जन शामिल हुए। आपको अवगत करा दे की श्रीमति पूर्णिमा चंद्रप्रकाश खूंटे जब से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई है तब से क्षेत्र में काफी सक्रिय नजर आ रही हैं सामाजिक सामूहिक एवं व्यक्तिगत कार्यक्रमों में लगातार लोगों के बीच पहुंच रहीं हैं। साथ ही ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान भी कर रही है। साथ ही अपने जिला पंचायत क्षेत्र के गांवों में वृक्षारोपण पर विशेष ध्यान दे रही है।

### ग्राम पंचायत चंदली में मनाया गया हरियाली त्यौहार



**डभरा**,26 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के प्रथम पर्व हरेली के अवसर पर ग्राम पंचायत चंदली में हरियाली त्यौहार मनाया गया जहां एक पेड़ मां के नाम के वृक्षारोपण किया गया। विदित हो कि जनपद पंचायत डभरा अंतर्गत अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत चंदली में छत्तीसगढ़ के प्रथम त्यौहार हरेली के अवसर पर ग्राम पंचायत के सरपंच सनातन निषाद के नेतृत्व में हरियाली त्यौहार मनाया गया और एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया इस दौरान पंचायत भवन परिसर, स्कूल प्रांगड़ एवं अन्य स्थानों पर वृक्ष लगाए गए सरपंच द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि वृक्ष लगाना हमारे जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है इससे पर्यावरण में संतुलन बना रहता है साथ ही लगाए गए वृक्ष को सही सलामत सहजने के लिए कहा गया सरपंच सनातन निषाद काफी लोकप्रिय सरपंच हैं जो कि लगातार तीसरी बार ग्राम पंचायत चंदली के सरपंच निर्वाचित हुए हैं और बहुत ही लोकप्रिय सरपंच है वृक्षारोपण कार्यक्रम में सरपंच सनातन निषाद के साथ साथ उप सरपंच चारों बाई निषाद, सक्रिय महिला पार्वती निषाद, उर्मिला निषाद, पंचगढ़, सचिव, महिला समूह के सदस्य के साथ साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### 20 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर**, 25 जुलाई (देशबन्धु)। जिले में अवैध शराब कारोबार के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। थाना शिवरीनारायण पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए सिंहुल वार्ड नंबर 07 निवासी हीरा सिंह मरार (उम्र 48 वर्ष) को 20 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 5 हजार रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के नेतृत्व में की गई। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी एवं थाना स्टाफ की भूमिका रही। जिला पुलिस द्वारा अवैध शराब की रोकथाम के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।



### अस्पताल परिसर जलमग्न, मरीजों को भारी परेशानी

**जांजगीर**, 25 जुलाई (देशबन्धु)। बम्हनीडीह के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का परिसर इन दिनों बारिश के पानी से लबालब भरा हुआ है। जलनिकासी की समुचित व्यवस्था न होने के कारण बारिश के बाद अस्पताल के पूरे परिसर में पानी भर जाता है, जिससे अस्पताल की कार्यप्रणाली बुरी तरह प्रभावित हो रही है। मरीजों और उनके परिजनों को कीचड़ और गंदे पानी से होकर अस्पताल में प्रवेश करना पड़ रहा है। सबसे गंभीर स्थिति यह है कि पानी अस्पताल भवन के अंदर तक पहुंच गया है, जिससे संक्रमण और बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय नागरिकों ने बताया कि यह समस्या कोई नई नहीं है — हर साल बरसात में यही हाल होता है। उल्लेखनीय है कि अस्पताल परिसर में सौंदर्यीकरण के नाम पर जिला खनिज न्यास मद से 20 लाख रुपये खर्च कर पेवर ब्लॉक तो बिछाए गए, लेकिन जलनिकासी की व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। इसके चलते पेवर ब्लॉक के बीच पानी जमा हो रहा है और कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हो रही है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द जलनिकासी की समुचित व्यवस्था की जाए और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो हालात और भी बदतर हो सकते हैं, जिससे जनस्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है।



# अब न जूते पहन सकेंगे, न फुल शर्ट चप्पल और लोवर में ही देंगे परीक्षा

### व्यापमं परीक्षा को लेकर सख्त निर्देश, सेंटरों में जैमर, दो घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य

**जांजगीर,** 25 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ व्यापमं द्वारा 27 जुलाई को आयोजित की जा रही आबकारी आरक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर इस बार विशेष सतर्कता बरती जा रही है। बिलासपुर में हाल ही में उजागर हुए हाईटेक नकल कांड के बाद व्यापमं ने परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह नकलविहीन बनाने के लिए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

जिले के 29 परीक्षा केंद्रों में परीक्षा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें 10 हजार 498 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पूर्व कड़ी जांच और सख्त ड्रेस कोड का पालन करना होगा।

### ड्रेस कोड सख्त

व्यापमं के अनुसार परीक्षार्थी हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े, लोवर और चप्पल पहनकर ही परीक्षा केंद्र आ सकते हैं। जूते, मोजे, बेल्ट, फुल शर्ट, टोपी, स्कार्फ, घड़ी, चेन, कड़ा, कान में आभूषण आदि पहनने की सख्त मनाही है। सभी प्रकार के मोबाइल फोन, स्मार्ट वॉच, कैलकुलेटर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को केंद्र में लाना पूरी तरह प्रतिबंधित है।

### जांच होगी सख्त

परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर से जांच की जाएगी। महिला परीक्षार्थियों की तलाशी महिला पुलिसकर्मी द्वारा बंद कमरे में की जाएगी, जबकि पुरुष परीक्षार्थियों की जांच खुले में पुरुष पुलिसकर्मी द्वारा की जाएगी।




केंद्र के प्रवेश द्वार पर एक महिला व एक पुरुष पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे।

### प्रवेश की समय सीमा

परीक्षा केंद्र में सुबह 10 30 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा। सभी परीक्षार्थियों को कम से कम दो घंटे पूर्व केंद्र पहुंचने की सलाह दी गई है, ताकि जांच प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके।

### जैमर से हाईटेक नकल पर रोक

व्यापमं द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र में 200 मीटर की रेंज वाले जैमर लगाए जा रहे हैं। इससे परीक्षा केंद्र और आसपास के क्षेत्र में मोबाइल फोन, इंटरनेट एवं किसी भी वायरलेस डिवाइस का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। जैमर लगने के बाद ड्यूटी में तैनात कर्मचारियों के मोबाइल भी काम नहीं करेंगे।

### प्रश्नपत्र की सुरक्षा के लिए पुलिस पहरा

परीक्षा की पारदर्शिता बनाए रखने के लिए ट्रेजरी से परीक्षा केंद्र तक प्रश्नपत्र पेटियों की निगरानी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जा रही है।

## प्राणघातक हमला करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार, 4 बालक बाल संप्रेक्षण गृह भेजे गए

### रंजिश के चलते हत्या की नीयत से हमला, पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर आरोपियों को धर दबोचा

**जांजगीर,** 25 जुलाई (देशबन्धु)। थाना मुलमुला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोनारगढ़ में दिनांक 24 जुलाई को रंजिश के चलते तनीश पटेल पर डंडा, रॉड एवं बेल्ट से प्राणघातक हमला किया गया। इस गंभीर मामले में पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है, वहीं इस घटना में शामिल 4 विधि से संघर्षरत बालकों को किशोर न्यायालय में प्रस्तुत कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है।



घटना की जानकारी अनुसार, आपसी विवाद को लेकर आरोपियों ने एकराय होकर पीड़ित के घर के पास पहुंचकर अश्लील गालियां दी और घर में घुसकर परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी देते हुए हमला किया। प्रार्थिया अमीषा पटेल की शिकायत पर थाना मुलमुला में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया। इस पूरे प्रकरण में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी श्री प्रदीप कुमार सोरी के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी पारस पटेल के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियो में अजय केंवट नितिश यादव उर्फ रज यादव ,प्रदीप पटेल, रामनारायण साहू उर्फ रामा अरुण साहू उर्फ रामा साहू (सभी निवासी कोनारगढ़, थाना मुलमुला) पुलिस द्वारा की गई जांच में आरोपियों के विरुद्ध भा.दं.सं. की धारा 191(2), 296, 331(8), 109 बीएनएस के तहत अपराध सिद्ध पाया गया, जिसके आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया। साथ ही, विधि से संघर्षरत 4 किशोरों को भी किशोर न्यायालय में प्रस्तुत कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है। इस कार्यवाही में उप निरीक्षक पारस पटेल (थाना प्रभारी, मुलमुला), सउनि फूलेश्वर सिंह सिदार, प्रमोद महार, प्र.आर. बलबीर सिंह, आरक्षक राजेंद्र राठौर, हेमंत खरे, ओमप्रकाश डहरिया, जितेंद्र कुर्रे, यशवंत कश्यप एवं मनभावन पटेल का सराहनीय योगदान रहा।

## किसान मजबूत होंगे तभी गांव, जिला और प्रदेश मजबूत होंगा- राजकुमार साहू

### सभापति ने अमोरा में किसानों को निःशुल्क स्पेयर पंप वितरित किए

**जांजगीर,** 25 जुलाई (देशबन्धु)। जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभापति राजकुमार साहू ने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत अमोरा में किसानों को निःशुल्क स्पेयर पंप का वितरण किया। इस अवसर पर श्री साहू ने रविशंकर साहू, बिहारी तिवारी, मनोज साहू, संतोष कुमार पटेल, लक्ष्मण प्रसाद कश्यप, हरीश कुमार कश्यप, रविंद्र कश्यप, भरत कश्यप, अंतराम कर्ष, राजकुमार कश्यप, हेमंत कुमार यादव, अरुण तिवारी, तिहारू केंवट, कार्तिक कश्यप, नारायण पटेल, शिव कश्यप, दिनेश साहू, खम्हन पटेल, इंद्रकुमार पटेल और प्रहलाद चौहान को स्पेयर पंप वितरित किए। किसानों को संबोधित करते हुए सभापति श्री साहू ने कहा, जब से केंद्र और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तब से किसानों को सैकड़ों योजनाओं का सीधा लाभ मिल रहा है। जब किसान मजबूत होंगे, तभी गांव, जिला और प्रदेश मजबूत होंगे, और जब प्रदेश मजबूत होगा, तभी देश मजबूत होगा। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अमोरा के सरपंच राकेश कश्यप, खम्हन तिवारी सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।



## शिवरीनारायण पुलिस को मिली सफलता, फरार आरोपियों को दबोचा

**जांजगीर,** 25 जुलाई (देशबन्धु)। शिवरीनारायण थाना अंतर्गत गंभीर अपराध में फरार चल रहे दो आरोपियों को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों में कमल कुर्रे (33 वर्ष) एवं विश्वनंदन कुर्रे (19 वर्ष), दोनों निवासी कोहका, थाना शिवरीनारायण शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 01 जुलाई की रात्रि लगभग 08 बजे आरोपियों ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी धनराज खटकर (निवासी बिलारी, थाना शिवरीनारायण) के घर में घुसकर अश्लील गालियां दी, जान से मारने की धमकी दी और मारपीट कर फरार हो गए थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 333, 296, 351(2), 115(2), एवं 3(5) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की थी। लगातार पातासाजी के बाद मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों को उनके सकूनत से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपराध स्वीकार किया, जिसके पश्चात विधिवत गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार द्विवेदी एवं सउनि रामप्रसाद बघेल की भूमिका रही।



## रेल मंत्री को विधायक ने सौंपा ज्ञापन, जनहित में की कई मांगें

### जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पर जन सुविधाओं के विस्तार की उठाई मांग

**जांजगीर,** 25 जुलाई (देशबन्धु)। विधायक ब्यास कश्यप ने अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के कार्यालय में जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन से जुड़ी जनहितकारी समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में स्टेशन के विकास, यात्री सुविधाओं में विस्तार एवं ट्रेनों के ठहराव को लेकर कई आवश्यक मांगें रखी गई हैं।



विधायक कश्यप ने ज्ञापन में जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन समपार पर रेल ओव्हर ब्रिज निर्माण की मांग को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ सरकार ने उक्त ओव्हर ब्रिज निर्माण को बजट में तो स्वीकृति दे दी है, परंतु निर्माण प्रारंभ करने के लिए आवश्यक राशि अब तक जारी नहीं की गई है। साथ ही, रेलवे प्रशासन की ओर से भी कुछ तकनीकी अड़चनें हैं जिन्हें दूर किया जाना आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त, किमी. 675/17-19 श्रीनहरिया बाबा हनुमान मंदिर के समीप 3 मीटर चौड़े फुट ओव्हर ब्रिज के निर्माण कार्य के लिए 4.33 करोड़ रुपये का प्रस्तावित बजट अब तक लंबित है, जिसकी स्वीकृति शीघ्र देने की मांग भी की गई। ज्ञापन में श्री कश्यप ने साउथ बिहार एक्सप्रेस, गोंडवाना एक्सप्रेस एवं एल.टी.टी. मुंबईङ्कशालिमार एक्सप्रेस जैसी प्रमुख गाड़ियों का जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में ठहराव सुनिश्चित करने की भी मांग की है। उन्होंने बताया कि इन मांगों को लेकर गत 07 मई 2025 को स्टेशन के सामने जनांदोलन भी किया जा चुका है। विधायक ने पत्र में उल्लेख किया कि उपरोक्त सभी मांगें जनहित में अत्यंत आवश्यक हैं तथा यदि इन पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो जनाक्रोश और अधिक तीव्र हो सकता है।

## प्रकृति का कहर आंधी-तूफान से प्रभावित गांवों में छाया विधायक महेश साहू ने किया दौरा

**खरसिया,**26 जुलाई (देशबन्धु)। खरसिया विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत पुसौर में आई आंधी-तूफान से अनेक गांवों में बहुत भारी नुकसान हुआ है। इस स्थिति पर तत्काल संज्ञान लेते हुए ग्रामीण जनों को हुए नुकसान का जायजा लेने और उन्हें मदद पहुंचाने के लिए छाया विधायक महेश साहू ने प्रभावित गांवों का दौरा किया। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व महेश शर्मा जी तहसीलदार पंकज मिश्रा एवं सभी गांवो के पटवारीयों के साथ उन्होंने पीड़ित परिवारों को हुए नुकसान का सर्वे करवाते हुए पीड़ित परिवारों को यथासंभव मदद का भरोसा दिलाया। बताते चले की क्षेत्र में आए आंधी-तूफान ने सबसे अधिक खरसिया क्षेत्र के ग्राम पंचायत पुटकापुरी, बासनपाली, कौवाताल, टेका, पचेड़ा में भारी तबाही मचाई थी एवं कई गांव बुरी तरह प्रभावित हुए कई घरों के छप्पर उड़ गए कई घरों के ऊपर बड़े बड़े पेड़ गिर गए जिसकी वज़ह से ग्रामीणों को भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ी गनीमत रही की किसी भी प्रकार की जान माल की हानि नहीं हुई। सैकड़ों पेड़ बिजली के खंभे और कई ट्रांसफॉर्मर क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है, अभी तक इन गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी है। वहीं छाया विधायक महेश साहू ने अत्यंत संवेदनशील कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी जी रायगढ़ से दूरभाष पर बात करते हुये पीड़ित परिवारों को शासन से मदद करवाने का आग्रह किया। महेश साहू के आग्रह पर पटवारी सचिव को गांवों में भेजा गया था जिनके द्वारा नुकसान का आकलन करने के लिए पीड़ित परिवारों का मौका मुआयना कर सर्वे किया गया। इससे प्रभावित लोगों को सरकार से अधिकतम मुआवजा दिलाने में मदद मिलेगी। सर्वे टीम प्रभावित क्षेत्रों में जाकर नुकसान का विस्तृत ब्यौरा तैयार कर रही है। इस रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। छाया विधायक महेश साहू एवं स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की हर संभव मदद के लिए तत्पर है।



## जल भराव की समस्या से जूझ रहा है सारंगढ़ मुख्यालय,जिले में कई मार्ग हुए बंद

**सारंगढ़,**26 जुलाई (देशबन्धु)। विगत दो दिनों से लगातार हो रही बारिश से विशेषकर जिला मुख्यालय में जल भराव की समस्या एक गंभीर रूप मैं उभरकर सामने आ रही जिसमें सबसे अधिक समस्या बिलासपुर मार्ग पर है जहाँ प्रतापगंज के आगे चल रहे सीसी रोड निर्माण के कारण एक ओर या मार्ग पहले ही बंद है वहीं दूसरी ओर को मार्ग में गड्ढे व कीचड़ के कारण इससे आर पार होना भी मुश्किल हो रहा है तथा विगत रात्रि को एक अधिकारी का स्कारपियो वाहन यहां फंस गया था जिसे बडी ही मुश्किल से निकाला गया ।वहीं इसी मार्ग पर के एलेक्स बैंक को बगल के नए देवागंन पारा सी स्थिति तो और भी बदतर हो गई है जहाँ की। नाली तो बारहों महीने ओवर फ्लो होकर बारह बह रही है तथा इसके बडे से गड्ढे काम भी अंदाजा नहीं लग पाने व वर्तमान में इस मार्ग के अति व्यस्त मार्ग होने से लगातार वाहनों की आवाजाही के कारण नाली के गड्ढे में कई लोग फिसल भी रहें हैं व आर पार होते समय इस नाली के पानी के छींटे भी राहगीरों पर पड रहें हैं तथा इस नाली के ठीक आगे दुबे कालोनी के पास तो आज पानी तालाब सा भरा हुआ था जिससे आर पार होना भी मुश्किल हो रहा था ।तथा यही स्थिति जिला मुख्यालय के हृदय स्थल व मुख्य चौंक भारत माता चौंक से नगर प्रवेश मार्ग की भी है जिसमें एक ओर सीसी रोड निर्माण चल रहा है तथा थोडी सी बारिश होने पर भी सीसी के दूसरी ओर डबरी सा पानी भर जा रहा है जिससे आवाजाही तो बंद हो ही रही है साथ ही साथ आसपास के दुकानदारों को भी भारी परेशानी हो रही है ।यही स्थिति रायगढ़ रोड पर चल रहे आधे अधूरे निर्माण के कारण भी हो रही है। वहीं नगर ता बस स्टैंड में भी जल भराव के कारण बरसात में यह तालाब सा रूप ले लेता है।



### पानी निकासी एक मुख्य समस्या

उक्त जल भराव की समस्या या मुख्य कारण निकासी की साधन नहीं होना ही नजर आता है जहाँ प्रतापगंज के नया देवागंन मोहल्ला में व भारत माता से नगर प्रवेश मुख्य मार्ग ,बस स्टैंड इत्यादि में जल निकासी की कोई साधन नहीं होने के कारण ही यहाँ जल भराव हो रहा जिसका समाधान निकालना यहाँ के सम्बंधित अधिक अधिकारियों के लिए एक बडी चुनौती नजर आती है।

### जिले में भारी बारिश से कई मार्ग हुए बंद

जिले में लगातार हुई बारिश से कई मार्गों व पुलों में पानी भर जाने के कारण चंद्रपुर बरमकेला लात नाला,बडे गंतुली से बरभांठा जसरा इत्यादि मार्गों में लगभग दो फीट पानी भरा हुआ था वहीं चंद्रपुर महानदी में पानी लगभग पचपन फीट तक पहुंच गया था जिससे बाढ के हालात बन रहे थे परंतु दोपहर एक बजे से बारिश शहर में तो थम गया था परंतु कई गाँवों में भारी बारिश जारी थी व शहर में अभी भी काले बादल छाये हुए थे।

## बारिश से पहले रेत माफियाओं ने महानदी की सीना चीरकर अवैध रूप से करते रहे रेत का भंडारण

डभरा,26 जुलाई (देशबन्धु)। अनुविभाग डभरा क्षेत्र ग्राम कलमा बैराज के नीचे से कई महीनो से रेत माफियाओं द्वारा महानदी की सीना चीरकर कर चेन माउंटेन मशीन से अवैध रूप से निकाल कर जगह जगह अवैध रूप से भंडारण किया गया है जो नियम विरुद्ध है रेत माफियो द्वारा सरकार को लाखो रुपयों कि रॉयल्टी का चुना लगा चुका है ।

अब बारिश के दिनों में कलमा बैराज के पास भारी मात्रा में रेत डंप कर रखा गया है। जिसे अधिक दामों में पॉवर कंपनी एवं मकान बनाने के लिए रायगढ़ शहर आस पास गांवों में बेच रहे है। हम आपको बता दें कि ब्लॉक डभरा क्षेत्र ग्राम कलमा बैराज के पास महानदी से लगातार गर्मी महीने में अवैध रूप से रेत निकाल कर डंप करके डंफर हाईवा वाहनों से परिवहन कर रहे है।

बताया जा रहा है कि राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग के अधिकारियों के संरक्षण में खुले आम गर्मी महीने में रेत निकाला गया। अभी बारिश के दिनों में डंप किए गए रेता को अधिक दामों में बेच रहे है। बिना रॉयल्टी के खुलेआम डंफर हाईवा वाहनों से शहर में ऊंचे दामों पर बेच रहे है।



कलमा बैराज के नीचे महानदी का सीना चीरकर कई महीनो से खुलेआम रेत माफियाओं द्वारा निकाला गया फिर भी आज तक खनिज विभाग एवं तहसीलदार चंद्रपुर एस डी एम डभरा द्वारा की कार्यवाही नहीं किया गया है। इस अवैध रेत माफियाओं को शासन प्रशासन कानून का कोई डर नहीं है। इनके हौसले बुलंद है।

महानदी से लगातार तीन महीने से अवैध रूप से रेत माफियाओं द्वारा निकाल कर बेचा गया परंतु आज तक एक भी कार्यवाही नहीं हुई। अवैध रेत उत्खनन एवं अवैध भंडारण कर प्रतिदिन लाखों रुपए का रेत परिवहन किया जा रहा है जबकि जिस जगह से रेत निकाला गया है वहां शासन के द्वारा रेत घाट घोषित ही नहीं किया गया है। न ही नीलामी हुआ है। वही तहसील डभरा अंतर्गत अंतिम छोर पर ग्राम कलमा स्थित है जो कि महानदी के किनारे पर है वहां पर से बिना अनुमति के रेत निकाल कर भंडारण किया गया है और प्रतिदिन हाइवा से परिवहन किया जा रहा है और रॉयल्टी पर्ची किसी अन्य घाट का दिया जा रहा है नियमानुसार रेत का भंडारण करने के लिए वहां पर रेत घाट का होना आवश्यक होता है लेकिन रेत माफिया द्वारा बरसात से पूर्व कलमा स्थित महानदी से बड़ी बड़ी पोकलेन वाहन से रेत निकाल कर नदी के किनारे रेत का पहाड़ खड़ा कर लिया गया है और अब उसे मनमानी कीमत पर बिना वैध रॉयल्टी पर्ची का हाइवा वाहन से सप्लाई किया जा रहा है साथ ही जिस सड़क पर बड़ी बड़ी वाहन दौड़ रही है ।

वही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क है जो छोटे वाहन या ट्रैक्टर चलने लायक बनी है जो बड़े बड़े रेत वाहन के चलने से सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है बहरहाल देखना है कि अवैध रेत माफियो के विरुद्ध खनिज विभाग प्रशासन क्या कार्यवाही करती है।

# देश विदेश

## कंबोडिया बौद्ध विश्वविद्यालय के आईटी सेंटर से 150 छात्रों ने की डिग्री पूरी

**नोम पेन्ह,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। कंबोडिया के प्रीह सिहानुकराजा बौद्ध विश्वविद्यालय के आईटी सेंटर से शनिवार को 150 छात्रों ने पढ़ाई पूरी की। यह सेंटर भारत सरकार की मदद से मेकांग-गंगा सहयोग (एमजीसी) के तहत एक क्विक इम्पैक्ट प्रोजेक्ट (क्यूआईपी) के रूप में स्थापित किया गया था। स्नातक समारोह में भारतीय दूतावास के अधिकारियों और विश्वविद्यालय के शिक्षकों ने छात्रों को प्रमाण पत्र दिए। एमजीसी के तहत भारत हर साल कंबोडिया में पांच सामाजिक-आर्थिक परियोजनाओं के लिए प्रति परियोजना 50,000 अमेरिकी डॉलर की सहायता देता है। एमजीसी की स्थापना नवंबर 2000 में भारत, कंबोडिया, लाओस, म्यांमार, थाईलैंड और वियतनाम के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए हुई थी।

# फिलीपींस में चक्रवाती तूफान से 30 लोगों की मौत, सात लापता

**मनीला,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। फिलीपींस में तीन उष्णकटिबंधीय चक्रवाती तूफान के चलते अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन में 30 लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी फिलीपींस की एक सरकारी एजेंसी ने शनिवार को दी है। नेशनल डिजास्टर रिस्क रिडक्शन एंड मैनेजमेंट काउंसिल (एनडीआरआरएमसी) की रिपोर्ट के मुताबिक फिलहाल सात लोग लापता हैं। आशंका है कि यह लोग या तो अचानक आई बाढ़ में बह गए या फिर भूस्खलन का शिकार हो गए। भीषण बाढ़ और भूस्खलन के कारण 10 लोग घायल भी हुए हैं।

एनडीआरआरएमसी के अनुसार देशभर में 14.6 लाख से ज्यादा परिवारों के करीब 53 लाख लोगों पर इसका विपरीत असर पड़ा है।

सिविल डिफेंस ऑफिस के अनुसार 88 शहरों और नगर पालिकाओं ने रेस्क्यू मिशन में तेजी लाने और जरूरी संसाधनों तक पहुंच को सुगम बनाने के लिए आपदा की स्थिति घोषित कर दी है। तूफान विफा, फ्रांसिस्को और को-मे भले ही फिलीपींस से आगे बढ़ चुके हैं, लेकिन मौसम एजेंसी ने चेतावनी दी है कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून के कारण आने वाले दिनों में लुजोन द्वीप के कई हिस्सों में भारी बारिश जारी रह सकती है।



- भीषण बाढ़ व भूस्खलन से 10 लोग घायल
- फिलीपींस में हर साल औसतन 20 तूफान देते हैं दस्तक

सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, फिलीपींस में हर साल औसतन 20 तूफान दस्तक देते हैं।

24 जुलाई को मूसलधार बारिश ने देश में भयंकर बाढ़ और भूस्खलन का खतरा और बढ़ा दिया। फिलीपींस को कुछ ही दिनों में तीन उष्णकटिबंधीय तूफानों ने प्रभावित किया है, जिससे हालात और बिगड़ गए हैं। इस आपदा में अब तक 12 लोगों की मौत हो चुकी है और 27 लाख से अधिक लोग विस्थापित हो गए।

## चीन में अचानक बाढ़ व भूगर्भीय आपदाओं के लिए रेड अलर्ट जारी

**लान्झोउ।** उत्तर-पश्चिमी चीन के गांसु प्रांत में क्षेत्र के कुछ हिस्सों में जारी भारी बारिश के बीच शनिवार को अचानक बाढ़ और भूगर्भीय आपदाओं के मौसम संबंधी जोखिमों के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया। प्रांतीय जल संसाधन विभाग और प्रांतीय मौसम विज्ञान ब्यूरो ने संयुक्त रूप से सुबह 6:10 बजे अचानक बाढ़ के लिए रेड अलर्ट जारी किया, जिसमें पिंगलियांग और किंगयांग के कुछ हिस्सों में अल्पकालिक भारी वर्षा से बढ़ते खतरे का हवाला दिया गया। उसी दिन बाद में, प्रांतीय प्राकृतिक संसाधन विभाग और प्रांतीय मौसम विज्ञान ब्यूरो ने उन्हीं क्षेत्रों में मौसम से उत्पन्न भूगर्भीय आपदाओं के लिए रेड अलर्ट जारी किया, जिसमें भूस्खलन, मिट्टी के ढहने और भूस्खलन जैसे खतरों के उच्च जोखिम की चेतावनी दी गई। प्रांतीय मौसम विज्ञान ब्यूरो के अनुसार अगले 12 घंटों में कुल 80 से 120 मिलीमीटर बारिश होने का अनुमान है।

## ईरान में आतंकी हमला, 8 लोगों की मौत, 13 घायल

**तेहरान,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। ईरान के दक्षिण-पूर्वी शहर जाहेदान में शनिवार सुबह न्याय विभाग की इमारत पर हुए एक भीषण आतंकी हमले में कम से कम 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 13 अन्य घायल हो गए। मारे गए लोगों में पांच आम नागरिक और तीन हमलावर शामिल हैं। यह जानकारी ईरान की अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने दी। शिन्हुआ के अनुसार, इस हमले की जिम्मेदारी 'जैश अल-जुल्म' नामक आतंकवादी संगठन ने ली है, जिसे ईरान पहले ही आतंकी संगठन घोषित कर चुका है।



- 'जैश अल-जुल्म' नामक आतंकवादी संगठन ने ली हमले की जिम्मेदारी

आतंकियों ने जाहेदान स्थित न्याय विभाग के भवन में घुसकर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकियों को मार गिराया।

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि उनके जमीनी बलों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और तीन आतंकियों को ढेर कर दिया। हालांकि, कई घायलों की हालत गंभीर बनी हुई है।

हालात अब पूरी तरह नियंत्रण में हैं और सुरक्षा बल चौकसी बनाए हुए हैं। जाहेदान यूनिवर्सिटी ऑफ मेडिकल साइंसेज के प्रमुख मोहम्मद-हसन मोहम्मदी ने तसनीम को बताया कि सभी घायलों को पास के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। प्रांतीय प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे न्याय विभाग और उसके आसपास के क्षेत्रों में जाने से बचें। गौरतलब है कि जैश अल-जुल्म ने पिछले कुछ वर्षों में ईरानी सुरक्षा बलों और आम नागरिकों पर कई जानलेवा हमले किए हैं।

## सुडोकू 6986


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | | | | 1 |
| | 2 | | 5 | | 4 | 3 | | 9 |
| | | | | 6 | | | | 2 |
| | 5 | | | 8 | | 9 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 4 | | 7 | | | 1 | |
| 8 | | | | 3 | | | | |
| 3 | | 2 | 9 | | 1 | | 7 | |
| 5 | | | | | | | 9 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**


## वर्ग पहेली 6986



**बायें से दायें:-**
१. अपमानित, बेइज्जत (उर्दू)
३. मर्दुम, शुमारी, किसी क्षेत्र की गणना
५. स्थिर
६. उर्दू के एक प्रसिद्ध शायर
७. पासपोर्ट
८. एक ही समय में रहने या होने वाला
१३. सितम, जुल्म
१५. व्याकुल, बेचैन
१६. अत्यधिक, श्रम के कारण उत्पन्न शारीरिक शिथिलता
१७. किसी व्यापारिक संस्था के लेन-देन का हिसाब रखने वाला
१८. विपणन, तिजारत
२०. निरंतर
२२. पाठशाला (उर्दू)
२३. तूणिर

**ऊपर से नीचे:-**
१. अनियंत्रित निरंकुशहीन
२. हयात्
३. कलेवा नाश्ता
४. किसी संस्था आदि की स्थापना करने वाला
५. रात्रि, रजनी
९. इच्छा, कामना
१०. दुर्ग
११ आलीशान
१२. विश्वास, भरोसा :उर्दू)
१४. विनोबा भावे से संबंधित एक स्थान
१७. अभियान:उर्दू)
१९. अग्नि
२०. इस समय
२१. व्यसन, बुरी आदत

## वर्ग पहेली-6985



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948405

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

**ग्रह स्थिति : रविवार 27 जुलाई , 2025 श्रावण शुक्ल पक्ष 2**

### राशिफल

मेष - आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की जरूरत है। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता नहीं मिलने से मन में खिन्नता रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य भी कमजोर रहेगा। यात्रा के लिए योग्य समय नहीं है।

वृषभ - आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा। विद्यार्थी पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे। सरकारी काम में सफलता या लाभ मिलेगा।

मिथुन - नई योजना का आरंभ करने के लिए आज अनुकूल दिन है। सरकारी काम में लाभ होगा। अधिकारियों से काम का उचित फल भी मिल सकता है। भाई-बंधुओं के साथ कोई झगड़ा दूर होगा। विचार लगातार परिवर्तन होते रहेंगे।

कर्क - नेगेटिव विचारों से मन परेशान रह सकता है। मानसिक रूप से स्वस्थता का अनुभव नहीं करेंगे। निराशा और असंतोष की भावना से काम में मन नहीं लगेगा। कुटुंबजनों के साथ किसी विषय पर वाद-विवाद हो सकता है।

सिंह - आप में आज आत्मविश्वास कूट-कूटकर भरा रहेगा। किसी भी काम को करने के लिए आप जल्दबाज़ी में निर्णय ले सकते हैं। पिता तथा बड़ों की ओर से लाभ होगा। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो सकती है।

कन्या - आज इगो के कारण किसी से बातचीत में मनमुटाव हो सकता है। शारीरिक थकान और मानसिक तनाव अधिक रहेगा। मित्रों के साथ किसी बात विवाद हो सकता है। स्वभाव में आवेश और क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

तुला - आपका आज का दिन शुभफलदायी है। कई क्षेत्रों से आपको लाभ होगा। इनकम में भी वृद्धि हो सकती है। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे धन खर्च भी हो सकता है। पर्यटन स्थल की सैर आपको रोमांचित करेगी।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए अच्छा होगा। व्यापार स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। उच्च अधिकारी आप पर प्रसन्न रहेंगे। आप का हर काम आज सफलता से पूरा होगा। आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

धनु - आज आपका स्वास्थ्य नरम-गरम रह सकता है। शारीरिक रूप से आलस्य और अशक्ति का अनुभव करेंगे। मन में चिंता रह सकती है। व्यापार में बाधाएं उपस्थित होंगी। गलत कामों से दूरी बनाए रखें।

मकर - आज अचानक धन खर्च होने का योग है। यह खर्च स्वास्थ्य के कारण भी हो सकता है। व्यावहारिक या सामाजिक काम के लिए बाहर जाना हो सकता है। खान-पान में ध्यान रखें। क्रोध तथा नकारात्मक विचारों से दूर रहें।

कुंभ - रोमांस के लिए आज अनुकूल दिन है। आज का हर कार्य आप दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास से पूरा करेंगे। प्रवास-पर्यटन की संभावनाएं है। अच्छा भोजन और नए वस्त्र मिलने का अवसर मिल सकता है।

मीन - आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। आज आपके मनोबल और आत्मविश्वास में दृढ़ता का अनुभव रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। स्वभाव और वाणी में उग्रता रह सकती है।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

## ताइवान की सीमा के पास देखे गए चीन के 17 सैन्य विमान व 7 नौसैनिक पोत

**ताइपे,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि चीन के 17 सैन्य विमानों और 7 नौसैनिक जहाजों की गतिविधियां ताइवान के आसपास देखी गई हैं। यह गतिविधियां शनिवार सुबह 6 बजे (स्थानीय समय) तक दर्ज की गईं।



मंत्रालय के अनुसार, 17 में से 8 चीनी सैन्य विमानों ने ताइवान जलडमरूमध्य की मध्य रेखा पार की और ताइवान के दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। चीन की इस सैन्य गतिविधि के जवाब में ताइवान की सशस्त्र सेनाओं ने स्थिति की निगरानी की और अपने विमानों, नौसैनिक पोतों व तटीय रक्षा प्रणालियों को सक्रिय कर जवाबी कार्रवाई की। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक बयान जारी करते हुए कहा कि आज सुबह 6 बजे तक ताइवान के आसपास पीएलए (चीन की सेना) के 17 सैन्य विमान और पीएलएन नेवी के 7 पोत देखे गए। इनमें से 8 विमानों ने मध्य रेखा को पार करते हुए दक्षिण-पश्चिमी वायु रक्षा पहचान क्षेत्र में प्रवेश किया। हमने स्थिति की निगरानी की और आवश्यक कार्रवाई की। यह ताज़ा घुसपैठ शुक्रवार को हुई इसी तरह की घटना के बाद सामने आई है।

## मालदीव के मामलों में किसी भी देश को हस्तक्षेप नहीं करने देंगे : मुइज्जू

**माले,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने शनिवार को जोर देकर कहा कि उनकी सरकार की किसी भी देश को अपने मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने देने की स्पष्ट नीति है और मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

श्री मुइज्जू मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस पर मालदीव राष्ट्रीय रक्षा बल (एमएनडीएफ) और मालदीव पुलिस सेवा (एमपीएस) को संबोधित कर रहे थे। मालदीव के इतिहास में यह पहला अवसर है जब राष्ट्रपति ने संयुक्त समारोह में दोनों बलों को संबोधित किया हो।

मालदीव की दो दिन की राजकीय यात्रा पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस समारोह में मुख्य अतिथि थे। पुलिस और रक्षा बलों को सरकार द्वारा दी जाने वाली प्राथमिकता का उल्लेख करते हुए राष्ट्रपति मुइज्जू ने कहा कि इसे लेकर पहले भी कई बार सवाल उठते रहे हैं।

मालदीव के विशाल समुद्री क्षेत्र की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि देश की अपेक्षाकृत कम आबादी के बावजूद,



मालदीव के लोग देश की एक-एक इंच जमीन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं : मोहम्मद मुइज्जू

मालदीव के लोग स्वयं ही मातृभूमि की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी उठाएंगे। साथ ही उन्होंने माना कि मालदीव को कुछ संसाधनों और तकनीकी विशेषज्ञता के लिए अन्य देशों पर निर्भर रहना होगा, और इस संबंध में उन्होंने अंतर्राष्ट्रीय भागीदारों के साथ सहयोग करने की सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।

राष्ट्रपति ने उन राष्ट्रीय नायकों को भी श्रद्धांजलि दी जिनके बलिदान से देश को स्वतंत्रता मिली। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रत्येक मालदीववासी को इस विरासत को संजो कर रखना चाहिए।

कंजर्वेटिव रब्बियों के अंतरराष्ट्रीय संघ ने की इजरायल से अपील, कहा

# गाजा में जरूरतमंदों तक पहुंचने दे सहायता सामग्री

**तेल अवीव,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। कंजर्वेटिव रब्बियों के अंतर्राष्ट्रीय संघ, रब्बिनिकल असेंबली (आरए) ने इजरायल से अपील की है कि वह गाजा में जरूरतमंदों तक मानवीय सहायता सामग्री पहुंचाना सुनिश्चित करे। 25 जुलाई को जारी किए गए एक बयान में, आरए ने कहा कि वह गाजा में बिगड़ते मानवीय संकट को लेकर लगातार चिंतित है। हम नागरिकों की पीड़ा को कम करने और सहायता वितरण सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई की आवश्यकता को समझते हैं, क्योंकि हमें बंधकों को वापस लाने और इस युद्ध को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। इसमें 7 अक्टूबर के सरप्राइज अटैक का जिक्र करते हुए फिलिस्तीनियों के प्रति चिंता व्यक्त की गई है। उन्होंने कहा कि हम जानते हैं हमास ने यह संकट पैदा किया। 7 अक्टूबर को इजरायली समुदायों पर उसके क्रूर हमलों ने इस युद्ध को गति दी, फिर भी नागरिक क्षेत्रों में इजरायली सेना को घुसाना, उन्हें सहायता सामग्री से महरूम करना और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को सैन्य संपत्ति में बदलना फिलिस्तीनियों के जीवन को खतरे में डाल रहा है। इसमें आगे कहा गया है कि यहूदी परंपरा हमें भोजन, पानी और चिकित्सा आपूर्ति की व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान करती है। सहायता एजेंसियों, संयुक्त राष्ट्र और इजरायली सरकार को सीमा पर रुकी हुई आपूर्ति को वितरित करने के लिए तेजी से काम करना चाहिए ताकि वे उन नागरिकों तक पहुंच सकें जिन्हें इसकी सख्त जरूरत है।



## इस्तांबुल में शिखर सम्मेलन आयोजित करना चाहता है तुर्किए

**इस्तांबुल,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। तुर्किए के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोआन ने बताया कि वह इस्तांबुल में शिखर सम्मेलन आयोजित करने की संभावना तलाशने के लिए इस हफ्ते रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात कर सकते हैं। एर्दोआन ने शुक्रवार को इस्तांबुल में पत्रकारों से कहा कि आने वाले समय में संभवत: इसी हफ्ते में हम पुतिन और ट्रंप के साथ आगे की बातचीत करने की कोशिश करेंगे। हम देखेंगे कि क्या हम इन नेताओं को इस्तांबुल में एक साथ ला सकते हैं। यही हमारी कोशिश है। एर्दोआन ने बताया तुर्किए कि विदेश मंत्री हाकन फिदान ने बुधवार को इस्तांबुल में यूक्रेन संकट पर तीसरे दौर की वार्ता शुरू होने से पहले रूसी और यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। इस्तांबुल पहुंचने से पहले, यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल ने अंकारा में भी उनसे मुलाकात की थी।



एर्दोआन करेंगे पुतिन व ट्रंप से बात

## सुडोकू 6986 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 | 1 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 4 | 3 | 8 | 9 |
| 1 | 9 | 3 | 8 | 6 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 7 | 5 | 1 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 2 | 7 |
| 2 | 6 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 8 | 1 | 9 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 5 |
| 3 | 4 | 2 | 9 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 |
| 5 | 7 | 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 3 |

## आज का इतिहास

1655- नीदरलैंड और ब्रांडेनबर्ग ने सैन्य संधि पर हस्ताक्षर किये।
1694- इंग्लैंड सरकार के बैंकर के रूप में एक रॉयल चार्टर बैंक ऑफ इंग्लैंड को दिया गया।
1709- सम्राट इम्पेरर नाकमिकादो जापान के सिंहासन पर बैठे।
1713- रूस और तुर्की ने शांति संधि पर हस्ताक्षर किये।
1789- पहली फेडरल एजेंसी द डिपार्टमेंट ऑफ फॉरेन अफेयर्स की स्थापना।
1836- दक्षिण ऑस्ट्रेलिया में एडीलेड की स्थापना।
1862- अमेरिकी शहर कैंटन में तूफान का कहर, 40 हजार लोगों की मौत।
1888- फिलिप प्राट ने पहले इलेक्ट्रिक ऑटोमोबाइल का प्रदर्शन किया।
1889- इंडियन नेशनल कांग्रेस की शाखा ब्रिटिश इंडिया को लंदन में दादाभाई नौरोजी, विलियम वेडरबर्न, डब्ल्यू एस कैन और विलियम डिग्बी के नेतृत्व में खोला गया।
1897- बाल गंगाधर तिलक पहली बार गिरफ्तार किए गए।
1813- आजादी के लिए संघर्ष करने वाली महिला क्रांतिकारी कल्पना दत्त का जन्म।
1921- प्रेडरिक बैंटिन के नेतृत्व में टोरंटो विश्वविद्यालय के जीव-रसायनज्ञों ने इंसुलिन के खोज की घोषणा की।
1922- ब्रुसेल्स में अंतर्राष्ट्रीय भौगोलिक संघ का गठन। 1935 में चीन की यांग जी और हाेआंग नदी में बाढ़ से दो लाख लोगों की मौत।
1939- सीआरपीएफ की स्थापना हुई।
1940- भारतीय मूल की प्रसिद्ध लेखिका भारती मुखर्जी का जन्म।

**आरोप** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी ने मोहम्मद यूनुस सरकार की कार्यप्रणाली पर उठाया सवाल, कहा

# बांग्लादेश में नहीं दिख रहा सुशासन व नियंत्रण

**ढाका, 26 जुलाई (एजेंसियां)। बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने शनिवार को मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि देश में सुशासन और नियंत्रण की पूरी तरह कमी है। पार्टी ने आरोप लगाया कि न तो कोई ठोस सुधार हुए हैं और न ही अपराध पर अंकुश लग पाया है, जिसके चलते देशभर में फिरौती और रंगदारी की घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है। बीएनपी के महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने यह टिप्पणी एक पुस्तक विमोचन समारोह में की।**

जिसमें अंतरिम सरकार के वित्तीय सलाहकार सालेह उद्दीन अहमद भी मौजूद थे। फखरुल ने कहा कि एक व्यवसायी जो पहले 1 लाख टका देता था, अब उसे 5 लाख टका देना पड़ रहा है। कहीं कोई सुशासन या नियंत्रण नहीं है। पुलिस व्यवस्था में भी कोई सुधार नहीं हुआ है। उन्होंने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की तत्काल बहाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सुधार रातों-रात लागू नहीं हो सकते। इसके लिए समय चाहिए, लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि लोकतंत्र को ठंडे बस्ते में डाल दिया जाए।

देश को जबरन थोपा गया कोई भी मॉडल स्वीकार्य नहीं होगा। इसलिए समय गंवाए बिना, हमें जनप्रतिनिधियों को संसद भेजकर लोकतांत्रिक रास्ते पर लौटना होगा।

फखरुल ने अंतरराष्ट्रीय नीतियों में बदलाव को लेकर भी चिंता जताई और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा बांग्लादेश पर लगाए गए टैरिफ का उल्लेख करते हुए कहा कि ये टैरिफ भविष्य में हमारे लिए बड़ी परेशानी बन सकते हैं। उन्होंने जोर दिया कि राजनीतिक दलों को हमेशा देशहित में सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए।

इससे एक दिन पहले, बीएनपी के वरिष्ठ नेता गायेश्वर चंद्र रॉय ने भी चेतावनी दी थी कि यदि चुनावों में और देर हुई तो अंतरिम सरकार की साख और भी ज्यादा सवालों के घेरे में आ जाएगी। उन्होंने कहा कि अंतरिम सरकार, जो कि निर्वाचित नहीं है, देश के संकटों की जिम्मेदारी लेने से बच सकती है, लेकिन चुनाव में देरी से सरकार पर दबाव और सवाल दोनों बढ़ेंगे।

गायेश्वर ने यह भी आरोप लगाया कि अंतरिम सरकार की मौजूदगी तक जनता को महसूस नहीं हो रही है।



- राजनीतिक दलों को हमेशा देशहित में सकारात्मक भूमिका निभाने पर दिया जोर

## दुनिया को जानें

### चीन में स्मार्ट गद्दे कर रहे बुजुर्गों की देखभाल, एआई से आई जीवन में बहार

**बीजिंग,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। चीन में आए दिन कुछ न कुछ नयापन देखने में आता है। जाहिर है कि चीनी लोग नई तकनीकों का इस्तेमाल करने में पीछे नहीं रहते।



अब बुजुर्गों की देखभाल और सेवा करने के लिए भी स्मार्ट तकनीक का प्रयोग हो रहा है, जिसने चीन के बूढ़े नागरिकों के जीवन में बहार ला दी है। थ्येनचिन शहर के हसी जिले में एक वृद्ध देखभाल केंद्र चीन में वृद्धावस्था के भविष्य की एक झलक पेश कर रहा है। जहां एआई को कम्युनिटी संबंधित सेवाओं के साथ जोड़कर बुजुर्गों के जीवन को बेहतर बनाया जा रहा है। यह ऐसा केंद्र है, जिसमें तकनीक का इस्तेमाल कर बूढ़ों की दिनचर्या में मदद की जा रही है। साथ ही, उनके स्वास्थ्य पर भी तकनीक के जरिए नजर रखी जाती है। इससे बुजुर्गों के जीवन की रंगत बदल रही है। बताया जाता है उम्र के इस पड़ाव पर पहुंचे लोगों की केयर स्मार्ट गद्दे और इंटेलिजेंट रोबोट करते हैं।

# खेल जगत

## जो रूट हर पारी के साथ निपुण होते जा रहे हैं : जोनाथन ट्रॉट



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट की पहली पारी में 150 रन बनाए। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर जोनाथन ट्रॉट के मुताबिक यह करिश्माई खिलाड़ी हर पारी के साथ अपने खेल में निपुणता हासिल कर रहा है। जो रूट टेस्ट इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में दूसरे पायदान पर हैं। जो रूट इस मामले में रिकी पोंटिंग , जैक्स कैलिस और राहुल द्रविड़ को पछाड़ चुके हैं। इस फेहरिस्त में सचिन तेंदुलकर टॉप पर हैं। जोनाथन ट्रॉट ने 'जियोहॉटस्टार' पर कहा कि जो रूट का तरीका बेहद शानदार है। आप उन्हें अचानक तेजी से गियर बदलते हुए नहीं देखते। हालांकि, जब बैजबॉल की शुरुआत हुई थी, तो उन्होंने थोड़ा प्रयोग जरूर किया। रूट ने सीमर्स के खिलाफ रैंप शॉट्स खेले, रिवर्स स्कूप्स भी लगाए, लेकिन अब उन्होंने वह सब छोड़ते हुए एक संतुलित दृष्टिकोण अपनाया है।

# इंग्लैंड ने बनाया बड़ा स्कोर, भारत मुश्किल में

## भारत ने खाता खोले बिना दो विकेट गंवाए, मंडराया बड़ी हार का खतरा

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। कप्तान बेन स्टोक्स ( 141 रन, 198 गेंद, तीन छक्के, 11चौके) के तेज शतक और ब्रायडन कार्स (47 रन, 54 गेंद, दो छक्के, तीन चौके) के साथ उनकी नौवें विकेट की 95 रन की तूफानी भागीदारी की बदौलत इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ पांच टेस्ट की एंडरसन तेंडुलकर ट्रॉफी के ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर में चौथे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन शनिवार को पहली पारी में 669 रन का पहाड़ का स्कोर बना कर 311 रन की बड़ी बढ़त ले पूरी तरह अपना शिकंजा कस लिया। स्टोक्स ने पांच विकेट चटका कर भारत की पहली पारी 358 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई। इंग्लैंड ने टेस्ट क्रिकेट में इतिहास का पांचवां सबसे बड़ा स्कोर बनाया। जो रूट (150) के बाद कप्तान स्टोक्स इंग्लैंड की पहली पारी में शतक जड़ने वाले दूसरे बल्लेबाज बने। इंग्लैड ने ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान पर अपना सबसे बड़ा टेस्ट स्कोर बनाया। इंग्लैंड लीडस का पहला टेस्ट पांच विकेट से लॉर्डस का तीसरा टेस्ट 22 रन से पांच टेस्ट की सीरीज में 2-1 से आगे है जबकि भारत ने बर्मिंघम में दूसरा टेस्ट 336 रन से जीता था। इंग्लैंड ने अब चौथा टेस्ट जीतने के साथ 3-1 की निर्णायक बढ़त ले सीरीज भी जीतने की ओर कदम बढ़ा लिए हैं। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज क्रिस वॉक्स ने अपने पहले ही ओवर में पहली पारी में अर्द्धशतक जड़ने वाले यशस्वी जायसवाल (0 रन, 4 गेंद) को कोण बनाती गेंद को खेलने पर मजबूर पहली स्लिप में जो रूट के हाथों कैच कराया और उनकी अगली गेंद पर साई सुदर्शन (0, 1 गेंद) असमंजस में उनकी आफ स्टंप से बाहर निकलती गेंद पर अपना बल्ला अलग नहीं कर पाए और हैरी ब्रुक ने दूसरी स्लिप में उनका कैच लपक लिया और भारत दूसरी पारी में खाता खोले बिना ही दो विकेट गंवा गहरे संकट में फंस गया। भारत ने लंच तक अपनी दूसरी पारी में दो विकेट खोकर एक रन बनाया और तब केएल राहुल 11 गेंद खेल कर एक और कप्तान शुभमन गिल दो खेल बिना कोई रन बनाए खेल रहे थे।

### बेन स्टोक्स टेस्ट क्रिकेट में 7000 रन और 200 विकेट पूरे करने वाले तीसरे ऑलराउंडर बने

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड, मैनचेस्टर में एक शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन किया और टेस्ट इतिहास में सर गारफील्ड सोबर्स और जैक्स कैलिस के बाद करियर में 7,000 रन और 200 विकेट लेने का कीर्तिमान हासिल किया। वह ऐसा करने वाले तीसरे ऑलराउंडर बन गए। इंग्लैंड के कप्तान ने अपने खास अंदाज में यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने चौथे दिन की शुरुआत में एक शानदार छक्का लगाया और फिर 141 रनों की शानदार पारी खेली। इस पारी ने टेस्ट में शतक लगाने का उनका दो साल का इंतजार भी खत्म किया। उनका आखिरी शतक जुलाई 2023 में एशेज के दौरान आया था। तीसरे दिन मांसपेशियों की ऐंठन से जूझते हुए, 34 वर्षीय यह खिलाड़ी कुछ देर के लिए मैदान से बाहर चला गया, लेकिन जेमी स्मिथ के आउट होने के बाद वह वापस लौटे और शानदार अंदाज में खेलते हुए सिर्फ 34 गेंदों पर तीन गगनचुंबी छक्कों की मदद से अपने आखिरी 41 रन बनाए। जैसे ही वह मैदान से बाहर गए, दर्शकों ने खड़े होकर उनका अभिवादन किया।

### रूट के निशाने पर अब सचिन का विश्व रिकॉर्ड

**मैनचेस्टर।** इंग्लैंड की रन मशीन जो रूट ने भारत के खिलाफ चौथे टेस्ट में शतक(150) लगाते हुए राहुल द्रविड़ (13,288), जैक्स कैलिस (13,289) और रिकी पॉन्टिंग (13,378) को एक झटके में पीछे छोड़ा और अब उनसे ज्यादा रन सिर्फ सचिन तेंदुलकर (15,921) के रह गए हैं। । रूट के नाम अब 38 टेस्ट शतक हो गए हैं। टेस्ट में उनसे ज्यादा शतक सिर्फ तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं - तेंदुलकर (51), कैलिस (45) और पॉन्टिंग (41)। कुमार संगकारा के भी रूट के बराबर 38 शतक हैं। अब रूट के नाम टेस्ट में कुल 104 फिफ्टी-प्लस स्कोर हैं। इस मामले में वह पॉन्टिंग और कैलिस (103) से आगे चले गए हैं। अब सिर्फ तेंदुलकर (119) उनसे आगे हैं। रूट ने भारत के खिलाफ 12 टेस्ट शतक लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा भारत के खिलाफ सर्वाधिक शतक है। उन्होंने स्टीवन स्मिथ (11) को पीछे छोड़ा। किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट शतक डॉन ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 19) और सुनील गावस्कर (वेस्टइंडीज के खिलाफ 13) के नाम हैं। इनमें से 12 में से 9 शतक रूट ने इंग्लैंड में ही भारत के खिलाफ लगाए हैं। यह किसी भी बल्लेबाज द्वारा घरेलू मैदान पर किसी एक विपक्षी टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा शतक है। उन्होंने ब्रैडमैन (इंग्लैंड के खिलाफ 8) को पीछे छोड़ा। रूट ने इंग्लैंड में 23 टेस्ट शतक लगाए हैं। किसी भी देश में सबसे ज्यादा टेस्ट शतक लगाने के मामले में वह संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। रिकी पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया), जैक्स कैलिस (साउथ अफ्रीका) और माहेला जयवर्धने (श्रीलंका) के भी 23-23 शतक हैं। इंग्लैंड में टेस्ट में रूट के 7195 रन हो गए हैं। किसी एक देश में टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों में वह तीसरे नंबर पर हैं। उनसे आगे पॉन्टिंग (ऑस्ट्रेलिया में 7578 रन) और तेंदुलकर (भारत में 7216 रन) हैं। रूट ने ओल्ड ट्रैफर्ड में 1128 टेस्ट रन बनाए हैं। इस मैदान पर 1000 रन पार करने वाले पहले बल्लेबाज बन गए हैं।

## यूएई में नौ से 28 सितंबर तक खेला जाएगा एशिया कप




**लाहौर,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में नौ से 28 सितंबर तक टी-20 प्रारुप में एशिया कप खेला जाएगा। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चीफ मोहसिन नकवी ने सोशल मीडिया मंच पर यह जानकारी साझा की। इस टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। यह संस्करण टी-20 प्रारुप में खेला जाएगा। एसीसी के पांच पूर्ण सदस्य (भारत, अफगानिस्तान, बंगलादेश, पाकिस्तान और श्रीलंका) के अलावा यूएई, ओमान और हांगकांग टूर्नामेंट में स्पर्धा करेंगे। गुरुवार को ढाका में हुई एसीसी की वार्षिक बैठक में एशिया कप ही अहम मुद्दा था। मई में भारत-पाकिस्तान सैन्य झड़प के बाद टूर्नामेंट के 17वें संस्करण का भाग्य अनिश्चितता में पड़ गया था। भारत इस प्रतियोगिता का मेजबान है लेकिन भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए समझौते के बाद इसे यूएई में आयोजित किया जा रहा है। अगले तीन सालों तक जिस प्रतियोगिता में भारत और पाकिस्तान दोनों शामिल रहेंगे, उसे तटस्थ्य स्थान पर कराने का समझौता दोनों बोर्ड के बीच हुआ है। यह करार चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के ठीक पहले हुए था, जिसके बाद भारत ने अपने सारे मुकाबले दुबई में खेले थे जिसमें मेज़बान पाकिस्तान के खिलाफ भी एक मैच शामिल था। दुबई में खेला गया प्रतियोगिता का फाइनल भारत ने जीता था। अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बात की पुष्टि नहीं हुई है कि भारत और पाकिस्तान एक ही ग्रुप में होंगे या नहीं। जैसा कि पिछले एक दशक से अधिक समय से होता आ रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि ऐसा हो सकता है। इससे टूर्नामेंट का अब तक का सबसे आर्थिक रूप से लाभदायक मुकाबला तय हो जाएगा। एशिया कप के प्रारूप का मतलब है कि एक ही ग्रुप में होने से भारत और पाकिस्तान के बीच कम से कम दो मुकाबले होने की संभावना है, और अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं, तो तीन ऐसे मुकाबले होने की संभावना बनी रहती है।

## आजकल बल्लेबाजी करना 20-25 साल पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आसान: केविन पीटरसन

**नई दिल्ली,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने यह कहकर एक नई बहस छेड़ दी कि आजकल बल्लेबाजी करना 20-25 साल पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आसान है। इसके साथ ही उन्होंने आधुनिक गेंदबाजों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए। पीटरसन के साथी बल्लेबाज जो रूट ने ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज रिकी पोंटिंग को पछाड़कर सर्वकालिक टेस्ट रन बनाने वालों की सूची में दूसरा स्थान हासिल किया है। जो रूट ने 248 गेंदों में 150 रन की पारी खेली, जिसने इंग्लैंड को 500 रन के पार पहुंचा दिया। रूट की इस पारी के अगले ही दिन पीटरसन ने सोशल मीडिया पर अपने विचार साझा किए हैं। 2005 से 2014 के बीच 104 टेस्ट, 136 वनडे और 37 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में इंग्लैंड का प्रतिनिधित्व करने वाले पीटरसन के मुताबिक उनके दौर में बल्लेबाजी करना 'दोगुना मुश्किल' था। पीटरसन ने शनिवार को 'एक्स' पर लिखा, आजकल बल्लेबाजी करना 20-25 साल पहले की तुलना में कहीं ज्यादा आसान है। शायद पहले के दौर में यह दोगुना मुश्किल था। पीटरसन ने जिन दिग्गज गेंदबाजों का नाम लिया, उनमें वकार यूनुस, शोएब अख्तर, वसीम अकरम, मुश्ताक अहमद, अनिल कुंबले, जवागल श्रीनाथ, हरभजन सिंह, एलन डोनाल्ड, शॉन पॉलक, लांस क्लूजनर, डैरेन गॉफ, ग्लेन मैक्ग्रा, ब्रेट ली, शेन वॉर्न, जेसन गिलेस्पी, शेन बॉन्ड, डेनियल विटोरी, क्रिस केर्न्स, चामिंडा वास, मुथैया मुरलीधरन, कर्टली एम्ब्रोस और कर्टनी वॉल्श शामिल हैं।

## बुमराह जल्द ही टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं : मोहम्मद कैफ

**नई दिल्ली,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। पूर्व भारतीय बल्लेबाज मोहम्मद कैफ के मुताबिक इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में अपना शत-प्रतिशत देने में नाकाम रहने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले सकते हैं। जसप्रीत बुमराह ने ओल्ड ट्रैफर्ड में तीसरे दिन के खेल तक इंग्लैंड के खिलाफ 28 ओवर फेंके, जिसमें 95 रन देकर सिर्फ एक ही विकेट अपने नाम कर सके।

उन्होंने शुक्रवार को खेल के आखिरी सेशन में जेमी स्मिथ का विकेट अपने नाम किया। बुमराह इस दौरान ज्यादातर गेंदें 130-135 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंद फेंक रहे थे, जो हेडिंग्ले में सीरीज के पहले मैच की तुलना में काफी कम है। लीड्स और लॉर्ड्स दोनों टेस्ट मैचों में, 31 वर्षीय बुमराह ने 140 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी की थी। मोहम्मद कैफ ने 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि मुझे लगता है कि जसप्रीत बुमराह आगामी टेस्ट मुकाबलों में नहीं खेलेंगे। वह शायद संन्यास भी ले लें। वह अपने शरीर के साथ संघर्ष कर रहे हैं। इस टेस्ट मैच में उनकी गति कम हो गई है। बुमराह एक ईमानदार इंसान हैं, अगर उन्हें लगता है कि वह देश को अपना शत-प्रतिशत नहीं दे पा रहे, तो वह खुद को इस फॉर्मेट से अलग कर लेंगे। विकेट न मिलना एक अलग बात है, लेकिन उनकी गेंदों की गति भी 125-130 किमी प्रति घंटे तक सिमट गई है। जसप्रीत बुमराह दूसरे सेशन में अपना टखना पकड़े नजर आए थे, जिसे देखकर फैंस चिंतित हो गए।



### टेस्ट मैचों के बॉलिंग वर्कलोड का असर बुमराह और सिराज पर दिखने लगा है : पोंटिंग

**मैनचेस्टर।** ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारत और इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे चौथे टेस्ट मैच में भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज की फिटनेस को लेकर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि टेस्ट मैचों के बॉलिंग वर्कलोड ने उन पर असर डालना शुरू कर दिया है। रिकी पोंटिंग ने स्काई स्पोर्ट्स के प्रसारण पर टेस्ट क्रिकेट की शारीरिक और मानसिक चुनौतियों पर जोर देते हुए कहा कि तीसरे दिन तक जसप्रीत बुमराह ने 28 और मोहम्मद सिराज ने 26 ओवर फेंके। सिराज को टखने की चोट के कारण कुछ समय मैदान से बाहर रहना पड़ा।

## आईपीएल ने सिर्फ मेरी ही नहीं, बल्कि हर क्रिकेटर की मदद की : ड्वेन ब्रावो

■ ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में लंबे समय तक शानदार प्रदर्शन किया



**नई दिल्ली,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर ड्वेन ब्रावो ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को अपने करियर और आधुनिक क्रिकेट के स्वरूप को बदलने वाला एक शानदार मंच बताया है। अपनी आईपीएल जर्नी को याद करते हुए ब्रावो ने कहा कि यह लीग न केवल उन्हें, बल्कि दुनियाभर के क्रिकेटर्स को आर्थिक रूप से और स्किल्स को डेवलप करने के लिहाज से जबरदस्त फायदा पहुंचा चुकी है। आईपीएल ने पेशेवर क्रिकेट की दुनिया को एक नया आयाम दिया है। ब्रावो ने कहा कि आईपीएल ने सिर्फ मेरी ही नहीं, बल्कि आज के हर क्रिकेटर की मदद की है, चाहे वह आर्थिक रूप से हो, या स्किल के स्तर पर। मुझे गर्व है कि मैंने दो सबसे सफल फ्रेंचाइजी के लिए खेला और मुझे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में गिना जाता है। ब्रावो ने चेन्नई सुपर किंग्स के लिए एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में लंबे समय तक शानदार प्रदर्शन किया। वह मुंबई इंडियंस का भी हिस्सा रह चुके हैं। आईपीएल इतिहास के सबसे सफल विदेशी खिलाड़ियों में शामिल ब्रावो अपनी खास शैली, डेथ ओवर की गेंदबाजी में महारत और शानदार खेल के लिए जाने जाते हैं। 2025 के संस्करण में ब्रावो ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए मेंटर की भूमिका भी निभाई थी। उन्होंने टी20 क्रिकेट में अपनी एक अलग पहचान बनाई, जो उन्हें इस फॉर्मेट का एक चहेता खिलाड़ी बनाती है। आईपीएल में ड्वेन ब्रावो के सफल करियर ने वेस्टइंडीज के कई युवाओं को भी प्रेरित किया है। उनके इस सफर ने कैरेबियाई खिलाड़ियों को आत्मविश्वास के साथ फ्रेंचाइजी क्रिकेट अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## निहाल, अखिलेश ने जीता एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में कांस्य पदक

क्वालालंपुर (मलेशिया) 26 जुलाई (एजेंसियां)। भारतीय एथलीट निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीत लिये। मलेशिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में निहाल देवाली ने पुरुषों के 63 किलोग्राम और अल्मोड़ा निवासी अखिलेश सिंह ने 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपने नाम कर लिया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ने शनिवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि निहाल देवाली और अखिलेश सिंह ने मलेशिया में आयोजित 13वीं एशियाई जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप 2025 में क्रमशः पुरुषों के 63 किलोग्राम और 78 किलोग्राम वर्ग में कांस्य पदक जीतकर भारत को गौरवान्वित किया। हमें आप दोनों पर गर्व है।

## टिम डेविड ने 37 गेंदों में जड़ा सबसे तेज टी2 शतक




**बैसेटेरे,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। टिम डेविड सबसे तेज टी20 शतक जड़ने वाले ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर बन गए हैं, जिन्होंने महज 37 गेंदों में यह कारनामा किया। मैच जिताऊ पारी खेलने के बाद उन्होंने पावर-हिटिंग के पीछे की कड़ी मेहनत को श्रेय दिया है। टिम डेविड ने 37 गेंदों में 11 छक्कों और छह चौकों की मदद से 102 रन की नाबाद पारी खेली। उनकी तूफानी पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने 16.1 ओवरों में 215 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सीरीज में लगातार तीसरी जीत दर्ज की।पोस्ट मैच प्रेजेंटेशन में जब टिम डेविड से पूछा गया कि क्या उन्हें बल्लेबाजी क्रम में ऊपर बल्लेबाजी करनी चाहिए, तो उन्होंने कहा कि बिल्कुल नहीं, मैंने मध्यक्रम में अच्छा समय बिताया और बल्ले से हर मौके का पूरा फायदा उठाना चाहा। पिच अच्छी थी और बाउंड्री छोटी थी। मैंने बस अपने शॉट खेलने के लिए खुद पर भरोसा किया। यहां खेलने का अनुभव हमेशा काम आता है, जो मेरे लिए अच्छा रहा। मैंने अपनी पावर-हिटिंग पर काफी काम किया है, लेकिन मैं एक स्ट्रोक-मेकर के तौर पर अपनी रेंज का पूरा फायदा उठाना चाहता हूं। सेंट किट्स में खेले गए तीसरे टी20 मैच में वेस्टइंडीज ने चार विकेट खोकर 214 रन बनाए। कप्तान शाई होप ने 102 रन की नाबाद पारी खेली, जबकि ब्रैंडन किंग ने 62 रन का योगदान टीम के खाते में दिया।

### दिल्ली सरकार की 'खेल नीति' से खिलाड़ी खुश

## अब हमें दूसरे राज्य जाने की जरूरत नहीं : रवि दहिया



**नई दिल्ली,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार की नई खेल नीति की देश के खिलाड़ियों ने जमकर सराहना की है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अगुवाई में लागू हुई इस नई नीति को 'खेलों के लिए ऐतिहासिक कदम' बताया जा रहा है। टोक्यो ओलंपिक 2020 में रेसलिंग में रजत पदक जीतने वाले रवि दहिया ने कहा कि यह नीति खिलाड़ियों के लिए बेहद प्रोत्साहन देने वाली है। इससे न सिर्फ खेलों में उत्साह बढ़ेगा, बल्कि दिल्ली को खेलों का एक बड़ा केंद्र बनाने में मदद मिलेगी। दिल्ली सरकार ने उच्चस्तरीय खिलाड़ियों के लिए प्रशिक्षण सहायता राशि 20 लाख रुपये तक बढ़ाई है, जिसमें 10 लाख रुपये तक का मेडिकल इंश्योरेंस भी शामिल है। अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट्स में हिस्सा लेने वाले खिलाड़ियों को वित्तीय सहायता मिलेगी। ओलंपिक मेडलिस्ट रेसलर रवि दहिया ने दिल्ली सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार ने खिलाड़ियों के बारे में इतना सोचा, इसके लिए धन्यवाद। खिलाड़ियों के लिए इंश्योरेंस बेहद जरूरी है, क्योंकि कभी भी इंजरी हो सकती है। दिल्ली सरकार ने ऐसा किया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार 2036 के ओलंपिक की मेजबानी के लिए पुरजोर कोशिश कर रही है। मुझे उम्मीद है कि भारत को यह मेजबानी मिलेगी। सरकार जिस तरह से सक्रिय है, उससे हमें उम्मीद है कि हम टॉप-5 में जरूर आएंगे। दिल्ली सरकार ने खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए दिल्ली के लिए नकद पुरस्कार राशि में भारी इजाफा किया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकार के इस निर्णय को 'खेलो इंडिया' और 'फिट इंडिया' अभियानों से प्रेरित बताया है। मुख्यमंत्री खेल प्रोत्साहन योजना' के तहत अब ओलंपिक और पैरालंपिक पदक विजेताओं को गोल्ड मेडल जीतने पर 3 के बजाय 7 करोड़ रुपये मिलेंगे।

**रवि दहिया ने कहा कि यह नीति खिलाड़ियों के लिए बेहद प्रोत्साहन देने वाली है। इससे न सिर्फ खेलों में उत्साह बढ़ेगा, बल्कि दिल्ली को खेलों का एक बड़ा केंद्र बनाने में मदद मिलेगी।**

## छत्तीसगढ़ की टीम ने अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज प्रतियोगिता में जीते तीन पदक




**रायपुर,** 26 जुलाई (एजेंसियां)। 47वीं अखिल भारतीय विद्युत ब्रिज प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी की टीम ने तीन पदक जीतें हैं। विद्युत कर्मियों ने आंध्र प्रदेश के नेल्लोर में आयोजित दो दिवसीय (22 जुलाई - 23 जुलाई) ब्रिज प्रतियोगिता मे मास्टर्स प्लेयर (पेयर) श्रेणी मे रजत पदक, टीम इवेंट श्रेणी में कांस्य एवं प्रोग्रेसिव श्रेणी में भी कांस्य पदक हासिल करनें मे सफल हुये। इस तरह तीनों श्रेणियों मे राष्ट्रीय स्तर पर स्थान प्राप्त करने पर पॉवर कंपनी अध्यक्ष (डिस्ट्रीब्यूशन एवं जनरेशन) डॉ रोहित यादव ने खिलाड़ियों को बधाई दी। इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी के केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के पदाधिकारीगण अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (जनरेशन) एस.के कटियार, एवं महासचिव एम. एस चौहान ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस स्पर्धा में देवलाल साहू,पंकज चैधरी, अमित देवांगन, शिवेश मिश्रा, दिनेश कुमार देवांगन, हरीश कुमार चौहान ने भाग लिया। कप्तान एवं कोच पंकज चौधरी ने इस सफलता का श्रेय कंपनी प्रबंधन एवं केंद्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद को दिया।

## सार संक्षेप

### राजस्थान शतरंज संघ के चुनाव के लिए शर्मा चुनाव अधिकारी नियुक्त

**बीकानेर।** राजस्थान शतरंज संघ के कार्यकारिणी के 28 अगस्त को होने वाले चुनाव के लिये सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश शर्मा को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के उपाध्यक्ष एवं राजस्थान शतरंज संघ के अध्यक्ष महावीर रांका ने शनिवार को बताया कि राजस्थान शतरंज संघ की कार्यकारणी का चार वर्ष का कार्यकाल पूरा हो रहा है। अगली कार्यकारिणी चुनने के लिये पूर्व न्यायाधीश शर्मा राजस्थान शतरंज संघ से संबद्ध जिला शतरंज संघों की नवीनतम मतदाता सूची के अनुसार चुनाव सम्पन्न करवायेंगे। उन्होंने बताया कि पूर्व न्यायाधीश शर्मा से बात करके उनकी सहमति ली जा चुकी है। चुनाव बीकानेर में सम्पन्न किये जायेंगे। इसी अनुसार चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी गयी है। प्रत्येक जिला संघ को एक मत देने का अधिकार होगा। श्री रांका ने बताया कि पिछले कुछ वर्षों में भारतीय शतरंज ने पूरे विश्व में अपनी छाप छोड़ी है। विश्व चैंपियनशिप, ओलम्पियाड के महिला और पुरुष वर्ग में और अब महिला विश्व कप में भारतीयों ने कब्जा किया है। विश्व के शीर्ष 1 खिलाड़ियों की वरीयता सूची में भी भारतीयों का दबदबा है। चार भारतीय इस सूची में शामिल हैं। जल्दी ही राजस्थान को दूसरा ग्रैंडमास्टर मिलने की उम्मीद है।

### एम्मा रादुकानू डीसी ओपन के एकल सेमीफाइनल में

**वाशिंगटन।** ब्रिटेन की एम्मा रादुकानू ने यूनान की मारिया सकारी को महिला एकल वर्ग के मुकाबले में हराकर डीसी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। खेले गए क्वार्टर फाइनल में 22 वर्षीय खिलाड़ी रादुकानू ने अपने विजय अभियान को जारी रखते हुए उमस भरी गर्मी के बीच दो घंटे छह मिनट चले मुकाबले में मारिया सकारी को 6-4, 7-5 से हराकर अंतिम चार में जगह बनायी। अब सेमीफाइनल में रादुकानू का मुकाबला रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा। अन्ना कालिंस्काया ने क्लारा टॉसन को 6-3 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।


### डीसी ओपन : सेमीफाइनल में रादुकानू और लेयला फर्नांडीज

**वाशिंगटन।** मुबाडाला सिटी डीसी ओपन में एम्मा रादुकानू ने शानदार फॉर्म जारी रखते हुए तीन साल बाद किसी डब्ल्यूटीए हार्ड कोर्ट सेमीफाइनल में प्रवेश किया। ब्रिटेन की इस खिलाड़ी ने मारिया सक्कारी को दो घंटे दस मिनट तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-4, 7-5 से हराया, हालांकि मैच की शुरुआत में वह पिछड़ गई थीं। यह वॉशिंगटन में रादुकानू का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा। इसके साथ ही सक्कारी के खिलाफ उनका रिकॉर्ड 4-1 हो गया है। अब रादुकानू का सामना रूस की अन्ना कालिंस्काया से होगा, जिन्होंने क्लारा टॉसन को हराकर अंतिम चार में जगह बनाई।
डब्ल्यूटीए में, कनाडा की लेयला फर्नांडीज ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए टेलर टाउनसेंड को 6-4, 7-6(4) से हराया। फर्नांडीज ने दूसरे सेट में पिछड़ने के बाद वापसी की और एक सेट प्वाइंट बचाकर 2021 यूएस ओपन में उपविजेता रहने के बाद अपने सबसे बड़े हार्ड कोर्ट सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

# साहित्य

रतन थियम को श्रद्धांजलि

# विश्व पटल पर भारतीय रंगमंच को स्थापित कर गये रतन



■ ओंकारेश्वर पांडेय

रतन थियम 23 जुलाई को चले गए । मणिपुर रो रहा है। रचनात्मकता के हथियारों से युद्ध के खिलाफ लड़ने वाला योद्धा नहीं रहा। अशांत मणिपुर को शांति का संदेश देते देते खामोश हो गये रतन थियम। रतन थियम भारतीय रंगमंच के एक विशाल पर्वत थे।उन्होंने मणिपुरी परंपराओं को विश्व के साथ जोड़ा। उनकी रचनाएँ—महाभारत त्रयी (उरुभंगम, चक्रव्यूह, कर्णभरम) और लैरेंबीगी ईशेई—युद्ध, पहचान और शांति पर गहरी सोच रखती थीं। मणिपुर के मैतेई-कुकी झगड़े से वे दुखी थे और शांति की आवाज़ बने। रतन एक रंगकर्मी या निर्देशक भर नहीं, वह रंग वैज्ञानिक थे, जिसने मणिपुर की आत्मा को वैश्विक कैनवास पर उकेरा। उनकी कला आज भी एकता की मिसाल है। उनका जाना भारत और दुनिया को झकझोर रहा है।



रतन थियाम का निधन केवल भारतीय रंगमंच के लिए ही नहीं, अपितु वैश्विक मंच के लिए भी एक युग का अंत है, जहां उनके कार्य ने सीमाओं, भाषाओं और संस्कृतियों को लाँघकर मानव आत्मा की सार्वभौमिक पुकार को स्वर दिया।

20 जनवरी, 1948 को मणिपुर के इम्फाल में जन्मे रतन थियाम एक बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे, जिनकी रचनात्मक यात्रा चित्रकला और लेखन से प्रारंभ होकर रंगमंच में अपनी पराकाष्ठा तक पहुँची। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (एनएसडी) से 1974 में स्नातक होने के पश्चात, उन्होंने 1976 में इम्फाल के निकट कोरस रिपर्टरी थिएटर की स्थापना की, जो मणिपुर की संनादित संस्कृति और विश्व के साथ संवाद का एक पवित्र मंदिर बन गया। उनकी रंगमंचीय प्रस्तुतियाँ केवल नाटक नहीं थीं, अपितु युद्ध, पहचान और मानवता की अनंत खोज पर गहन चिंतन थीं।

रतन थियम की महाभारत त्रयी—उरुभंगम (1981), चक्रव्यूह (1984), और कर्णभरम (1989)—तथा उत्तर प्रियदर्शी और लैरेंबीगी ईशेई जैसे कार्य युद्ध, पहचान और मानवता की अनंत खोज पर गहन चिंतन थे। यह त्रयी, जो भास के संस्कृत क्लासिक्स और थियम के मूल चक्रव्यूह पर आधारित थी, प्रतीकात्मक रूप से एक व्यक्ति के संरचित हिंसा के विरुद्ध संघर्ष और उसकी अनिवार्य पराजय को चित्रित करती थी। उरुभंगम में दुर्योधन का टूटा शरीर और आत्मा, चक्रव्यूह में अभिमन्यु का करुणाजनक फँसना और कर्णभरम में कर्ण का अस्तित्वगत संकट विश्व के युद्धों के बीच उभरकर सामने आया।

थियम का मंच वह स्थान था जहाँ मणिपुर का सौंदर्यशास्त्र विश्व की रंगमंचीय परंपराओं से मिला, जिसने उनकी विरासत को बेजोड़ दूरदर्शी के रूप में स्थापित किया। उनके नाटक मणिपुर के अशांत सामाजिक-राजनैतिक परिदृश्य का दर्पण थे, जो जातीय संघर्षों, विद्रोहों और युद्ध के दागों को प्रतिबिंबित करते थे। जैसा कि उन्होंने स्वयं कहा था, 'युद्ध बच्चों को प्रभावित करता है। युद्ध महिलाओं को प्रभावित करता है; यह उन्हें वेश्या बना देता है। यह सब सामान्य नहीं है।' उनका रंगमंच युद्ध के खिलाफ एक युद्ध था, जो कला, सहानुभूति और अथक रचनात्मकता के हथियारों से लड़ा गया।

थियम का रंगमंच औपनिवेशिक प्रभावों के खिलाफ एक विद्रोह था, जो भारत में उसके जड़ों को मिटाने का प्रयास करता था।

'रंगमंच की जड़ों' के आंदोलन के अग्रणी व्यक्तित्व के रूप में, बी.वी. कारंत और के.एन. पाणिकर जैसे दिग्गजों के साथ, उन्होंने मणिपुर की परंपराओं—इसके नृत्य, संगीत और कथावाचन—को पुनर्जन्म देकर ऐसी कथाएँ बुनीं, जो सत्ता संरचनाओं और सामाजिक मानदंडों को चुनौती देती थीं। जीन एनौइल के एंटिगोने का उनका रूपांतरण लेंगशोन्नेई मणिपुर की राजनैतिक विफलताओं की आलोचना करता था, जबकि 2014 का मैकबेथ, मैतेई संदर्भ में, मानव महत्वाकांक्षा और त्रासदी की शाश्वतता को उजागर करता था।

रतन थियम का कार्य वैश्विक प्रभावों का एक ताना-बाना था, फिर भी यह मणिपुर की मिट्टी में गहरे जड़ा हुआ था। समीक्षकों ने उन्हें ग्रोटोव्स्की के साथ रखा, जिनके न्यूनतम, रस्मी रंगमंच ने आध्यात्मिक उत्कर्ष की खोज की, और ब्रूक के साथ, जिनके अंतरसांस्कृतिक प्रयोगों ने आधुनिक प्रदर्शन को पुनर्परिभाषित किया। ग्रोटोव्स्की की तरह, थियम ने रंगमंच को इसकी भावनात्मक और आध्यात्मिक गहराई तक खंगाला, अनुशासित कोरियोग्राफी और मंत्रमुग्ध करने वाले सामूहिक संगीत का उपयोग कर प्राचीन सत्य को उजागर किया। ब्रूक की तरह, उन्होंने नाट्य शास्त्र, नोह, काबुकी और ग्रीक नाटकों से प्रेरणा लेकर एक ऐसी रंगमंचीय भाषा रची, जो ओस्लो के इब्सन उत्सव से लेकर सियोल के थिएटर ओलंपियाड तक विश्व भर के दर्शकों से संवाद करती थी। उनकी व्हेन वी डेड अवेकन (2010), इब्सन की मणिपुरी व्याख्या, ने अपनी अतियथार्थवादी सौंदर्यता और सामूहिक संगीत की तीव्रता से नॉर्वे के दर्शकों को स्तब्ध कर दिया, यह सिद्ध करते हुए कि थियम की दृष्टि किसी भी सांस्कृतिक संदर्भ में गूंज सकती थी।



थियम की स्थानीय और सार्वभौमिक को मिश्रित करने की क्षमता जापान के तदाशी सुजुकी के कार्य के समान थी, जिनके सुजुकी मेथड ने शारीरिकता और सांस्कृतिक स्मृति पर जोर दिया, ठीक वैसे ही जैसे थियाम ने थांग-टा और मैतेई रीति-रिवाजों का उपयोग किया। उनकी दृश्यात्मक रूप से भव्य प्रस्तुतियाँ, जिन्हें 'काव्यात्मक और अतियथार्थवादी' कहा गया, एरियान म्नुश्किन के थिएट्रे डु सोलेइल की ओपेरा-जैसी भव्यता को प्रतिबिंबित करती थीं, जहाँ मिथक और इतिहास जीवंत दृश्यों में टकराते थे।

फिर भी, थियम अनूठे रहे—मणिपुर के एक सपूत, जिन्होंने इसकी कहानियों, संघर्षों और संनादित सौंदर्य को विश्व मंच तक पहुँचाया। जैसा कि उन्होंने कहा था, 'मणिपुर अपनी संनादित संस्कृति के कारण सुंदर हैज् यह दृष्टिकोण हमें अपने पूर्वजों से विरासत में मिला है और यही वह है जिसने हमारी कलाओं को महान बनाया।'

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर, द ऑक्सफोर्ड कम्पैनियन टू थिएटर एंड परफॉर्मेंस ने उन्हें 'भारत के सबसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त निर्देशक' के रूप में सराहा, जो 'वैश्विक संस्कृति को प्रतिबिंबित करने वाली दृश्यात्मक रूप से भव्य प्रस्तुतियों' के लिए प्रसिद्ध थे। उनका अंतिम नाटक, लैरेंबीगी ईशेई, जो 17 फरवरी, 2025 को दिल्ली में प्रस्तुत हुआ, पर्यावरणीय सर्वनाश पर एक मार्मिक चिंतन था, जो मानवता के भविष्य के प्रति उनकी आजीवन चिंता का एक उपयुक्त समापन था।

रतन थियम का निधन एक शून्य छोड़ गया है, किंतु उनकी विरासत को मलिन नहीं होने देना चाहिए। इम्फाल में उनका कोरस रिपर्टरी थिएटर, एक सांस्कृतिक दीपस्तंभ, को उनके कार्य का जीवंत संग्रहालय बनाकर समर्थन देना चाहिए, जो भविष्य के कलाकारों को उनके अंतर्विषयी दृष्टिकोण में प्रशिक्षित करे। जैसा कि थियम ने जनवरी 2025 में निंगथम खुमहेई शुमंग लीला उत्सव में वकालत की थी, मणिपुर में एक विश्वस्तरीय सांस्कृतिक परिसर की स्थापना राज्य की कलात्मक विरासत को पोषित करने के लिए आवश्यक है।

उनके स्क्रिप्ट्स, रिकॉर्डिंग्स और प्रस्तुति नोट्स को डिजिटाइज कर विश्व भर के विद्वानों और अभ्यासियों के लिए सुलभ करना चाहिए, ताकि चक्रव्यूह और उत्तर प्रियदर्शी जैसे कार्य प्रेरणा देते रहें। शैक्षिक संस्थानों, विशेष रूप से एनएसडी, जहाँ थियम ने निदेशक (1987-88) और अध्यक्ष (2013-17) के रूप में सेवा दी, को उनकी पद्धतियों को पाठ्यक्रम में समाहित करना चाहिए, जो पारंपरिक और समकालीन रूपों के संनादन पर बल देता हो।

भारत रंग महोत्सव जैसे उत्सवों, जहाँ थियम के नाटकों को सराहा गया, को उनके कार्यों के लिए रेट्रोस्पेक्टिव समर्पित करने चाहिए, जो स्थानीय और वैश्विक दर्शकों से संवाद करने की उनकी क्षमता को प्रदर्शित करें। इसके अतिरिक्त, उनकी एकता की पुकार— 'विविध सांस्कृतिक अभिव्यक्तियों में एकता का सार ही एकता ला सकता है'—को मणिपुर के जातीय विभाजनों को कला के माध्यम से जोड़ने के प्रयासों का मार्गदर्शन करना चाहिए।

रतन थियम केवल रंगमंच निर्माता नहीं थे; वे एक दार्शनिक, विद्रोही, स्वप्नदृष्टा थे, जिन्होंने रंगमंच को सामाजिक परिवर्तन और आध्यात्मिक जागरण का माध्यम माना। उनका मंच एक पवित्र स्थान था, जहाँ मणिपुर की कहानियाँ—उसका दर्द, उसका सौंदर्य, उसका संनादन—एक ऐसी आवाज बनकर उभरी, जो महाद्वीपों को पार कर गूँजी। जैसा कि उन्होंने एक बार विलाप किया था, 'डिजिटल युग ने सुनिश्चित किया है कि अतीत मायने नहीं रखता,' फिर भी उनका कार्य सांस्कृतिक स्मृति की स्थायी शक्ति का एक विद्रोही प्रमाण है।

थियम को खोना एक मार्गदर्शक तारे को खोने जैसा है, किंतु उनकी रोशनी हर उस कलाकार में चमकती रहेगी जिसे उन्होंने प्रेरित किया, हर उस दर्शक में जिसे उन्होंने प्रभावित किया, और हर उस मंच पर जो उनके जितना साहसपूर्वक स्वप्न देखने का साहस करेगा।

हास्य-व्यंग्य

## बाबा शरणम् गच्छामि

■ सुरेश सौरभ

शभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में नए मापदंड स्थापित रहे हैं, नया इतिहास बना रहे हैं और देश पवित्रता-शुद्धता के लिए गंगाजल से चलकर गोमूत्र तक होते हुए, अब इंसानी मूत्र तक की यात्रा में कायदे से लगा हुआ है। अमृत काल का युग है, कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा हो रही है और बेरोजगार जब रोजगार के लिए अपनी आवाज बुलंद करते हैं तो उन पर लाठियां भांजी जा रहीं हैं। भाई साहेब, अपनी पुलिस इको फ्रेंडली हो चुकी है, हर जगह, हर तरीके से अपना फर्ज अदा कर रही है। अपना राष्ट्र धर्म निभाते हुए कहीं कांवड़ियो के पैर दबा रही है, कहीं चोटिल कांवड़ियों की मरहम-पट्टी कर रही है, कहीं थके-हारे कांवड़ियों के आगे पंखा झलते हुए उन्हें सुकून और शांति प्रदान कर रही है। दूसरी ओर खाद के लिए संघर्ष कर रहे अन्नदाता किसानों पर लाठियां भांजते हुए हमारी पुलिस अपना मौलिक कर्तव्य बड़ी दूरदर्शिता के साथ निभा रही है।

देश को विश्व गुरु बनाने वाले, वोटर लिस्ट में सांप-सीढ़ी का खेला करने वाले, नोटबंदी करके विदेश से काला धन वापस लाने वाले, कपड़े देखकर पहचान करने वाले, आजकल पटना को पुणे, मोतिहारी को मुंबई और गया जी को गुरुग्राम बनाने < की मैराथन दौड़ लगा रहे हैं।

कहा जा रहा है कि लातों के भूत बातों से नहीं मानते। पर यह कौन से भूत पैदा हो गये जो आजकल कहीं सीमा के जवान को धुनते हैं, कहीं खाना खाकर, उसमें अंडे की करी का झूठा आरोप लगाकर होटल वाले को धुनते हैं, कहीं किसी गरीब की दुकान तोड़ते-फोड़ते हैं। कहीं स्कूटी लेकर जा रही किसी युवती को प्रताड़ित करते हैं। इन उपद्रवी आतंकी भूतों का कौन इलाज करेगा। कौन बाबा इनकी पर्ची निकाल कर इन्हें शान्त करेगा।

कांवड़ियों के रास्तों पर मांस मछली की दुकानों पर कड़ी पाबंदी है, मगर दारु गांजा भांग की दुकानों पर ऊपर वालो का रहमो करम है। शंकराचार्य का उवाच-भगवान की कथा उवाचने का सिर्फ ब्राह्मण देवताओं का सनातन एकाधिकार है, अगर दूसरा गैर ब्राह्मण कथा उवचेगा तो यह अपराध है, उसे पाप लगेगा?। पर कांवड़ सभी ले जा सकते हैं, मंदिर में घंटा-घड़ियाल, नगाड़ा, चिमटा सभी बजा सकते हैं। रथ यात्रा में भीड़ का हिस्सा बन कर, रथ सभी अपने कंधों पर उठा सकते हैं।(देश को विश्व गुरु बनाने वाले, वोटर लिस्ट में सांप-सीढ़ी का खेला करने वाले, नोटबंदी करके विदेश से काला धन वापस लाने वाले, कपड़े देखकर पहचान करने वाले, आजकल पटना को पुणे, मोतिहारी को मुंबई और गया जी को गुरुग्राम बनाने की मैराथन दौड़ लगा रहे हैं। सरकारी स्कूल बंद हो रहे हैं और कदम-कदम पर शराब के ठेके निरंतर खुल रहे हैं, किसी ने चलाया, स्कूल चलो अभियान, किसी ने चलाया, स्कूल बंद करो अभियान। बाबा पहले उसे कहते थे जो बूढ़ा हो जाता था। जिसके दाढ़ी-बाल पक जाते थे, अब बाबा कोई भी, किसी भी उम्र का बन कर मालामाल हो सकता है। बस उसको बाबा वाली सही ड्रेस पहननी आती हो। थोड़ी-मोड़ी, धूर्तता, मक्कारी आती हो। शासन सत्ता से घनी यारी करनी आती हो। सोशल मीडिया में रोज-रोज उलटबांसी करनी आती हो। आजकल बाबाओं का बोलबाला है। सबका भला कर बाबा ही रहे हैं, इसलिए बाबा शरणम गच्छामि।


## इतिहास पर जमी धूल को साफ करती पुस्तक

■ कश्मीर सिंह उप्पल

प्रो. राम पुनियानी हमारे देश को देश की भाषा में संबोधित करने वाले अत्यंत लोकप्रिय विचारक एवं लेखक हैं। भारत के मीडिया के लगभग सभी क्षेत्रों में वे देश की बात करते और लिखते हुए मिल-दिख जाते हैं। दैनिक अखबारों में उनके लेख पाठकों का ध्यान आकर्षित करने में सफल होते हैं। देश के कोने-कोने में जाकर वर्तमान जटिल प्रश्नों से मुठभेड़ करने वाले प्रो. पुनियानी, इलेक्ट्रानिक मीडिया पर भी अनसुलझे विषयों पर अत्यंत शांत भाव से रौशनी डालते दिखते रहते हैं।

राम पुनियानी की बातचीत और लेखन की विशेषता यह है कि वे अपने सही तर्कों और ऐतिहासिक संदर्भों को किस तरह सामने रखते हैं कि उनका वर्तमान अपने आप स्पष्ट होकर सामने आ जाता है। यह कहा जाता है कि वह इतिहास के अंधेरे कोनों को अपने ज्ञान की रौशनी से भर देते है। उनके तर्क इतने मजबूत होते है कि उनके लिखे-बोले पर झंझावात कम ही खड़े होते हैं।

यह दूसरी बात है कि उनकी तर्कशीलता पर अधिकांश वाद-विवाद प्रायोजित ही होते हैं। वर्तमान समय में लिखे-बोले पर इतना वितंडा खड़ा होता है कि बोले गये शब्द अपनी गवाही देने के लिए उपस्थित नहीं हो पाते हैं। ऐसे समय में 10 से अधिक पुस्तकों के लेखक इंदिरा गांधी राष्ट्रीय एकता अवार्ड (2006) और राष्ट्रीय एकता अवार्ड (2007) के सम्मान प्राप्त करने वाले राम पुनियानी की यह नई पुस्तक 'खतरे में धर्म निरपेक्षता' (2020-25) एक आश्वासन की तरह हमारे सामने उपस्थित हुई है। इसे पढ़कर लगता है कि मानो हम किसी भूल-भूलियां वाले रास्ते से पुन= अपने गंतव्य-मार्ग पर आ खड़े हुए है।



पुस्तक : खतरे में धर्म निरपेक्षता
लेखक : राम पुनियानी
प्रकाशक : सेतु प्रकाशन 2025
मूल्य : 450/- पेपरबैक
पृष्ठ : 357

इस पुस्तक के शीर्षक से भी कहीं अधिक विस्तारित है इस पुस्तक की विषय वस्तु। यह पुस्तक इतिहास, धर्म, राजनीति, साहित्य, पत्रकारिता, फिल्म, शिक्षा व्यवस्था और चुनाव आदि जैसे सरल लगने वाले विषयों पर गंभीर टिप्पणियां करती है। इन टिप्पणियों के प्रकाश में हमें दिखाई देता है कि देश की वर्तमान समस्याओं और संकटों के सही-सही कारण कहां छुपे हुए है?

प्रो. पुनियानी एक लेख में बताते है कि अमेरिकी मीडिया ने ही 'इस्लामिक आतंकवाद' शब्द गढ़ा था और पूरी दुनिया में इस्लाम के प्रति डर और शत्रुता का भाव अपने माध्यमों के माध्यम से उत्पन्न किया था। राम पुनियानी बताते है कि पश्चिम एशिया में कच्चे तेल के संसाधनों पर कब्जा करने के लिए अमेरिका ने यहां के कट्टरवादी समूहों और संगठनों को बढ़ावा देना शुरू किया था। इसके साथ ही अमेरिका ने अफगानिस्तान में रूस का मुकाबला करने के लिए इस क्षेत्र में आपसी मैत्री भाव को समाप्त कर दिया।

अमेरिका ने पाकिस्तान में स्थापित मदरसों के जरिए मुस्लिम युवकों के दिमाग में ज़हर भरना शुरू किया था, इसके लिये उसने इस क्षेत्र में 800 करोड़ डॉलर नगद और 7 हज़ार टन आधुनिक हथियारों की सहायता पहुंचाई थी। अमेरिका द्वारा खड़ा किया गया तालिबान और अनेक संगठन पूरी दुनिया में अपनी हिंसक कार्यवाहियों के लिए जाने जाते हैं।

हम राम पुनियानी की इस बात को आगे बढ़ाते हुए समझ पाते हैं कि वर्तमान ईरान-इज़राइल युद्ध के समय अमेरिका ने पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर को क्यों व्हाइट हाउस आमंत्रित किया था। ऐसा क्या है कि किसी राष्ट्रपति को पाकिस्तान के सेना प्रमुख की मेजबानी करनी पड़ी। इसी तरह के अन्य संदर्भ भी इतिहास पर जमीं धूल को साफ करते चलते है। चाहे वह देश की आंतरिक राजनीति और सांस्कृतिक क्रांति का ही मामला क्यों न हो?

इस पुस्तक में भारत की अवधारणा, कलबुर्गी की हत्या, गौरी लंकेश की हत्या, बढ़ती असहिष्णुता, धर्म-परिवर्तन एक राजनीतिक हथियार, घृणाजनित हत्याएं, लोकसत्ता पर हमला, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, नेहरू, जिन्ना, टीपू सुल्तान आदि विषयों पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत की एक मजबूत छवि हमारे सामने रखते हैं।

इस पुस्तक का संपादन, विचारक, लेखक और साहित्य समीक्षक प्रो.रविकांत ने किया है। रविकांत के संपादन और पुस्तक की उनकी भूमिका से यह पुस्तक देश के सामने खड़ी हुई अनेक चुनौतियों को समझने का एक महत्वपूर्ण संदर्भ ग्रंथ ही बन जाती है।

## ग़ज़लें

■ इरफान सिद्दीकी

चराग़ देने लगेगा धुआँ न छू लेना
तू मेरा जिस्म कहीं मेरी जाँ न छू लेना

ज़मीं छुटी तो भटक जाओगे ख़लाओं में
तुम उड़ते उड़ते कहीं आसमाँ न छू लेना

नहीं तो बर्फ़ सा पानी तुम्हें जला देगा
गिलास लेते हुए उँगलियाँ न छू लेना

हमारे लहजे की शाइस्तगी के धोके में
हमारी बातों की गहराइयाँ न छू लेना

उड़े तो फिर न मिलेंगे रफ़ाक़तों के परिंदे
शिकायतों से भरी टहनियाँ न छू लेना

मुरव्वतों को मोहब्बत न जानना %इरफ़ान%
तुम अपने सीने से नोक-ए-सिनाँ न छू लेना
---
शोला-ए-इश्क़ बुझाना भी नहीं चाहता है
वो मगर ख़ुद को जलाना भी नहीं चाहता है

उस को मंज़ूर नहीं है मिरी गुमराही भी
और मुझे राह पे लाना भी नहीं चाहता है

जब से जाना है कि मैं जान समझता हूँ उसे
वो हिरन छोड़ के जाना भी नहीं चाहता है

सैर भी जिस्म के सहरा की ख़ुश आती है मगर
देर तक ख़ाक उड़ाना भी नहीं चाहता है

कैसे उस शख़्स से ताबीर पे इसरार करें
जो हमें ख़्वाब दिखाना भी नहीं चाहता है

अपने किस काम में लाएगा बताता भी नहीं
हम को औरों पे गँवाना भी नहीं चाहता है

मेरे लफ़्ज़ों में भी छुपता नहीं पैकर उस का
दिल मगर नाम बताना भी नहीं चाहता है

# बिलासपुर एयरपोर्ट रनवे की अगर जल्दी पुनः कारपेटिंग नहीं की गई तो फ्लाइट उतरना बंद हो जाएगी

### रनवे के दोनों तरफ पक्की नाली का निर्माण जरूरी

### बाउंड्री वॉल और रनवे के घेरे की सड़क पक्की होने का काम भी लंबित

**बिलासपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने शुक्रवार के दिन दिल्ली से आने वाली फ्लाइट के बिलासपुर एयरपोर्ट रनवे में पानी भरा होने के कारण रायपुर डाइवर्ट हो जाने की घटना को गंभीरता से लिया है।

इस संबंध में जानकारी हासिल करने के बाद यह पता चला है कि रनवे से पानी न निकलने का एक बड़ा कारण नालियों का पक्का ना होना है अधिक बारिश से कच्ची नाली में मिट्टी आ जाने से वह जाम हो गई और हरेली त्यौहार के दिन मजदूर ना मिलने के कारण समय पर रनवे का पानी निकला ना जा सका और बिलासपुर में फ्लाइट उतारने के बजाय रायपुर चली गई और वहीं से खाली फ्लाइट दिल्ली वापस गई। 40 से अधिक यात्रियों को इसके



कारण अपनी यात्रा शुक्रवार को स्थगित करनी पड़ी वही दिल्ली से बिलासपुर आ रहे यात्री बिना कारण रायपुर में उतार दिए जाने के वजह से अपने खर्चे से बिलासपुर पहुंचे और उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि अत्यधिक बारिश इस साल होने के कारण एयरपोर्ट के रनवे का ऊपरी परत भी उधड़ रही है। एलाइंस एयर के पायलट भी गत मार्च के महीने में रनवे पर पुनः डामरीकरण कारपेटिंग करने की मांग कर चुके हैं। परंतु यह पूरा काम लंबित है इसी तरह बाउंड्री वॉल और रनवे के घेरे वाली सड़क जिसमें घूम घूम कर मरम्मत आदि का कार्य देखा जाता है वह भी अभी तक कच्ची है और उसे डामरीकृत सड़क नहीं बनाया गया है। कुल मिलाकर देखा जाए तो राज्य सरकार का पूरा ध्यान एयरपोर्ट की तरफ नहीं है। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने कहा कि यह अत्यंत खेद का विषय है कि माननीय उच्च न्यायालय के द्वारा लगातार कड़े शब्दों में आगाह करने के बाद भी अधिकारियों का ध्यान बिलासपुर एयरपोर्ट में सुविधाओं के विस्तार और सुरक्षा संबंधी आवश्यक कार्य करने की तरफ नहीं है। क्योंकि बिलासपुर एयरपोर्ट एक जन भावना और जन आंदोलन का मुद्दा बन चुका है इसलिए यह उपेक्षा आम जनता की भावनाओं के साथ एक खुला खिलवाड़ भी है। समिति ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय के इतने कड़े शब्दों के बाद भी अगर यह मसला हल नहीं किया जा रहा है और आवश्यक राशि उपलब्ध कराकर काम नहीं किया जा रहे हैं तो यह सरकार की पूरी असफलता दर्शाता है।

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा ।आज रवि बनर्जी ,मनोज श्रीवास ,दीपक कश्यप, अशोक भंडारी, मनोज तिवारी , देवेंद्र सिंह ,बद्री यादव, समीर अहमद बबला ,चित्रकांत श्रीवास ,अनिल गुलहरे ,केशव गोरख ,आशुतोष शर्मा, जसवीर सिंह चावला ,संतोष पीपलवा, पवन पांडे, मोहसिन अली ,अकील अली आदि शामिल थे।

# कांवड़ यात्रा पर निकली पंडरिया विधायक भावना, विधायक सुशांत हुए शामिल



**बिलासपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। अमरकंटक से जल भर कर भोरमदेव महादेव का रुद्राभिषेक करने के ध्येय से अपने साथियों के साथ कांवड़ यात्रा पर निकली पंडरिया विधायक भावना बोहरा के पदयात्रा में बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला शामिल हुए ।उन्होंने उनके साथ पांडातराई से भुवनपुर तक पंद्रह किलो मीटर की पद यात्रा की ।उन्होंने विधानसभा में अपने सहयोगी साथी विधायक भावना वोहरा और पंडरिया क्षेत्र से बड़ी संख्या में यात्रा कर रहे कांवरियों के श्रद्धा को नमन करने की दृष्टि से कांवर यात्रा में भाग लिया

विगत तीन दिनों से पंडरिया विधायक भावना वोहरा अपने विधानसभा क्षेत्र कुछ श्रद्धालुओं के साथ कांवड़ यात्रा पर निकली हुई है इस दौरान वे कांवड़ में मां नर्मदा का जल लिए हुए खाली पैर कवर्धा भोरमदेव मंदिर तक 151 किलोमीटर की यात्रा पूरी करेंगी भगवान शिव पर श्रद्धा और समर्पण की इस भाव यात्रा से अभिभूत विधायक सुशांत शुक्ला ने कांवड़ यात्रा में भाग लेकर छत्तीसगढ़ की उन्नति और समृद्धि की कामना की।

# डीआईजीपी पारूल माथुर एवं एसपी जांजगीर विजय पाण्डेय को अवमानना नोटिस

**बिलासपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। वार्ड नं. 16, पामगढ़ निवासी विक्की भारती के पक्ष में उच्च न्यायालय, द्वारा यह आदेश पारित किया गया कि याचिकाकर्ता के पिता मृत्यु से पूर्व अनिवार्य सेवानिवृत्त थे परन्तु उनकी मृत्यु के पश्चात् सचिव, गृह विभाग द्वारा याचिकाकर्ता के पिता का3 अनिवार्य सेवानिवृत्ति आदेश निरस्त कर दिया गया था अत: याचिकाकर्ता अनुकम्पा नियुक्ति का पात्र है। रिट याचिका में याचिकाकर्ता के पक्ष में आदेश पारित होने के पश्चात् भी हाईकोर्ट द्वारा निर्धारित 90 (नब्बे) दिवस की समयावधि बीत जाने के पश्चात् भी याचिकाकर्ता विक्की भारती को पुलिस विभाग में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान ना किये जाने से क्षुब्ध होकर याचिकाकर्ता द्वारा हाईकोर्ट अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं प्रिया अग्रवाल के माध्यम से हाईकोर्ट के समक्ष अवमानना याचिका दायर की गई।

अधिवक्ता अभिषेक पाण्डेय एवं प्रिया अग्रवाल द्वारा हाईकोर्ट के समक्ष यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट, द्वारा कोई आदेश पारित किये जाने पर छत्तीसगढ़ राज्य के वरिष्ठ पुलिस (आईपीएस) अधिकारियों द्वारा हाईकोर्ट के किसी भी आदेश का पालन समयवधि के भीतर ना कर लगातार हाईकोर्ट के आदेशों की अवमानना की जा रही है। जिससे हाईकोर्ट में अवमानना याचिकाओं की संख्या एवं पेन्डेन्सी लगातार बढ़ती जा रही है, माह जुलाई 2025 तक हाईकोर्ट, बिलासपुर में 1,149 अवमानना याचिकाएँ दायर हो चुकी हैं जिनकी सुनवाई से हाईकोर्ट का अत्यन्त कीमती एवं महत्वपूर्ण समय व्यर्थ होता है।

अधिवक्तागण द्वारा यह तर्क प्रस्तुत किया गया कि न्यायालय अवमान अधिनियम की धारा 12 में हाईकोर्ट के आदेश की अवमानना पर 06 (छ:) माह का कारावास एवं रू. 2,000 (दो हजार रूपये) का जुर्माना या दोनों सजाओं का प्रावधान किया गया है, उक्त अवमानना याचिका में अवमाननाकर्ता डीआईजीपी, प्रशासन पारूल माथुर एवं एसपी, जांजगीर, विजय पाण्डेय के विरूद्ध धारा 12 के तहत् कठोर दण्डादेश दिये जाने की मांग की गई। उच्च न्यायालय, द्वारा उक्त अवमानना याचिका को अत्यन्त गंभीरता से लेते हुए अवमाननाकर्ताओं को नोटिस जारी कर तत्काल जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है।

# दो सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पदोन्नति एवं पुनर्निरीक्षित पेंशन लाभ देने का निर्देश

सरकारी कर्मचारियों के अधिकारों की रक्षा करते हुए, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में राज्य सरकार को निर्देशित किया है कि वह सेवानिवृत्त उप-वनक्षेत्रपालों मंगलू राम बघेल और सीताराम को नोशनल पदोन्नति प्रदान करे तथा उनके पेंशन लाभों का पुनः निर्धारण करे। दोनों अधिकारियों को विभागीय पदोन्नति समितियों द्वारा पात्र पाए जाने के बावजूद वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत नहीं किया गया था।



ये याचिकाएँ, मंगलू राम बघेल और सीताराम द्वारा अधिवक्ता जितेन्द्र पाली, अनिकेत वर्मा एवं विवेक श्रीवास्तव के माध्यम से उच्च न्यायालय में दायर की गई थीं, जिन्हें एक साथ निराकृत किया गया।

दोनों याचिकाकर्ता वन विभाग में दीर्घकालिक सेवा करने वाले कर्मचारी हैं, जिन्होंने विभाग में सेवा की शुरुआत 1970 के दशक के अंत और 1980 के दशक की शुरुआत में कप गार्ड के रूप में की थी। तत्पश्चात, वर्ष 2008-2009 में इन्हें फॉरेस्टर पद पर और फिर वर्ष 2014 में उप-वनक्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नत किया गया।

दोनों अधिकारी वन क्षेत्रपाल के पद के लिए पात्र हो गए थे और इस संदर्भ में 2 जनवरी 2020 को विभागीय पदोन्नति समिति की बैठकें हुईं। जिसमें दोनों अधिकारियों को विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा पात्र पाकर पदोन्नति हेतु अनूशंसित किया। यह उल्लेखनीय है कि राज्य शासन के द्वारा 16 फरवरी 2015 को ही परिपत्र जारी कर यह निर्देशित किया गया था कि विभागीय पदोन्नति समिति के अनुशंसा के 20 कार्य दिवसों के भीतर पदोन्नति आदेश करना आवश्यक है। इसके पश्चात भी संबंधित अधिकारियों द्वारा पदोन्नति आदेश जारी नही किया गया।

जिससे क्षुब्ध होकर सीताराम ने उच्च न्यायालय में याचिका प्रस्तुत कर प्रार्थना की कि उन्हे सेवानिवृत्ति के पूर्व उनका पदोन्नति आदेश जारी किया जाए। इसी बीच में राज्य 02 जनवरी 2020 की विभागीय पदोन्नति समिति की बैठक का पुर्नविलोकन किया गया, जिसमें दोनों अधिकारियों को विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा पुनः पात्र पाया जाकर वन क्षेत्रपाल के पद पर 02 जनवरी 2020 की स्थिति में पदोन्नति हेतु अनुशंसा की। इसके पश्चात भी विभाग द्वारा उक्त अधिकारियों को पदोन्नति प्रदान नही किया गया। जिसके कारण उन्होंने न्यायिक उपचार हेतु उच्च न्यायालय की शरण ली।

न्यायालय ने यह स्पष्ट किया कि 16 फरवरी 2015 को राज्य शासन के मुख्य सचिव द्वारा जारी परिपत्र के अनुसार, विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा के 20 कार्य दिवसों के भीतर पदोन्नति आदेश जारी किया जाना अनिवार्य है। किन्तु संबंधित अधिकारियों द्वारा इस नियम का कोई उचित कारण बताए बिना उल्लंघन किया गया।

न्यायालय ने यह मानते हुए कि पदोन्नति से वंचित करना अन्यायपूर्ण था और इससे पेंशन लाभों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। न्यायालय ने दोनों याचिकाओं को स्वीकार करते हुए राज्य सरकार को निर्देशित किया कि दोनों याचिकाकर्ताओं को उप-वनक्षेत्रपाल से वन क्षेत्रपाल के पद पर काल्पनिक प्रोन्नति प्रदान की जाए तथा उक्त प्रोन्नति के आधार पर वेतन तथा पेंशन लाभों का पुनर्निर्धारण किया जाए।

# दुर्लभ मिसेंट्रिक सिस्ट का सफल दूरबीन ऑपरेशन, सिम्स की उपलब्धियो में इजाफा

**बिलासपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) को लगातार उपलब्धि हासिल हो रही है ।सिम्स के सर्जरी विभाग ने आधुनिक लैप्रोस्कोपिक तकनीक से एक दुर्लभ बीमारी मिसेंट्रिक सिस्ट का सफल ऑपरेशन कर चिकित्सा क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इस सर्जरी के लिए निजी अस्पतालों में 1 लाख तक का खर्च आना बताया गया था लेकिन सिम्स के सर्जरी विभाग के डाक्टरों ने यह जटिल ऑपरेशन नि:शुल्क आयुष्मान योजना के तहत कर आमजन को बड़ी राहत दी है।



पीड़ित मरीज 3 महीने से पेट दर्द से जूझ रहा था ।सिम्स में उपचार के लिए भर्ती कराए गए उक्त मरीज का 10 मिमी और दो 5 मिमी के चीरों से पूरी सर्जरी कंप्लीट की गई और मरीज दो दिन में ही स्वस्थ हो गया। चकरभाठा निवासी यह मरीज बीते तीन माह से लगातार पेट दर्द और असहजता की शिकायत से परेशान था। उसने शहर के कई प्राइवेट अस्पतालों में जांच कराई, लेकिन वहां सर्जरी की अनुमानित लागत 90 हजार से एक लाख तक बताई गई। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण वह सिम्स के सर्जरी विभाग पहुंचा, जहाँ उसे डॉ. रघुराज सिंह और डॉ. बी.डी. तिवारी ने देखा। जांच में सामने आया कि उसके पेट में 6M5 सेंटीमीटर का मिसेंट्रिक सिस्ट मौजूद है, जो पेट दर्द का मुख्य कारण था।

10 मिमी और दो 5 मिमी के चीरों से पूरी हुई सर्जरी, मरीज दो दिन में स्वस्थ हो गया। डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने बिना किसी बड़े चीरे के दूरबीन पद्धति (लैप्रोस्कोपी) से ऑपरेशन किया। मरीज के पेट में केवल एक 10 मिमी और दो 5 मिमी छोटे छिद्र कर यह सिस्ट सफलतापूर्वक निकाल दिया गया। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति सामान्य रही और उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी भी दे दी गई।

इस ऑपरेशन में सर्जरी विभाग के डॉ. रघुराज सिंह, डॉ. बी.डी. तिवारी, डॉ. ओ.पी. राज, डॉ. जागृति, डॉ. अमन व एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. मधुमिता मूर्ति, डॉ. भावना रायजादा व डॉ. मिल्टन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

सिम्स अस्पताल के डीन डॉ. रमणेश मूर्ति व चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान उच्च तकनीक से आम नागरिकों को विश्वसनीय और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं देने को प्रतिबद्ध है।

### कैसे जानें मिसेंट्रिक सिस्ट को ?

मिसेंट्रिक सिस्ट पेट की आंतों के पास मेसेंटरी (आंत्र झिल्ली) में बनने वाला एक द्रवयुक्त थैला होता है, जो बहुत कम मामलों में पाया जाता है। यह जन्मजात भी हो सकता है और बढ़ते-बढ़ते असहजता या दर्द का कारण बनता है। यह सिस्ट यदि समय पर न निकाला जाए तो यह आंतों को दबा सकता है, जिससे आंत्र रुकावट, संक्रमण या पेट में गांठ जैसी गंभीर स्थितियाँ बन सकती हैं। इसकी लक्षण की बात करें तो पेट दर्द या भारीपन, उल्टी या जी मिचलाना,आंत्र गतिशीलता में बाधा,गांठ का अनुभव (कुछ मामलों में)। निजी अस्पतालों में इलाज खर्च 80 हजार से डेढ़ लाख रुपए तक (स्थान, सर्जन व सुविधा पर निर्भर) ।इस बीमारी का इलाज सिम्स बिलासपुर, एम्स रायपुर, मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर/जगदलपुर में होता है वह भी आयुष्मान योजना में सुविधा के साथ ।सिम्स जैसे संस्थानों में आयुष्मान कार्ड के तहत यह सर्जरी पूरी तरह नि: शुल्क की जाती है।

सिम्स में इस तरह की दुर्लभ सर्जरी का सफलतापूर्वक निष्पादन यह स्पष्ट है ,, कि छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में भी अब उच्च गुणवत्ता की स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को बिना आर्थिक बोझ के मिल सकती हैं। यह उदाहरण साबित करता है कि अगर मरीजों को सही समय पर सरकारी संसाधनों का मार्गदर्शन मिले, तो बड़ी से बड़ी बीमारी से ग्रसित लोगों को राहत मिल सकती है।

# कलेक्टर ने आयुष्मान, वय वंदन, एएनसी एवं सिकल सेल जांच पर दिया जोर

### जिलाधीश ने की स्वास्थ्य विभाग के कामकाज की समीक्षा

**बिलासपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आज बिल्हा ब्लॉक में संचालित स्वास्थ्य योजनाओं की गहन समीक्षा प्रार्थना सभा भवन में की। बैठक में आयुष्मान भारत योजना, वय वंदन योजना, गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच एवं सिकल सेल रोग की स्क्रीनिंग और उपचार संबंधी गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जन स्वास्थ्य से जुड़ी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को समयबद्ध और पारदर्शी रूप से पहुंचाया जाए। बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, सीईओ जिला पंचायत संदीप अग्रवाल, एसडीएम बजरंग वर्मा, सीएमएचओ डॉ. श्रीमती शुभा गढ़ेवाल, डीपीएम पीयूली मजूमदार, डाक्टर गायत्री बांधी सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और मैदानी अमले के लोग मौजूद थे।



### कार्य में प्रगति लाए स्वास्थ्य कर्मी

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत बचे हुए हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड जल्द बनाने के निर्देश दिए। बिल्हा में 3 लाख 57 हजार 31 आयुष्मान कार्ड बनना है जिसमें से 2 लाख 64 हजार 544 आयुष्मान कार्ड बन चुके है। 92 हजार 487 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनना शेष है। कलेक्टर ने इसमें प्रगति लाने कहा। उन्होंने कार्ययोजना बनाकर एक माह के भीतर बचे हुए हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश दिए।

### लोगों को जोड़ने से कार्य संभव

कलेक्टर ने कहा कि सामूहिक रूप से लोगों को जोड़ने से ही यह कार्य संभव होगा। उन्होंने वार्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर सक्रिय प्रचार-प्रसार और लाभार्थी जागरूकता अभियान चलाने कहा। हर पात्र व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुँचना चाहिए, यह प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में वरिष्ठ नागरिकों के लिए संचालित वय वंदन योजना की भी समीक्षा की, उन्होंने इसमें भी प्रगति लाने के निर्देश दिए।

### गर्भवती की नियमित जांच अनिवाय

कलेक्टर ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का समय पर पंजीकरण आवश्यक है। गर्भवती महिलाओं के लिए एएनसी जांच, टीकाकरण एवं पोषण सुविधा अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि कोई भी गर्भवती महिला जांच से वंचित न रहे।

# देश में समस्या आने पर लोग सेना के साथ खड़े हो जाते है -कलेक्टर

### सेना में जाने के लिए जज्बा पैदा होने के साथ ही आता है -कमांडर हरीश

**बिलासपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। सभी भूतपूर्व सैनिकों को आज कारगिल विजय दिवस के अवसर पर सुबह 11 बजे जिला सैनिक कल्याण सभागार में श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर, आयुक्त और रिटायर्ड कर्नल उपस्थित रहे।

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आज कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि के रूप में कलेक्टर संजय अग्रवाल, आयुक्त अमित कुमार, कर्नल श्री बिसेन, कर्नल श्री केशरवानी और मेडिकल ओआईसी एसके पांडेय उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों ने शहीदों को दीप जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि भारत में युद्ध के समय या देश में कोई भी समस्या आने पर भारत के लोग सेना के साथ खड़े हो जाते है, ये भारत के लोगों की खासियत है। इस अवसर पर कमांडर हरीश चन्द्र तिवारी जिला सैन्य अधिकारी (सचिव), कमांडर एसके पाण्डेय, कमांडर संदीप मुरारका, पूर्व सैनिक संघ के अध्यक्ष दत्तात्रेय यादव, कोषाध्यक्ष मोहनलाल जांगड़े, मणिशंकर, राजकुमार कौशले, जयराम सिंह, संतोष साहू, मोहनलाल यादव सहित सेना के अन्य जवान और उनके परिवार के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के सफल मंच संचालन और आभार प्रदर्शन कमांडर सचिव हरीश चन्द्र तिवारी ने किया।



### भारतीय सेना दुनिया की सर्व श्रेष्ठ सेना

इस अवसर पर अध्यक्ष कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि कारगिल विजय दिवस गर्व करने का दिन है। उनको झंडा ऊंचा कर नमन करने का दिन है। आज हमारे जवान देश भक्ति का जज्बा दिल में लिए आगे बढ़ रहे है, वे अपने परिवार की चिंता भी नहीं करते है। भारतीय सेना दुनिया की सभी सेनाओं में सर्व श्रेष्ठ सेना है। आज सेना में जाने के लिए लोग तत्पर रहते है। आज भारत के पास नए मशीन और टेक्नोलॉजी से लैस है, किसी भी युद्ध में भारत जीत हासिल कर सकता है।

### ऑपरेशन सिंदूर से जोर का झटका लगा

जिला सैन्य अधिकारी सचिव कमांडर हरीश चन्द्र तिवारी ने कहा कि कोई भी युद्ध को जितने के लिए साहस और धैर्य की जरूरत होती है, तभी जीत सुनिश्चित होती है। आज सेना में जाने के लिए जज्बा पैदा होने के साथ ही आता है। आज भारत की शांति भंग करने की कोशिश पाकिस्तान करता है। लेकिन इस बार आपरेशन सिंदूर ने जोर का झटका दे दिया है जिससे उन्होंने भारत सरकार के आगे घुटने टेक दिए और शांति वार्ता ली।

### ऊंची पहाड़ी चढ़कर कारगिल जीता -कर्नल बिसेन

सेना के रिटायर्ड कर्नल श्री बिसेन ने कहा कि हमने ऐसे दिन देखे है, जिसमें आज जिसमें साथ खाना खा रहे थे, कल उनको कंधा दे रहे होते थे। ऑपरेशन मेघदूत मेरे कार्यकाल में चलाया गया। कारगिल ऑपरेशन 3 मई से 26 मई 1999 तक चला। ऊंची पहाड़ियों में चढ़कर दुश्मनों को हराकर जीत हासिल किया कारगिल युद्ध में। पहली शहादत कैप्टन सैयदत की हुई थी। जोगेंदर यादव आज भी है जिन्होंने लड़ाई लड़ी और गोली लगने पर उफ्फ तक नहीं की और जीत हासिल की। इस युद्ध में 4 परमवीर चक्र और 12 वीर चक्र के साथ 14 अन्य चक्र सैनिकों को दिए गए।

### बाहु और बुद्धि का अनोखा संगम -श्री पाण्डेय

नेवी के कमांडर एसके पाण्डेय ने कहा कि युद्ध में बाहु बल और बुद्धि बल दोनो का अनोखा संगम देखने को मिलता है। सन 1965 और 1971 की लड़ाई में दुश्मन सामने से जीत नहीं सके तो पीठ पर गोली मारने लगे और रात में युद्ध करने लगे। 90 हजार लोगों ने भारतीय सेना के सामने घुटने टेक दिए थे। इस युद्ध को भी भारतीय सेना ने बाहु और बुद्धि के अनोखे संगम से जीता था।

### नालसा पर सैनिकों से राय सुमारी

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर आज 26 जुलाई से नालसा (नेशनल लीगल सर्विस अर्थॉरिटी) को लागू करने के लिए सभी सैनिकों से राय सुमारी ली गई। नालसा वीर परिवार सहायता योजना है, जो पुलिस या अन्य को भी सैनिक परिवारों को उनको द्वारा लीगल माध्यम से सहयोग दिया जा सकता है। इसमें ऑनलाइन के माध्यम से सभी सैनिकों से राय सुमारी ली गई है।

# डीपी विप्र महाविद्यालय में महिला स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**बिलासपुर,** 26 जुलाई (देशबन्धु)। डी. विप्र महाविद्यालय ऑटोनॉमस कॉलेज एवम् अपोलो हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वास्थ्य एवं कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. सोफिया सुल्ताना वरिष्ठ स्त्रीरोग विशेषज्ञ, अध्यक्षता राजकुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य प्रशासन समिति, अजय जाड़े, वरिष्ठ प्रबंधक अपोलो हॉस्पिटल, प्राचार्या डॉ. (श्रीमती) अंजू शुक्ला डी.पी. विप्र महाविद्यालय उपस्थित रहे।

**NECC**

| 27.07.2025 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 440 | 68 | 165 |
| चिल्हर | 6.00 | 90 | 190 |
| डिलीवरी | 455 सैकड़ा | | |

दर्जन अंडा 78 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

देशबन्धु
एजेंसी देना है
छत्तीसगढ़ प्रदेश की सर्वाधिक प्रसारित लोकप्रिय व विश्वसनीय अखबार दैनिक देशबन्धु को ब्यूरो प्रमुख हेतु अंबिकापुर में एजेंसी देना है। विज्ञापन, प्रसार व समाचार प्रेषण में रुचि रखने वाले व्यक्ति तत्काल संपर्क करें।
प्रबंधक
मो. 7000480650

प्रकाशक मुद्रक एवं सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। प्रेस पंजीयन- 52158/91 फोन- 07752 422771